

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 210 | रविवार, 13 सितम्बर 2026 | भाद्रपद माह, शुक्ल, द्वितीया, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया





## हाथ मिलाने के इशारे ने खींचा सबका ध्यान

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** परिवार की तस्वीर के लिए नेताओं के एक साथ खड़े होने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नेताओं को हाथ मिलाने का इशारा किया। इसके बाद यह पल कैमरों में कैद हो गया। इस दृश्य में मोदी, पुतिन और जिनपिंग समेत ब्रिक्स के दूसरे नेताओं की मौजूदगी दिखाई दी। तस्वीर में एक तरफ नेताओं की एकजुटता नजर आई, तो दूसरी तरफ उनके बीच सहजता भी दिखाई दी। यही वजह है कि यह सामान्य समूह तस्वीर से आगे बढ़कर एक ऐसा दृश्य बन गई, जिसमें ब्रिक्स के भीतर सामूहिक शक्ति और एक साथ आगे बढ़ने का संदेश दिखाई देता है। भारत के लिए भी यह तस्वीर महत्वपूर्ण है, क्योंकि शिखर सम्मेलन की मेजबानी दिल्ली में हो रही है और प्रधानमंत्री मोदी इसकी अगुवाई कर रहे हैं।

## भारत के केंद्रीय मंत्री और कई मुख्यमंत्री रात्रिभोज में हुए शामिल

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 में शामिल होने आए वैश्विक नेताओं के लिए कुछ ही देर में रात्रिभोज का आयोजन होगा। इस डिनर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत अन्य मंत्री भारत मंडपम के लिए रवाना हुए। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए विभिन्न राज्यों के केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री एक साथ भारत मंडपम के लिए रवाना हुए।

## भारत की मेजबानी रही खास

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे भारत की भूमिका को भी नई दिल्ली घोषणा में सराहा गया। ब्रिक्स देशों ने 18वें शिखर सम्मेलन के आउटरीच और ब्रिक्स प्लस संवाद सत्र की मेजबानी के लिए भारत की सराहना की। इसमें कहा गया कि इससे अंतरराष्ट्रीय सहयोग और एकजुटता को मजबूत करने को नई गति मिली है। दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में अलग-अलग देशों के नेता एक मंच पर आए। पीएम मोदी की पुतिन और जिनपिंग के साथ तस्वीरें इसी व्यापक बैठक का अहम हिस्सा बनीं। भारत के लिए यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सम्मेलन की पूरी तस्वीर में वह मेजबान देश के रूप में केंद्र में दिखाई दे रहा है।

## यूपी: ब्रिक्स व सहयोगी देशों से बढ़े प्रदेश के रिश्ते, 47,484 करोड़ का निर्यात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश और ब्रिक्स व उसके सहयोगी देशों के व्यापारिक संबंध लगातार प्रगाढ़ हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश से ब्रिक्स सदस्य देशों और सहयोगी देशों को 47,484 करोड़ का निर्यात किया गया है। यह प्रदेश के लगभग दो लाख करोड़ के कुल निर्यात का 23.7 प्रतिशत है। इसमें ब्रिक्स सदस्य देशों को 34,811 करोड़ तथा सहयोगी और पार्टनर देशों को 12,673 करोड़ का निर्यात शामिल है।

भारत की मेजबानी में नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग, व्यापार और आर्थिक साझेदारी को नई दिशा दे रहा है।




## ब्रिक्स की सबसे ताकतवर तस्वीर

# दुनिया की 22% जीडीपी वाले तीन देश के प्रमुख एक फ्रेम में

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 के मंच से एक बेहद प्रभावशाली और ऐतिहासिक तस्वीर सामने आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक विशेष फोटो साझा करते हुए अंतरराष्ट्रीय पटल पर मजबूत संदेश दिया है। इस तस्वीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक ही फ्रेम में बेहद गर्मजोशी के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं।



प्रधानमंत्री ने इस तस्वीर को साझा करते हुए लिखा कि नई दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 का औपचारिक आगाज हो चुका है। दरअसल, चीन की 20.85 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी है। भारत की 4.15 ट्रिलियन डॉलर है। वहीं, रूस की 2.66 ट्रिलियन डॉलर है।

# ब्रिक्स पहला दिन : मोदी-पुतिन-जिनपिंग ने लगाए ठहाके; प्रधानमंत्री के अंदाज ने खींचा सबका ध्यान

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के एकता और साथ का संदेश देने वाली तस्वीर बन गया। आइए, देखते हैं कौन सी तस्वीरों ने दुनिया में हलचल बढ़ा दी।





राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की तस्वीर ने खास ध्यान खींचा है। तीनों नेता एक ही फ्रेम में नजर आए और एक दूसरे के साथ गर्मजोशी से दिखाई दिए। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स नेताओं के साथ परिवार की तस्वीर भी खिंचवाई। इस पूरे दृश्य में सबसे ज्यादा चर्चा उस पल की रही, जब पीएम मोदी ने नेताओं को हाथ मिलाने के लिए इशारा किया और देखते ही देखते यह पल ओर से नेताओं को हाथ मिलाने का इशारा करने वाला पल खास बन गया। अलग-अलग देशों और अलग-अलग हितों वाले नेताओं का इस तरह एक साथ दिखाई देना ब्रिक्स के सामूहिक मंच की तस्वीर पेश करता है। यह तस्वीर ऐसे समय आई है, जब ब्रिक्स के 18वें शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत कर रहा है।

18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ पुतिन और जिनपिंग की कई तस्वीरें सामने आईं। एक तस्वीर में तीनों नेता साथ खड़े नजर आए, जबकि दूसरी तस्वीर में पीएम मोदी, पुतिन, जिनपिंग और दूसरे ब्रिक्स नेताओं ने परिवार की तस्वीर के लिए साथ पोज दिया। इस दौरान नेताओं के बीच हंसी-मजाक और सहज माहौल भी दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी की

परिवार की तस्वीर के लिए नेताओं के एक साथ खड़े होने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नेताओं को हाथ मिलाने का इशारा किया। इसके बाद यह पल कैमरों में कैद हो गया। इस दृश्य में मोदी, पुतिन और जिनपिंग समेत ब्रिक्स के दूसरे नेताओं की मौजूदगी दिखाई दी। तस्वीर में एक तरफ नेताओं की एकजुटता नजर आई, तो दूसरी तरफ उनके बीच सहजता भी दिखाई दी। यही वजह है कि यह सामान्य समूह तस्वीर से आगे बढ़कर एक ऐसा दृश्य बन गई, जिसमें ब्रिक्स के भीतर सामूहिक शक्ति और एक साथ आगे बढ़ने का संदेश दिखाई देता है। भारत के लिए भी यह तस्वीर महत्वपूर्ण है, क्योंकि शिखर सम्मेलन की मेजबानी दिल्ली में हो रही है और प्रधानमंत्री मोदी इसकी अगुवाई कर रहे हैं।

## पीएम मोदी-जिनपिंग की द्विपक्षीय बैठक

# प्रधानमंत्री बोले- सीमा पर शांति जरूरी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच शनिवार को द्विपक्षीय बैठक हुई। ब्रिक्स शिखर सम्मलेन से इतर हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स में भारत की अध्यक्षता के दौरान समर्थन और सहयोग के लिए चीन का आभार जताया। पीएम मोदी ने शी जिनपिंग का स्वागत करते हुए कहा, आपका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आपकी सकारात्मक बातों के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। अब हमारे पास द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने का अवसर है।

वहीं, इस बैठक के दौरान शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और भारत एक-दूसरे की ताकत से सीख सकते हैं और साझा विकास हासिल कर सकते हैं। उन्होंने दोनों देशों से व्यापक ब्रिक्स सहयोग के उच्च गुणवत्ता वाले विकास के लिए मिलकर काम करने का भी आग्रह किया। चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने पीएम मोदी से कहा कि चीन भारत के साथ अपने संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखता है।

दोनों नेताओं ने भारत-चीन संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि मतभेदों को विवाद में नहीं बदलना चाहिए। दोनों नेताओं ने अगस्त 2025 में




तियानजिन में हुई पिछली बैठक के बाद भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हुई निरंतर प्रगति का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के संबंधों को तीन परस्पर सिद्धांतों- आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित से निर्देशित होना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों के लगातार विकास का एक आवश्यक आधार है। उन्होंने सीमा से जुड़े मुद्दों पर मौजूदा समझौतों और सहमतियों का दोनों पक्षों द्वारा पालन करने की जरूरत पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने राजनीतिक दृष्टिकोण और दोनों देशों के व्यापक द्विपक्षीय संबंधों तथा दोनों देशों की जनता के दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखते हुए सीमा विवाद के निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के प्रति प्रतिबद्धता जताई।

दोनों नेताओं ने लोगों के बीच संबंधों में हुई प्रगति का संज्ञान लिया और सांस्कृतिक आदान-प्रदान, कारोबारी संपर्क तथा दोनों देशों के बीच लोगों की आवाजाही को और बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया। आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। इनमें व्यापार में संरचनात्मक असंतुलन और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। दोनों देशों ने सार्थक और पूर्वानुमान योग्य बाजार पहुंच को सुगम बनाने पर भी जोर दिया।

दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों तथा विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए साझा आधार को लगातार व्यापक बनाने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए चीन के समर्थन और 2026 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की सफलता में उसके योगदान की सराहना की।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीन और भारत से आग्रह किया है कि वे ब्रिक्स देशों के बीच बेहतर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करें। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, शी ने नई दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान यह बात कही।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में पुस्तक महोत्सव

## सीएम योगी छात्रों से बोले- पाठ्यक्रम के साथ अच्छी किताबें खरीदें

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर बच्चे को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स जरूर पढ़नी और आत्मसात करनी चाहिए। यह कहना अन्याय होगा कि युवा किताब नहीं पढ़ता, जरूरत किताबों को उन तक पहुंचाने की थी। ज्ञान को संकुचित दायरे में सीमित करने के दुष्परिणाम समाज और राष्ट्र, दोनों को भुगतने पड़ते हैं। 10 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्यों की श्रेणी में खड़ा



कर दिया गया था। यूपी के नौजवान के सामने पहचान का संकट था और नागरिक अपनी पहचान बताने से बचते थे। सकारात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश की तस्वीर बदली है। डिजिटल युग ने शहर और गांव की दूरी को कम किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित 5वें गोमती पुस्तक महोत्सव-2026 का शुभारंभ करने के उपरांत युवाओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

सीएम ने वहां मौजूद बच्चों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स वितरित की। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को यह पुस्तक पढ़नी और आत्मसात करनी चाहिए।

## वकालत की पढ़ाई कर रही मायावती की भतीजी दीपिका आनंद, अब बसपा के मिशन को आगे बढ़ाएगी

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बड़ा एलान करते हुए कहा कि अब भाई आनंद कुमार के बेटे नहीं बल्कि उनकी बेटी दीपिका आनंद बसपा के मिशन को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि अब आनंद के बेटों को कोई जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मेरे लिए बसपा का मिशन सर्वोपरि है लिहाजा अब मेरे भाई आनंद कुमार के बेटे नहीं, वकालत की पढ़ाई कर रही बेटी दीपिका आनंद पार्टी का कार्य करेगी। आनंद जरूरत पड़ने पर अपनी जिम्मेदारियां उसे सौंप सकते हैं। मायावती ने कहा कि आनंद अपने दोनों बेटों




को व आगे चलकर उनके युवा बच्चों में से किसी को भी अपनी जिम्मेदारी नहीं सौंपेंगे। बेटी के तैयार नहीं होने पर आम सहमति से पार्टी के दलित वर्ग में से ही अन्य किसी मिशनरी कार्यकर्ता को भी अपनी यह जिम्मेदारी दे सकते हैं। अपने किसी भी बेटे को व उनके बच्चों के बड़े होने पर जिम्मेदारी नहीं सौंपेंगे। यही वर्तमान में समय की जरुरत है व पार्टी के हित में भी है। यह आज मेरा अंतिम फैसला व प्रतिज्ञा है कि आनंद के किसी भी बेटे को बसपा में किसी भी छोटे-बड़े पद पर राजनीति करने का मौका नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बसपा के मिशन की सफलता में किसी का भी रोड़ा बनना मुझे स्वीकार नहीं है। मुझे केवल अपने बहुजन समाज परिवार के हित व कल्याण की ही रात-दिन चिंता है। अपने किसी भी सगे भाई-बहन व उनके परिवार के युवा सदस्यों, नजदीकी रिश्ते-नातों आदि को कांशीराम की तरह मैंने भी पार्टी के कार्यों तक सीमित करके सांसद, विधायक, मंत्री व अन्य राजनैतिक लाभ के पद से हमेशा दूर रखा है।

## यूपी: बच्चों की शैक्षिक प्रगति और नामांकन की होगी निगरानी

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों से जुड़ी सूचनाओं की निगरानी, विद्यालयी प्रबंधन और शैक्षिक व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित एवं जवाबदेह बनाया जा रहा है। इसी क्रम में वर्ष 2026-27 के लिए एमआईएस (यू-डायस प्लस) और चाइल्ड ट्रैकिंग सिस्टम के प्रभावी संचालन एवं उपयोग के लिए 6.55 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी की ओर से सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को धनराशि के उपयोग और निगरानी के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ज्ञात हो कि इस व्यवस्था के माध्यम से योगी सरकार विद्यालयी आंकड़ों को अधिक व्यवस्थित, बच्चों की शैक्षिक प्रगति की निगरानी को अधिक प्रभावी तथा स्कूल प्रबंधन को अधिक जवाबदेह बनाने की दिशा में डिजिटल प्रणालियों के उपयोग को मजबूत कर रही है।

# ब्रिक्स 2026: पहलगाम हमले की निंदा से लेकर टैरिफ नीति तक कई मुद्दों पर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन कई ऐतिहासिक और बड़े फैसलों के साथ संपन्न हुआ। इसके समापन पर जारी किए गए नई दिल्ली घोषणापत्र में विश्व राजनीति और व्यापार से जुड़े कई गंभीर मुद्दों को उठाया गया। घोषणापत्र में साफ कहा गया है कि किसी भी रूप में हिंसा, सीमा पार आतंकवाद और युद्ध को किसी भी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता।

इसके साथ ही, मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एकतरफा व्यापार नीतियों, टैरिफ और आर्थिक पाबंदियों पर गहरा ऐतराज जताया गया है। ब्रिक्स समूह ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी पुरानी वैश्विक संस्थाओं का स्वरूप अब बदलना चाहिए, ताकि ग्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों को उनका वाजिब हक और उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

साझा घोषणापत्र में 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर में हुए कायराना आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई, जिसमें 26 निर्दोष लोग मारे गए थे और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे।

ब्रिक्स देशों ने पूरी दुनिया से अपील की है कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और इसे लेकर अपनाए जाने वाले किसी भी तरह के दोहरे मापदंड को तुरंत खारिज किया जाए।




सदस्य देशों ने साफ कहा कि आतंकवाद का किसी भी धर्म, राष्ट्रीयता या समुदाय से संबंध नहीं है, और सीमा पार आतंकवादियों की आवाजाही, आतंकवाद को मिलने वाले वित्तपोषण तथा उनके सुरक्षित पनाहगाहों को हर हाल में नष्ट किया जाना चाहिए।

घोषणापत्र में संयुक्त राष्ट्र के ढांचे के तहत अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक संधि (सीसीआईटी) को बिना किसी देरी के अंतिम रूप देने और लागू करने का पुरजोर आह्वान किया गया।

ब्रिक्स नेताओं ने किसी देश का नाम लिए बिना लेकिन मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों की ओर इशारा करते हुए मनमाने टैरिफ और गैर-टैरिफ रुकावटों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। समूह ने कहा कि पर्यावरण या राष्ट्रीय सुरक्षा के बहाने संरक्षणवादी नीतियां अपनाना और विश्व व्यापार संगठन के नियमों को दरकिनार कर टैरिफ थोपना अंतरराष्ट्रीय व्यापार को तबाह कर रहा है। इससे वैश्विक सप्लाई चेन पूरी तरह बाधित हो रही है और गरीब तथा विकासशील देशों की आर्थिक तरक्की पर गहरा संकट मंडरा रहा है।

ब्रिक्स देशों ने घोषणापत्र में दो टूक कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्पष्ट मंजूरी के बिना लगाए जाने वाले सभी एकतरफा आर्थिक प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सीधा उल्लंघन हैं। ऐसे दंडात्मक कदमों और सेकेंडरी प्रतिबंधों का सबसे बुरा असर आम नागरिकों के मानवाधिकारों, स्वास्थ्य सेवाओं, खाद्य सुरक्षा और विकास के अधिकार पर पड़ता है। इस तरह के मनमाने प्रतिबंधों से कमजोर और गरीब तबके को सबसे ज्यादा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, इसलिए इन्हें तुरंत खत्म किया जाना चाहिए।

ब्रिक्स नेताओं ने पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताते हुए सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने की अपील की। घोषणापत्र में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के सुरक्षा मानकों के तहत आने वाले शांतिपूर्ण परमाणु केंद्रों और नागरिक बुनियादी ढांचे पर होने वाले जानबूझकर हमलों की कड़ी निंदा की गई।

## एक नजर

### उफनाई किला नदी में डूबा 27 वर्षीय युवक, तलाश जारी

**बरेली।** बाढ़ से उफनाई किला नदी में शनिवार दोपहर 27 वर्षीय युवक राहुल राठौर डूब गया। किला छावनी निवासी राहुल दोपहर करीब एक बजे नदी किनारे पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ देर नदी किनारे घूमने के बाद उसने अचानक उफनती नदी में छलांग लगा दी। लोगों ने उसे तेज बहाव में कुछ दूरी तक देखा, लेकिन देखते ही देखते वह गहरे पानी में ओझल हो गया। स्थानीय पार्षद रंजीत के मुताबिक राहुल महेंद्र राठौर का बेटा था और अपने बड़े भाई सचिन के साथ पुल के नीचे मिठाई की दुकान पर काम करता था। सूचना पर किला पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई। परिजन भी नदी किनारे पहुंच गए। तेज बहाव और अधिक पानी के कारण गोताखोरों को परेशानी हो रही है। देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं लगा था। पुलिस जांच के साथ तलाश अभियान जारी रखे हुए है।

# झूलते बिजली तारों से गन्ने के खेत में लगी आग, चार-पांच बीघा फसल राख

## विधवा महिला के खेत में हुआ हादसा, जिला पंचायत सदस्य ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के कुतकपुर गांव में खेत के ऊपर से गुजर रहे झूलते बिजली के तारों से निकली चिंगारी के कारण गन्ने की खड़ी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब चार-पांच बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। हादसे में खेत मालिक विधवा महिला नन्नी देवी को काफी नुकसान हुआ। घटना के बाद किसानों में बिजली विभाग के प्रति रोष है।बताया गया कि नन्नी देवी के खेत के ऊपर से बिजली की लाइन गुजर रही है। आरोप है कि बिजली के तार काफी नीचे झूल रहे थे। इसी दौरान तारों से निकली चिंगारी गन्ने की फसल पर गिर गई, जिससे आग लग गई। आग तेजी से फैलने के कारण ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर उसे बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक कई बीघा फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी।

जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन जमीन से करीब चार फीट की ऊंचाई पर थी। इसी कारण तारों से निकली चिंगारी से गन्ने की फसल में आग लगी और किसान की पूरी फसल बर्बाद हो गई।उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित महिला द्वारा बिजली के तारों को ऊंचा कराने के लिए बिजलीघर और संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई थी। महिला ने मौखिक के साथ लिखित शिकायत भी की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। आरोप है कि लाइन ऊंची कराने के लिए पैसों की मांग भी की गई थी। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पीड़ित महिला के मुताबिक अभी कोल्हू और चीनी मिलें शुरू नहीं हुई हैं। ऐसे में आग से जली गन्ने की फसल को बेचने और उसका निस्तारण करने में भी परेशानी होगी। किसानों ने प्रशासन से जली फसल का सर्वे कराकर पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से खेतों के ऊपर से गुजर रही झूलती बिजली लाइनों को तत्काल दुरुस्त कराने और तारों की ऊंचाई मानक के अनुरूप कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## एआई से अश्लील फोटो बनाकर ब्लैकमेलिंग

**फतेहगंज पूर्वी।** सोशल मीडिया से महिला की फोटो लेकर आपत्तिजनक सामग्री तैयार करने और उसे प्रसारित करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। तहरीर के अनुसार आरोपी ने महिला की सोशल मीडिया प्रोफाइल से फोटो लेकर आपत्तिजनक फोटो व वीडियो तैयार किए और उन्हें सोशल मीडिया व मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर प्रसारित करने की धमकी दी। आरोप है कि 10 सितंबर की रात आरोपी ने फोन कर महिला से बात कराने को कहा। मना करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने 11 सितंबर को एफआईआर दर्ज कर विवेचना इंस्पेक्टर क्राइम विकास कुमार को सौंपी है।

## संक्षेप समाचार

### धारदार हथियार से हमला, टैंपो चालक घायल

**बहेड़ी।** हाइवे स्थित लोधीपुर चौराहे के निकट एक टैंपो चालक पर धारदार हथियार से हमला कर उसका सिर फाड़ दिए जाने का मामला सामने आया है। जिसमें पीड़ित व्यक्ति की ओर से दी गई तहरीर में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। पीड़ित इरशाद अहमद द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती 11 तारीख़ को वह लोधीपुर चौराहे से अपना टैंपो लेकर किच्छा की ओर जाने की तैयारी में था, उसी दौरान किच्छा थाने के गाँव सिरौली निवासी एक व्यक्ति ने उसे रोक लिया और किसी धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। हमले में सिर फट जाने का काफी खून बह गया। पीड़ित का आरोप है कि मामले की शिकायत पुलिस से करने को कहने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। तहरीर लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 46 बिजली कनेक्शन कटे, 5.5 लाख बसूले

**बहेड़ी।** बिजली विभाग की ओर से शनिवार को चलाए गए सघन चेकिंग अभियान से लोगों में हड़कंप मच गया। अभियान में बकाया जमा न करने वाले 46 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए जाने के साथ ही करीब 53 उपभोक्ताओं से मौके पर ही 5 .5 लाख रुपये की वसूली की गई। चेकिंग अभियान की अगुवाई कर रहे उप खंड अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि बकाया वसूली के साथ साथ बिजली चोरी रोकने के लिए भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। जरूरत हुई तो रात के समय में भी बिजली चेकिंग की जाएगी। इसके अलावा सर्वे कराकर उन घरों में भी स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे जहाँ अभी तक मीटर नहीं लग सके हैं। विरोध करने वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएंगी। एसडीओ ने बताया कि सौ फीसदी बिल वसूली तथा बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। चेकिंग अभियान में एसडीओ के साथ जेई रमेश सैनी तथा क ई अन्य बिजली कर्मचारी साथ रहे।

### शादी का झांसा देकर दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मीरगंज/शीशगढ़।** शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने, मुकरने और 10 लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के आरोपी हरीश कुमार (21) पुत्र रामनरेश, निवासी बेनीगंज (हरदोई) को शीशगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता के अनुसार, वह आरोपी को चार वर्षों से जानती थी और दोनों दिल्ली में साथ रहते थे। शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के बाद आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया। परिजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, जान से मारने की धमकी देने और सास पर जबरन गर्भपात कराने का भी आरोप है। पीड़िता के बयानों के आधार पर मुकदमे में BNS की धारा 69 की बढ़ोतरी की गई। पुलिस टीम ने आरोपी को ग्राम मानपुर स्थित पुराने शिव मंदिर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी का गर्मजोशी से स्वागत

**फतेहगंज पूर्वी।** वीआरसी केन्द्र फरीदपुर पर नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कमल भारती द्वारा फरीदपुर ब्लॉक का कार्यभार ग्रहण करने के बाद उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के द्वारा उनका स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कामरान खान, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुनील शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री मनोज मिश्रा, तहसील अध्यक्ष राहुल सिंह, शिवम अग्रवाल, अवनेश शंखधार, विवेक शर्मा, अरुण तोमर, हिरदेश तोमर, प्रवीण कुमार, क्षितिज चौहान, भूप सिंह, अरुण गौतम आदि लोग थे। स्वागत समारोह के बाद उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेताओं ने अध्यापकों की समस्याओं के बारे में भी खंड शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया, जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

### स्काउट-गाइड शिविर में विद्यार्थियों ने सीखे गांठ एवं बंधन, प्राथमिक उपचार और दिशा-ज्ञान के गुर

**आंवला।** इफको टाउनशिप स्थित केंद्रीय विद्यालय में आयोजित भारत स्काउट एवं गाइड लखनऊ मंडल के तृतीय सोपान परीक्षण शिविर-2026 के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रशिक्षण एवं व्यावहारिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिन की शुरुआत प्रार्थना, झंडा गीत, राष्ट्रगान, स्काउट-गाइड प्रतिज्ञा, कानून, साइन, सल्यूट एवं मोटो की जानकारी के साथ हुई। प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को गांठ एवं बंधन, प्राथमिक उपचार, दिशा-ज्ञान, कैंपिंग कौशल, अनुशासन, टीम भावना और सेवा-भाव से संबंधित प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों को बीपी सिक्स व्यायाम, पट्टियां बांधना, स्लिंग के माध्यम से बांह पर पट्टी बांधना, विभिन्न गांठें, लैशिंग एवं पायनियरिंग सिखाई गई। कक्ष परीक्षण के तहत लिखित परीक्षा भी हुई तथा विभिन्न कैंप गैजेट्स बनवाए गए। शिविर के दौरान सभी प्रतिभागियों को इफको प्लांट का भ्रमण कराया गया। शाम को कैंप फायर का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं सामूहिक गतिविधियों में सहभागिता की। गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान कौशल, सहयोग एवं सेवा-भाव विकसित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्या, कैंप डायरेक्टर एवं डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर गाइड अमिता सिंह, आरएल सिंह (एलओसी स्काउट), शेफाली माहेश्वरी (एलओसी गाइड), मुख्य परीक्षक देश दीपक त्रिपाठी, गजेंद्र दीक्षित, दिनेश सिंह, मो. सलमान आदि ने मार्गदर्शन दिया।

# आइसक्रीम गोदाम में लगी भीषण आग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** परसाखेड़ा दो नंबर रोड पर शनिवार सुबह वाडीलाल आइसक्रीम फैक्ट्री के गोदाम में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते गोदाम से धुएं का गुबार और आग की लपटें उठने लगीं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

अग्निशमन अधिकारी संजीव के अनुसार, सुबह करीब नौ बजे गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल कर्मियों के मौके पर पहुंचने तक आग काफी तेज हो चुकी थी और गोदाम के अंदर धुआं भर गया था। टीम ने तत्काल आग बुझाने के साथ ही उसे आसपास के हिस्सों में फैलने से रोकने का प्रयास शुरू किया। दमकल कर्मियों ने अलग-अलग दिशा से पानी की बौछार कर आग पर काबू पाने की कोशिश की। तेज लपटों के कारण शुरुआत में काफी दिक्कत आई, लेकिन लगातार प्रयास के बाद आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया। आसपास के हिस्सों को भी सुरक्षित कर लिया गया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है। हालांकि आग के वास्तविक कारण की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। गोदाम में रखा सामान कितना क्षतिग्रस्त हुआ और कुल कितने का नुकसान हुआ, इसका आकलन अभी किया जा रहा है।

## गांव में श्मशान भूमि निर्माण कार्य शुरू

**मीरगंज।** गांव में श्मशान भूमि का निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक डॉ. डीसी वर्मा समेत अन्य अतिथियों का माला व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने कहा कि गांवों में जरूरी सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। श्मशान भूमि का निर्माण लंबे समय से चली आ रही ग्रामीणों की मांग को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे अंतिम संस्कार के लिए व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, तेजपाल सिंह गंगवार, अजयवीर सिंह, ग्राम प्रधान वीरेंद्र गंगवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# लूट के प्रयास में पीड़ित ही मुकरा माफीनामा लिखकर पुलिस को सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पश्चिमी।** हाईवे पर लूट के प्रयास के मामले में शुक्रवार को उस समय नया मोड़ आ गया, जब पीड़ित अपनी शिकायत से पलट गया और लिखित माफीनामा देकर मामला रफा-दफा कर दिया। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार बरेली की रजा कॉलोनी, नबादिया निवासी हनीफ शुक्रवार दोपहर कस्बे के एक बैंक से 90 हजार रुपये का ऋण लेकर घर लौट रहे थे। हाईवे स्थित राधा-कृष्ण चौराहे के पास पीछे से आए तीन बाइक सवार युवकों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया। आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट कर रुपये लूटने का प्रयास किया। नकदी पत्नी के पास होने से रकम बच गई। राहगीरों के विरोध और शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गए।

हनीफ ने थाने पहुंचकर लूट के प्रयास की तहरीर दी थी। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर जांच करते हुए शनिवार को तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान पीड़ित को भी थाने बुलाया गया। कुछ देर बाद हनीफ अपनी शिकायत से मुकर गए और घटना को अपनी भूल बताते हुए माफीनामा सौंप दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों और पीड़ित को जाने दिया। मामले की जांच दरोगा प्रदीप कुमार कर रहे हैं।

# अवैध आम कटान पर वन विभाग का छापा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज।** धनेटा-शीशगढ़ मार्ग पर ग्राम दुनका में बिना अनुमति आम के हरे पेड़ काटे जाने की सूचना पर शनिवार शाम वन विभाग की टीम ने छापेमारी की। टीम के मौके पर पहुंचते ही आम की लकड़ी वाहन में लाद रहे लोग लकड़ी उतारकर वाहन समेत फरार हो गए। वन विभाग ने मौके से करीब 15 कुंतल कटी हुई आम की लकड़ी बरामद कर कब्जे में ले ली और जांच शुरू कर दी है। वन क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार मठपाल को शाम करीब चार बजे पेड़ कटान की सूचना मिली थी। उनके नेतृत्व में डिप्टी रेंजर मुकेश कुमार और वन दरोगा नदीम फराज टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने एक आम का पेड़ कटा हुआ पाया और उसकी लकड़ी वाहन में लादी जा रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बाग मालिक जुबेर अहमद ने पेड़ ठेकेदार भूरे शाह को बेचा था। मौके पर यूकेलिप्टस के कटे पेड़ भी मिले। बरामद लकड़ी जब्त कर उच्चाधिकारियों को सूचना दे दी गई है। क्षेत्र में बिना अनुमति हरे पेड़ों के कटान को लेकर सवाल उठते रहे हैं। कार्रवाई के बाद कटान में शामिल लोगों के साथ जिम्मेदारों की भूमिका की जांच को लेकर भी चर्चा है। विभागीय जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

# बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जेई को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**भमोरा।** क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से नाराज ग्रामीण शनिवार को एकत्रित होकर भमोरा विधुत उपकेंद्र पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और ऊर्जा विभाग के नाम एक ज्ञापन जेई विजय कुमार सिंह को सौंपा।

ग्राम प्रशासक कुड्डा आदेश यादव के नेतृत्व में बिजली घर पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि रात में होने वाली कटौती तत्काल बंद की जाए। उन्होंने कहा शाम के समय बिजली कटौती से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बरसात के मौसम में अंधेरे के कारण गांवों में सर्प आदि के काटने का खतरा बना रहता है। गर्मी और उमस से ग्रामीण बेहाल हैं। उन्होंने शेड्यूल के मुताबिक बिजली आपूर्ति देने, नीचे लटक रही विद्युत लाइनों को तत्काल ठीक कराने, जर्जर विद्युत खंभों को बदलने और बिजली खराब होने पर अधिकारियों के फोन उठाने तथा तत्काल समस्या का समाधान कराने की मांग की। जेई विजय कुमार सिंह ने बताया कि ऊपर से कटौती के चलते रात में कम समय के लिए विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों को समस्या से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया है।

### कश्यप समाज एकजुट हो : सपा

**आंवला।** कस्बे के आर .के . पैलेस में सपा की ओर से पीडीए कश्यप जनसंवाद कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि किरन पाल कश्यप ने समाज से एकजुट होकर अधिकारों की लड़ाई लड़ने और सपा को मजबूत करने की अपील की। जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने पीडीए के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही।

# सड़क के बीचोंबीच खड़ा 11 हजार वोल्ट का बिजली खंभा, हादसे का बना खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में 100 फुटा सड़क मार्ग से वीर सावरकर कॉलोनी की ओर जाने वाली सड़क पर अजन्ता स्वीट्स के पीछे बीच सड़क में खड़ा 11 हजार वोल्ट का विद्युत खंभा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में आवास बने हैं और इस मार्ग से दिन-रात हजारों लोगों व वाहनों का आवागमन होता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक विद्युत खंभा काफी समय से चालू हालत में सड़क के बीचोंबीच लगा हुआ है। इसके चलते सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को खंभे से बचकर निकलना पड़ता है। व्यस्त मार्ग पर बीच सड़क में हाईटेंशन लाइन का खंभा होने से किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।




सड़क के बीच खड़ा बिजली का खम्भा। -जागरण मोर्चा

स्थानीय निवासी समिति (आरडब्ल्यूए) की ओर से विद्युत विभाग से खंभे को सड़क के बीच से हटाने का अनुरोध किया जा चुका है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि तीनों विभागों के बीच समन्वय के अभाव में मामला लंबित पड़ा है। मानवाधिकार संगठन के वरिष्ठ जिला स्तरीय सदस्य अजय सक्सेना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, नगर निगम आयुक्त और लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को लिखित शिकायत दी है। साथ ही पोर्टल के माध्यम से भी अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभागों से सड़क के बीच खड़े विद्युत खंभे को जल्द हटाकर यातायात सुचारु कराने की मांग की है, ताकि किसी संभावित हादसे को टाला जा सके।

## 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज

**फतेहगंज पूर्वी।** 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा से टिकट की दावेदारी कर रहे संभावित प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में फरीदपुर ब्लॉक प्रमुख सोनम ग्वाल ने फतेहगंज पूर्वी नगर में विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की और संवाद किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया। जनसंपर्क कार्यक्रम में चेयरमैन संजय पाठक और कामराज मिश्रा की मौजूदगी भी चर्चा में रही। दोनों नेताओं ने लोगों से संपर्क कर कार्यक्रम को मजबूती दी। इस दौरान भाजपा नेता डॉ. यशपाल सिंह, रामू, पवन राज मिश्रा, पंकज अग्रवाल, अमित मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।













## एक नजर

### उर्स की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**बहेड़ी।** खानकाह शेरिया में आहूत शाह जी एकेडमी की बैठक में उर्स- ए- शेरी की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई जिसमें तय हुआ कि आगामी 27 तारीख़ को परचम कुसाई का जुलूस, 28 सितम्बर को मुशायरा, 29 को शहनाई मैरिज हाल में सुबह के समय सेमिनार तथा कांफ्रेंस आयोजित की जाएगी। बताया गया कि कांफ्रेंस को हाफिज अनबार अहमद की 50 साल की कुर आनी सेवाओं के सम्मान में आयोजित किया जा रहा है। इसका नाम भी जश्ने अनबार- ए- कुरान रखा गया है। इसी नाम पर लिखी किताब का विमोचन बदायूं जिला काजी मौलाना अतीफ मियां कादरी करेंगे। रात में होने वाली कांफ्रेंस ताजुल असफिया में सैय्यद अशरफ मियाँ किछौछवी अपनी तकरीर पेश करेंगे। चौथे दिन यानि 30 सितंबर को सुबह करीब 10 बजे कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन होगा। बैठक में हाजी अखलाक, आरिफ एडवोकेट, सलीम चंदा, हाफिज कैफ, नासिर मियां , अनवार अहमद कादरी, साबिर मियाँ सहित कई अन्य एकेडमी सदस्य शामिल रहे।

# डीआईजी अजय कुमार साहनी के निर्देशन में 79 लाख रुपये की चोरी का खुलासा

## चालक ने रिश्तेदार संग रची साजिश, कार का शीशा तोड़कर वारदात को दिया चोरी का रूप

**पूरी नकदी और 101.680 ग्राम पीली धातु बरामद**



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** डीआईजी बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिविल लाइंस पुलिस ने 79 लाख रुपये की नकदी और सोने के जेवर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की पूरी नकदी के साथ 101.680 ग्राम पीली धातु बरामद की है। डीआईजी ने पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

10 सितंबर को शेख दिलावर हुसैन बदायूं से मेरठ जा रहे थे। नवादा दास डिग्री कॉलेज के पास बिरयानी खाने के लिए कार रोकी गई। चालक और कारीगर कार से चले गए। लौटने पर कार का पिछला शीशा टूटा मिला और अंदर रखी नकदी व जेवर गायब थे। डीआईजी के निर्देशन और एसएसपी बदायूं अंकिता शर्मा के पर्यवेक्षण में सिविल लाइंस पुलिस ने जांच कर मेरठ निवासी आरिफ अंसारी और वसीम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। आरिफ के कब्जे से 101.680 ग्राम पीली धातु के जेवर व टुकड़े बरामद हुए। वसीम से 50 लाख रुपये और मोबाइल मिला। वारदात में प्रयुक्त हुंडई वरना कार से 29 लाख रुपये और प्लास बरामद हुआ। कुल 79 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ में सामने आया कि पीड़ित के यहां चालक आरिफ ने अपने रिश्तेदार वसीम के साथ मिलकर कर्ज के चलते चोरी की योजना बनाई थी। आरिफ कर्मचारी को बहाने से अपने साथ ले गया और वसीम की मदद से कार में रखी रकम व जेवर निकाल लिए। घटना को सामान्य चोरी दिखाने के लिए कार का शीशा तोड़ दिया गया। दोनों चोरी का माल लेकर मेरठ जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। सफल खुलासे पर एसएसपी बदायूं ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने टीम की त्वरित एवं सराहनीय कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए उत्साहवर्धन किया।

# प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझा बना जानलेवा, युवक की गर्दन कटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ किला रोड पर हवा में लटके मांझे की चपेट में आया बाइक सवार, हालत नाजुक

**बरेली।** प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझे का कहर थम नहीं रहा है। शनिवार दोपहर किला रोड पर सिटी श्मशान भूमि के पास बाइक से घर लौट रहे युवक की गर्दन चाइनीज मांझे से बुरी तरह कट गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

सीबीगंज क्षेत्र के तिलियापुर निवासी अनीस कुरैशी शनिवार दोपहर करीब तीन बजे मारिया फ्रोजन फैक्ट्री से बाइक से घर लौट रहे थे। किला रोड पर सहगल होटल के सामने अचानक हवा में लटका चाइनीज मांझा उनकी गर्दन में फंस गया। बाइक की रफ्तार के चलते मांझे ने गर्दन को गहरा जख्म कर दिया। हादसे के बाद अनीस सड़क पर गिर पड़े और खून बहने लगा। आसपास के लोगों ने उन्हें सड़क से उठाकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घायल युवक कुछ देर तक सड़क पर तड़पता रहा। बरेली में चाइनीज मांझे से लोगों के घायल होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पिछले करीब तीन माह में लगभग एक दर्जन लोगों के इसकी चपेट में आने की बात सामने आई है। इसके बावजूद प्रतिबंधित मांझे की बिक्री और इस्तेमाल पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। शनिवार की घटना ने एक बार फिर पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि लगातार हादसों के बाद भी प्रतिबंधित और जानलेवा मांझा बाजार और लोगों तक कैसे पहुंच रहा है।

# जयपुर से लौटते समय बरेली पुलिस के वज्र वाहन की टक्कर

जागरण मोर्चा कार्यालय




▸ रामपुर हादसे में चालक सिपाही की मौत, महिला कांस्टेबल घायल, लड़की को छोड़कर वापस आ रही थी टीम

**बरेली।** जयपुर से लड़की को छोड़कर बरेली लौट रही पुलिस टीम का सफर शनिवार सुबह दर्दनाक हादसे में बदल गया। रामपुर के शहजादनगर थाना क्षेत्र में धमोरा-झुनैया पुल के पास नेशनल हाईवे पर बरेली पुलिस का वज्र वाहन सामने से आए वाहन से भिड़ गया।

हादसे में वाहन चला रहे सिपाही अशोक कुमार (42) की मौत हो गई, जबकि महिला कांस्टेबल आरती घायल हो गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बरेली पुलिस लाइन का वज्र वाहन (UP32 FG 5891) पुलिसकर्मियों को लेकर जयपुर गया था। शनिवार को टीम लड़की को जयपुर छोड़ने के बाद वापस लौट रही थी। वाहन परिवहन शाखा में तैनात सिपाही अशोक कुमार चला रहे थे। उनके साथ महिला कांस्टेबल आरती समेत अन्य पुलिसकर्मी भी सवार थे। सुबह करीब छह बजे वज्र वाहन धमोरा-झुनैया पुल के पास पहुंचा। इसी दौरान सामने से आए वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। शुरुआती जानकारी में दूसरे वाहन को रॉन्ग साइड से आया ट्रक बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस वाहन की पहचान और हादसे की वास्तविक परिस्थितियों की जांच कर रही है। टक्कर के बाद वाहन में सवार पुलिसकर्मी फंस गए। सूचना पर धमोरा चौकी और शहजादनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद चालक अशोक कुमार और महिला कांस्टेबल आरती को बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में अशोक कुमार को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। आरती का अस्पताल में उपचार चल रहा है। बुलंदशहर के अनूपशहर क्षेत्र के गांव मऊ निवासी अशोक कुमार बरेली पुलिस की परिवहन शाखा में तैनात थे। वह पत्नी प्रभा और छह वर्षीय बेटे आरब के साथ बरेली में रहते थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दिव्यांग को सताने के विरोध पर मां को पीटा

**फरीदपुर (बरेली)।** मोहल्ला भूरे खां गौंटिया में मूक-बधिर दिव्यांग बच्चे को परेशान करने का विरोध करने पर दबंगों ने उसकी मां के साथ घर में घुसकर मारपीट की। पीड़िता शहनाज पत्नी कैसर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा नाजिस बोल और सुन नहीं सकता। आरोप है कि मोहल्ले के कुछ युवक उसे आए दिन परेशान करते हैं। शनिवार शाम नाजिम, साजिम पुत्रगण पप्पू और दो अन्य युवकों ने बच्चे को परेशान किया। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को गालियां देते हुए लाठी-डंडों से पीटा। महिला बचकर घर में गई तो आरोपी वहां भी घुस आए और मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो आरोपियों को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 800 करोड़ ठगी: गैंगस्टर एक्ट की तैयारी

▸ सूर्यकांत-शशिकांत पर नौ मुकदमे, करीब 35 हजार निवेशकों से रकम हड़पने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** चिटफंड कंपनियों के जरिए हजारों निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी के आरोप में जेल भेजे गए सगे भाइयों सूर्यकांत मौर्य और शशिकांत मौर्य पर अब गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की तैयारी है। दोनों के खिलाफ बरेली और बदायूं में नौ मुकदमे दर्ज हैं। आरोप है कि करीब 35 हजार लोगों से लगभग 800 करोड़ रुपये की रकम निवेश के नाम पर जुटाई गई। एसएसपी अंकिता शर्मा के मुताबिक दोनों भाइयों पर बदायूं में पांच और बरेली में चार मुकदमे हैं। बदायूं कोतवाली के तीन मामलों में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है, जबकि दो की विवेचना जारी है। जांच पूरी होने के बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। सात सितंबर को बदायूं पुलिस और एसटीएफ गौतमबुद्धनगर की टीम ने दोनों को लखनऊ के आलमबाग स्थित फ्लैट से गिरफ्तार किया था। उनके पास से लैपटॉप, डायरी समेत अन्य सामान बरामद हुआ था। पुलिस के अनुसार दोनों ने बदायूं और बरेली में कई कंपनियां खोलकर लोगों से निवेश कराया और बाद में रकम वापस नहीं की। बरेली पुलिस दोनों को बी-वारंट पर यहां लाने के लिए न्यायालय में अर्जी दाखिल कर चुकी है। वहीं तीसरे भाई श्रीकांत, सूर्यकांत की पत्नी अर्चना मौर्य और विशुकांत की तलाश जारी है। पुलिस बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर और उत्तराखंड में आरोपियों की संपत्तियों का ब्योरा जुटा रही है।

# गोशाला में घुसकर की मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ हिस्ट्रीशीटर समेत चार नामजद और कई अज्ञात पर रिपोर्ट, गोशाला में गायों की मौत का वीडियो वायरल करने का भी आरोप

**बरेली।** शाही थाना क्षेत्र के लालपुर गांव की अस्थायी गोशाला में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट और हर महीने 10 हजार रुपये मांगने का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान के पति सोमपाल की तहरीर पर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर हेमंत गंगवार समेत चार नामजद और आठ-दस अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सोमपाल के अनुसार पांच जून को हेमंत गंगवार अपने साथियों के साथ गोशाला पहुंचा और जबरन अंदर जाने लगा। केयरटेकर महेश पाल, कमलेश और भानु प्रताप ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। आरोप है कि इसके बाद गोशाला का वीडियो बनाकर अखिल भारतीय गोरक्षा परिषद जिला बरेली नाम के ग्रुप में डाल दिया गया। वीडियो के जरिए गोशाला में पांच गायों की मौत होने का दावा किया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि वीडियो में लगाए गए आरोप गलत थे। मामले की जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार मीरगंज और शाही के पशु चिकित्सक ने गोशाला का निरीक्षण किया। जांच में किसी गाय की मौत की पुष्टि नहीं हुई। सोमपाल ने आरोप लगाया कि दबाव बनाने और रुपये वसूलने के लिए झूठा वीडियो प्रसारित किया गया। आरोप है कि हेमंत और उसके साथी हर महीने 10 हजार रुपये मांगते थे। रकम नहीं देने पर गोशाला संचालकों और कर्मचारियों को झूठे मुकदमों में फंसाने और बदनाम करने की धमकी दी जाती थी। पुलिस के मुताबिक हेमंत खुद को अखिल भारतीय गोरक्षा परिषद का पदाधिकारी और हिंदूवादी नेता बताता था। उस पर बरेली और रामपुर में 12 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। शाही थाने में रंगदारी के दो मामले पहले से दर्ज बताए गए हैं। आठ सितंबर को एक युवती ने भी नौकरी दिलाने का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी के आपराधिक इतिहास को देखते हुए उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## वहगुल नदी में युवक ने लगाई छलांग, लापता

**फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र में शनिवार को वहगुल नदी में एक युवक के छलांग लगाने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई। युवक की पहचान राजेश पुत्र राम औतार (57) निवासी ग्राम हतसा, थाना खुदागंज, शाहजहांपुर के रूप में हुई है। मौके पर मिली हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या UP25DP9031 के आधार पर उसकी पहचान की गई। युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस की मौजूदगी में गोताखोर नदी में उसकी तलाश कर रहे हैं। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। युवक ने नदी में छलांग क्यों लगाई, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच जारी है।

# कभी पत्रकार तो कभी अफसर बनकर मछली पालकों से वसूली

▸ कार्रवाई और मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर ऐंठे लाखों रुपये

▸ ऑनलाइन भुगतान के साक्ष्य मिले, तीन अन्य नाम जांच में सामने आए

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मछली पालकों को सरकारी कार्रवाई और मुकदमे का डर दिखाकर रुपये ऐंठने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गिरोह के सदस्य कभी खुद को पत्रकार तो कभी मत्स्य विभाग का अधिकारी बताकर तालाबों पर पहुंचते थे। भोजीपुरा और देवरनियां में सामने आए मामलों की जांच के बाद पुलिस ने साजिद और मोहम्मद आजम निवासी कर्मपुर चौधरी, इज्जतनगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरोह दो लाख रुपये से अधिक की रकम वसूल चुका है। कई ऑनलाइन लेनदेन के स्क्रीनशॉट भी जांच में मिले हैं। भोजीपुरा निवासी सालिम रजा के पास नौ सितंबर को फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को मत्स्य विभाग का अधिकारी बताया। इसके बाद कुछ लोग उसके तालाब पर पहुंचे और फोटो खींचे। आरोप है कि कार्रवाई, मुकदमा और जेल भेजने का भय दिखाकर 70 हजार रुपये वसूल लिए गए। दोबारा रकम लेने पहुंचे साजिद को पुलिस ने पकड़ लिया, जबकि उसके साथी भाग निकले। मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। इसी तरह देवरनियां क्षेत्र के भूला भुलनिया गांव निवासी प्यारे लाल को छह सितंबर को आरोपियों ने मत्स्य विभाग का अधिकारी बनकर धमकाया और कार्रवाई का डर दिखाकर 13 हजार रुपये ले लिए। पुलिस ने मोहम्मद आजम को 11 सितंबर की रात करीब 9:50 बजे देवरनियां रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने गिरोह के तरीके का खुलासा किया। पुलिस जांच में रिजवान खान, बसंत शर्मा निवासी कासगंज और अरविंद के नाम भी सामने आए हैं। इनकी भूमिका की पड़ताल की जा रही है। सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पांडेय के मुताबिक, ऐसे फर्जी अधिकारियों द्वारा वसूली की शिकायतें पहले भी विभाग को मिली थीं। पुलिस अब गिरोह के पुराने लेनदेन, ऑनलाइन भुगतान और अन्य पीड़ितों की जानकारी जुटा रही है।

# मरीजों के उपचार में नैतिक मूल्यों का ध्यान जरूरी

▸ मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं वर्कशाप शुरू

▸ डा. आईएस तोमर और डा. लालता प्रसाद सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवार को दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप का शुभारंभ हुआ। पहले दिन सर्जरी के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाओं के लिए वरिष्ठ सर्जन एवं पूर्व महापौर डा. आईएस तोमर और वरिष्ठ आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सक डा. लालता प्रसाद को लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान से सम्मानित किया गया।

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि चिकित्सकों की युवा पीढ़ी को आधुनिक तकनीक के साथ मरीजों के प्रति सेवा भाव, जुनून और नैतिक मूल्यों को भी अपनाना चाहिए। उन्होंने डा. आईएस तोमर को अपना बड़ा भाई बताते हुए उनके साथ जुड़े संस्मरण साझा किए। सम्मान के बाद डा. आईएस तोमर ने एसआरएमएस ट्रस्ट का आभार जताया। उन्होंने कहा कि 1972 में एमएस करने के समय चिकित्सा सुविधाएं बेहद सीमित थीं। एक्सरे के अलावा जांच के साधन नहीं थे। इसके बावजूद अब तक 65 हजार से अधिक सर्जरी प्रोसीजर किए। उन्होंने कहा कि उपचार में तकनीक के साथ नैतिक मूल्यों को बनाए रखना जरूरी है।

युवा चिकित्सक प्रतिदिन दो मिनट अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनें और धन से अधिक मानवता की सेवा को प्राथमिकता दें। कार्यक्रम में आईएससीपी के पूर्व प्रेसिडेंट डा. प्रशांत रहाटे, सेक्रेटरी डा. नीरज गोयल, एकेडमिक कंवीनर डा. दिनेश शाह, आईएमए प्रदेश अध्यक्ष डा. रवीश अग्रवाल, एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया के बरेली चैप्टर अध्यक्ष डा. कौशल कुमार और एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला ने विचार रखे। साइंटिफिक प्रोग्राम के तहत 11 सत्रों में देशभर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बवासीर, फिशर, फिस्टुला, कोलोनोस्कोपी, पाइलोनाइडल साइनस, रोबोटिक सर्जरी और आधुनिक उपचार तकनीकों पर व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, डा. एसके सागर, डा. अमित सिंह समेत चिकित्सक, फैकल्टी और पीजी विद्यार्थी मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में गोली मारने पर 4 पर मुकदमा

**आंवला।** कस्बे के मोहल्ला खेड़ा में शुक्रवार सुबह पुरानी रंजिश के चलते युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायल नरेश पुत्र रोशन लाल ने तहरीर में बताया कि सुबह करीब पांच बजे घर से बाहर निकलते ही सुमारउद्दीन, अमीर अहमद उर्फ जानी और सुमारउद्दीन के दामाद जाहिद ने उसे घेर लिया। आरोप है कि जाहिद ने तमंचे से जान से मारने की नीयत से गोली चलाई, जो उसके बाएं हाथ में लगी। शोर मचाने पर परिजन बाहर आए तो आरोपी तमंचा लहराते हुए फरार हो गए। नरेश ने आरोपियों से पुरानी रंजिश होने की बात कही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## एक नजर



### चेकिंग में तमंचा-कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**कुंवरगांव।** संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान कुंवरगांव पुलिस ने युवक को 12 बोर के देशी तमंचे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार देर रात उपनिरीक्षक सुकेन्द्रपाल सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इनायतगंज-लाही फरीदपुर तिराहे के पास संदिग्ध युवक के हथियार लेकर घूमने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में कमर में बंधी फेंट से तमंचा और जेब से कारतूस बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम इरशाद उर्फ पतरे (35) निवासी लाही फरीदपुर बताया। थाना प्रभारी राजेश कौशिक के अनुसार आरोपी ने खेतों की रात में रखवाली के लिए तमंचा रखने की बात कही।

# संगठन विस्तार पर फोकस, बूथ स्तर तक युवाओं को जोड़ने पर जोर



नियुक्ति पत्र देते सपा विधायक बृजेश यादव। -जागरण मोर्चा



कार्यक्रम में मौजूद सपा के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी कार्यालय गांधी नगर में शनिवार को मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड की जिला कमेटी की मासिक बैठक हुई। इसमें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, बूथ स्तर तक युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और नए युवाओं को संगठन से जोड़ने पर मंथन किया गया। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि सहसवान विधायक ब्रजेश यादव ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलती है। कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं और मुद्दों को समझें और उन्हें संगठन के माध्यम से उठाएं।

समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष नरोत्तम यादव और बदायूं विधानसभा अध्यक्ष अतुल पटेल ने भी संगठन विस्तार और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विचार रखे। पार्टी की नीतियों और पीडीए के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की गई। अध्यक्षता मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष वैभव उपाध्याय ने की और संचालन जिला महासचिव सोनू यादव ने किया। बैठक में अंकित कुमार, धर्मेंद्र पाल, शाकिर अली, शिशुपाल सिंह, दानिश, मनोज कुमार समेत सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### माखन लीला देख भाव-विभोर हुए दर्शक



मंच पर अभिनय करते कलाकार। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** नगर के प्राचीन रामलीला मैदान में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम जारी है। शनिवार को मथुरा से आए कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक माखन लीला का मंचन किया। बाल स्वरूप में श्रीकृष्ण की नटखट लीलाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा मेला परिसर श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। माखन लीला के दौरान कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और उनकी चंचल शरारतों का जीवंत मंचन किया। कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी पहुंचे। मेले में चरखी और जलपरी का शो भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बच्चों के साथ बड़ों ने भी विभिन्न झूलों और मनोरंजन के साधनों का आनंद लिया। इस दौरान मेला अध्यक्ष कृष्ण गुप्ता, मंत्री अभय वर्मा, महामंत्री अखिलेश मिश्रा, चंद्रपाल गुप्ता, संजय रस्तोगी, चंद्रपाल शर्मा, गोपाल कृष्ण, जीतू मौर्य और सोनदीप मौर्य समेत मेला समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### मूर्ति निर्माण में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा, किया सम्मानित



राजाराम महिला इंटर कॉलेज में देवी देवताओं की मूर्तियों को हाथ में लिए छात्राएं साथ में प्रधानाचार्या डा. अनीता कुमारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** राजाराम महिला इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. अनीता कुमारी के निर्देशन में मूर्ति निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने भगवान श्रीगणेश, शिवलिंग, श्रीराधा-कृष्ण समेत विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक मूर्तियां बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को लेकर छात्राओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। कक्षा चार की शिखा साहू, पीहू साहू, ऋषि साहू, मिस्टी साहू, सौम्या बेबी, दिव्या भारद्वाज और संध्या तथा कक्षा पांच की शगूफी, निहारिका कश्यप, दीपक्षी, विधि मौर्य और दिया ने मूर्ति निर्माण में प्रतिभाग किया। सुंदर एवं आकर्षक मूर्तियां बनाने वाली छात्राओं को विद्यालय की ओर से प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षिकाएं अंजुम सहर, सुलेखा, नाजनीन बेगम, माणी पांडे, चित्रा कुमारी, संतोष यादव और रचना सक्सेना आदि मौजूद रहीं।

### बच्चों में होती हैं अद्भुत क्षमताएं : नरदेव



विजेताओं को सम्मानित करते शिक्षक-शिक्षिकाएं। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** न्याय पंचायत बसंतनगर के प्राथमिक विद्यालय बरायमयखेड़ा में शुक्रवार को सामान्य ज्ञान, बाल कविता, भाषण, डिक्टेशन और वाद-विवाद समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षक नरदेव शर्मा ने कहा कि बच्चों में अद्भुत क्षमताएं होती हैं। जरूरत है कि उन्हें उचित मार्गदर्शन और अवसर प्रदान किया जाए, ताकि उनकी प्रतिभा को निखारकर उन्हें राष्ट्र के लिए उपयोगी नागरिक बनाया जा सके। शिक्षक सचिन उपाध्याय और मीनाक्षी देवी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता अना, उमेश, अनुभव, तेजेश, चांदनी, पल्लवी, ज्योति, अनस और अनुराधा समेत अन्य बच्चों को पुरस्कृत किया। शिक्षक बृजपाल सिंह ने बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर विजेता विद्यार्थी 15 सितंबर को होने वाली ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान शिक्षक बृजपाल सिंह, फराह बकार, तौहीद खान, अफजल, नीलम आदि मौजूद रहे।

### त्योहार में खलल डालने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**बदायूं।** गणेश चतुर्थी को लेकर सहसवान कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। एसडीएम शौर्य अरोड़ा ने अध्यक्षता करते हुए लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने नगर पालिका को शोभायात्रा मार्ग पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। सीओ अशोक कुमार सिंह और कोतवाल नरेश कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने लोगों से संदिग्ध और खुराफाती तत्वों की सूचना पुलिस को देने को कहा। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। बैठक में गणेश शोभायात्रा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव दिए।

# सड़क में गड्ढे या गड्ढों में सड़क? बदहाल आंवला-बदायूं मार्ग से राहगीर परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय



बदायूं कुंवरगांव रोड गड्ढों में तब्दील। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** नगर के साप्ताहिक बाजार चौराहे के पास आंवला-बदायूं मार्ग की हालत इन दिनों बेहद खराब है। मुख्य सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के साथ जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों के कारण हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है।

सड़क की स्थिति देखकर राहगीरों का कहना है कि यहां यह समझना मुश्किल है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। कई स्थानों पर सड़क की मिट्टी धंस गई है। बारिश अथवा जलभराव के दौरान गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के साथ हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। वाहन क्षतिग्रस्त होने की समस्या भी सामने आ रही है।

**स्कूली बच्चों के लिए भी बढ़ा जोखिम :** आंवला-बदायूं मार्ग से आसपास के गांवों के लोग रोजाना नगर में आते-जाते हैं। इसी मार्ग से स्कूली बच्चे साइकिल, पैदल और स्कूल वाहनों से भी गुजरते हैं। सड़क पर बने गड्ढों के कारण बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी आवागमन जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कई बार वाहन चालक गड्ढों से बचने के प्रयास में असंतुलित हो जाते हैं।

**मरम्मत की मांग :** स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति की ओर संबंधित विभाग का ध्यान कई बार दिलाया जा चुका है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। लोगों ने लोक निर्माण विभाग (PWD) के अधिकारियों से मार्ग का निरीक्षण कराकर गड्ढों की मरम्मत कराने और जलभराव की समस्या दूर कराने की मांग की है। आंवला-बदायूं मार्ग क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है और इससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। ऐसे में लोगों का कहना है कि सड़क की जल्द मरम्मत कराकर आवागमन सुरक्षित किया जाना जरूरी है।

# घर के दरवाजे पर आपत्तिजनक सामग्री बांधने का आरोप

- धार्मिक भावनाएं आहत करने की शिकायत, पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** गांव आसफपुर में घर के मुख्य दरवाजे पर कथित रूप से आपत्तिजनक सामग्री बांधे जाने का मामला सामने आया है। मामले में गांव निवासी बाबूराम पुत्र मोहनलाल ने थाना फैजगंज बेहटा में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, 10 सितंबर की रात उनके घर के मुख्य प्रवेश द्वार पर आपत्तिजनक सामग्री बांध दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कृत्य उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने और परिवार को सामाजिक रूप से अपमानित करने की नीयत से किया गया। घर के मुख्य दरवाजे के पास ही जाहरवीर बाबा का मंदिर भी बना हुआ है।

बाबूराम ने शिकायत में मोहल्ले के एक युवक पर घटना में संलिप्त होने का संदेह जताया है। उनका कहना है कि घटना की जानकारी तत्काल डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर फोटो भी लिए। शिकायतकर्ता ने मौके से जुटाए गए साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि घटना के बाद परिवार में भय और मानसिक तनाव का माहौल है। उन्होंने थाना प्रभारी से दोषी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। हालांकि, मामले में लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

# निजी कब्रिस्तान और घेर पर कब्जे की कोशिश करने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दी जानकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** कस्बा ककराला में जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद सामने आया है। थाना अलापुर क्षेत्र के ककराला निवासी शरफ आलम पुत्र हबीब अहमद और शमशुल पुत्र फारुख अहमद ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर निजी कब्रिस्तान से सटे घेर और खाली प्लाट पर कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जे की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में हस्तक्षेप कर कब्जे की कोशिश रोकने और सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के मुताबिक उनका निजी कब्रिस्तान गाटा संख्या 1870 में स्थित है। इसके बराबर में घेर और खाली प्लाट है, जिसकी चारदीवारी बनी हुई है। कब्रिस्तान में अंग्रेजों के समय का पुराना कुआं होने का भी दावा किया गया है। प्रार्थियों ने बताया कि कब्रिस्तान के पश्चिमी हिस्से में गाटा संख्या 1868 और 1869 की ग्राम सभा की भूमि है। इसके आगे नौशे अली खां की भूमि बताई गई है। आरोप है कि उन्होंने करीब सवा बीघा जमीन खरीदी, जबकि मौके पर करीब दो बीघा भूमि पर कब्जा है। अतिरिक्त भूमि ग्राम समाज की होने का दावा किया गया है।

प्रार्थियों के अनुसार वे वर्तमान में घेर में नहीं रहते हैं और उनके मकान दूसरी जगह हैं। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर वार्ड 19 निवासी रेहान खां, वार्ड 22 निवासी रहीसुल और वार्ड 24 निवासी फैसल खां घेर व प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रार्थियों ने संबंधित लोगों पर पुलिस से सांठगांठ और राजनीतिक संरक्षण का भी आरोप लगाया है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने गाटा संख्या 1870 समेत संबंधित भूमि की राजस्व अभिलेखों के आधार पर पैमाइश और सीमांकन कराकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

# दहेज हत्या में फरार पति गिरफ्तार, भेजा जेल

- अढौली रेलवे फाटक के पास घेराबंदी कर पुलिस ने दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय



उझानी कोतवाली में पुलिस हिरासत में खड़ा आरोपी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी पति को कोतवाली पुलिस ने अढौली रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। वहीं, मामले में नामजद अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

जनपद कासगंज के सोरों गेट थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जय जय राम निवासी विनोद कुमार साहू पुत्र त्रिलोकी चंद्र साहू ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी नीतू साहू की शादी उझानी के मोहल्ला श्रीनारायणगंज, रामलीला रोड निवासी विशाल साहू पुत्र राजीव साहू के साथ की थी। आरोप है कि शादी में सामर्थ्य के अनुसार कार और करीब 30 लाख रुपये खर्च किए गए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नीतू को प्रताड़ित करते थे।

शिकायतकर्ता के अनुसार, 10 सितंबर को नीतू की हत्या करने के बाद आरोपी घर पर ताला लगाकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर दहेज अधिनियम समेत संबंधित धाराओं में पति विशाल साहू, ससुर राजीव साहू, सास प्रवीना साहू और देवर अर्जुन उर्फ सार्थक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक प्रवीण चौहान और हेड कांस्टेबल प्रीतोम कुमार आदि की टीम ने मुखबिर की सूचना पर अढौली रेलवे फाटक के पास घेराबंदी कर नामजद आरोपी पति विशाल साहू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तलाश जारी है।

जागरूकता

खानकाहे सकलेनिया शराफतिया में आयोजित हुआ इस्तमाई निकाह, पूर्व मंत्री आबिद रजा रहे अतिथि

# बिना दहेज के सामूहिक निकाह कर दिया सामाजिक संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री आबिद रजा। -जागरण मोर्चा



सामूहिक निकाह में मौजूद अतिथि व ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** खानकाहे सकलेनिया शराफतिया के साहिबे सज्जादा हजरत गाजी मियां हुजूर की ओर से बड़े स्तर पर 'इस्तमाई निकाह' (सामूहिक विवाह) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई जोड़ों का बिना दहेज के निकाह कराया गया। आयोजन के माध्यम से समाज में सादगीपूर्ण विवाह और दहेज प्रथा के खिलाफ सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री आबिद रजा ने बतौर अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने हजरत गाजी मियां हुजूर से मुलाकात की और उनसे दुआएं लीं। सामूहिक निकाह के आयोजन को लेकर मौजूद लोगों ने इसे सामाजिक सरोकार से जुड़ी पहल बताया।

आयोजन में बिना दहेज के निकाह संपन्न कराए जाने पर लोगों ने खुशी जताई। वक्ताओं ने कहा कि विवाह को अनावश्यक खर्च और दहेज के बोझ से मुक्त कर सादगी के साथ संपन्न कराया जाना समाज के लिए बेहतर संदेश है। सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों से जरूरतमंद परिवारों को भी राहत मिलती है और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर पूर्व मंत्री आबिद रजा के साथ अली फरशोरी, सभासद अनवर खां, जैगम खां, अबरार, नवेद, मुशाहिद समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने नवविवाहित जोड़ों के सुखी दांपत्य जीवन की कामना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# मंदिरों के फूलों के कचरे से कमाई का रास्ता दिखाएंगे छात्र

- फूल-पत्तियों को फेंकने के बजाय खाद, अगरबत्ती और साबुन बनाने का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



ग्राम बाराचिर्रा में पुजारी को मंदिर में चढ़े फूलों के सद्पयोग की जानकारी देता छात्र।

**बदायूं।** राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत महात्मा गांधी पालिका इंटर कॉलेज उझानी के कक्षा 10 के छात्रों यदुवीर और ध्रुव उपाध्याय ने मंदिरों से निकलने वाले फूल-पत्तियों के कचरे के सदुपयोग का अनूठा प्रयोग किया। गाइड शिक्षक श्रवण कुमार थरेजा के मार्गदर्शन में छात्रों ने सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार विषय के उप विषय 'मंदिर के फूलों के कचरे से कमाई' पर अध्ययन किया।

छात्रों ने नगर के समीपवर्ती ग्राम बाराचिर्रा और तेहरा के शिव मंदिर समेत आसपास के तीन-चार मंदिरों का भ्रमण किया। उन्होंने मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं से जानकारी ली कि पूजा में चढ़ाए जाने वाले फूल और पत्तियों का उपयोग बाद में किस तरह किया जाता है। पुजारियों ने बताया कि अधिकांश फूल-पत्तियां फेंक दी जाती हैं या कभी-कभी जल में प्रवाहित कर दी जाती हैं।

इस पर छात्रों ने उन्हें बताया कि फूलों को खुले में फेंकने से इनके सड़ने पर वातावरण प्रदूषित हो सकता है। उन्होंने फूलों को सुखाकर अथवा गड्ढे में डालकर जैविक खाद तैयार करने की जानकारी दी। साथ ही सूखे फूलों से अगरबत्ती, साबुन और अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार कर आमदनी अर्जित करने के विकल्प भी बताए। छात्रों की पहल और जानकारी से प्रभावित होकर पुजारियों और ग्रामीणों ने फूल-पत्तियों को इधर-उधर न फेंककर उनका सदुपयोग करने का संकल्प लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।





## एक नजर

### सैदपुर में बिजली की अघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान

**सैदपुर।** कस्बे में इन दिनों बिजली की अघोषित कटौती से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन के साथ ही रात के समय भी कई-कई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सबसे अधिक परेशानी रात में बिजली गुल होने के दौरान हो रही है। उमस और गर्मी के बीच बिजली बंद रहने से लोग बेचैन होकर इधर-उधर घूमने को मजबूर हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली कटौती का कोई निर्धारित समय नहीं है। कब बिजली चली जाएगी और कब वापस आएगी, इसकी कोई जानकारी नहीं मिलती। रात में अचानक बिजली गुल होने के बाद घंटों तक आपूर्ति बहाल नहीं होती। इससे घरों में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काफी परेशानी होती है। बिजली पर निर्भर छोटे कारोबारियों का काम भी प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने पर जानकारी के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को फोन किया जाता है, लेकिन कई बार फोन रिसीव नहीं किया जाता।

# ड्राइवर ने रची थी एक करोड़ की चोरी की साजिश, दो आरोपी गिरफ्तार

## 24 घंटे में बड़ी वारदात का खुलासा क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली की हुई चर्चाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुलिस लाइन सभागार में घटना का खुलासा करती हुई एसएसपी अंकिता शर्मा।

**बदायूं।** सिविल लाइंस पुलिस ने सर्राफ की गाड़ी से चोरी हुए करीब एक करोड़ रुपये के नकदी और जेवरात के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 79 लाख रुपये नकद, करीब 21 लाख रुपये कीमत के सोने के जेवरात और घटना में प्रयुक्त हुंडई वर्ना कार बरामद करने का दावा किया है। एसएसपी अंकिता शर्मा ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

पुलिस के अनुसार, मामले में मेरठ के लिसाड़ी गेट क्षेत्र के इस्लामाबाद निवासी आरिफ अंसारी और मेरठ कोतवाली क्षेत्र के पूर्वा अब्दुल वाली निवासी वसीम अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। आरिफ सर्राफ शेख दिलावर हुसैन के यहां चालक का काम करता था। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों पर कर्ज था और उन्होंने पहले से चोरी की योजना बनाई थी।

**10 सितंबर को वारदात को दिया अंजाम :** पुलिस के अनुसार, आरिफ सर्राफ की गाड़ी लेकर अपने साथी सरफराज के साथ बदायूं माल देने आया था। वापसी के दौरान दास कॉलेज के पास बिरयानी खाने के बहाने गाड़ी खड़ी की गई। आरोप है कि गाड़ी लॉक नहीं की गई और आरिफ सरफराज को अपने साथ दुकान पर ले गया। इसी दौरान वसीम वर्ना कार से मौके पर पहुंचा और गाड़ी में रखे नकदी व सोने के आभूषण लेकर फरार हो गया। शक से बचने के लिए कार का पीछे का शीशा भी तोड़ दिया गया।

**मेरठ जाते समय पकड़े गए :** पुलिस के मुताबिक, चोरी का माल बदायूं में छिपाने के बाद दोनों आरोपी उसे लेकर मेरठ जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। वसीम के पास से 50 लाख रुपये और वर्ना कार से 29 लाख रुपये बरामद हुए। आरिफ के पास से 101.68 ग्राम पीली धातु के जेवरात बरामद किए गए। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त प्लास भी बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धाराएं बढ़ाई गई हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां दें उन्हें जेल भेज दिया गया।

## वैष्णो देवी और मणिमहेश यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**दहगवां।** वैष्णो देवी और मणिमहेश के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था धार्मिक यात्रा पर रवाना हुआ। यात्रा शुरू करने से पहले सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर विधिवत जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना कर सुखद एवं सफल यात्रा की कामना की। इसके बाद भक्त धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए रवाना हो गए।

जत्थे के रवाना होने के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। भक्तों ने भगवान शिव और माता वैष्णो देवी के जयकारे लगाए। श्रद्धालुओं ने कहा कि धार्मिक स्थलों के दर्शन और तीर्थ यात्रा से उन्हें आध्यात्मिक शांति के साथ सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। जत्थे के रवाना होने पर स्थानीय लोगों ने यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। यात्रा में कृपेश गुप्ता, रोहित गुप्ता, पीयूष गुप्ता, कृपनंदन, अशुल गुप्ता, हरिओम शर्मा आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

## संक्षेप समाचार

### जन्म प्रमाणपत्र को लेकर सीएचसी में हंगामा, मारपीट का आरोप

**उसावां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में शनिवार को जन्म प्रमाणपत्र को लेकर विवाद हो गया। प्रमाणपत्र तत्काल जारी न होने पर गाली-गलौज और अभद्रता के बाद मारपीट का आरोप लगाया गया है। हंगामे से सीएचसी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों में भी खलबली मच गई। सीएचसी में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर अशोक सिंह राठौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नगर निवासी ज्ञानी और संजीव पुत्रगण सुरेश जन्म प्रमाणपत्र तत्काल निकलवाने का दबाव बना रहे थे। प्रमाणपत्र प्रक्रिया में होने के कारण तत्काल जारी करने से मना करने पर दोनों ने गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर मारपीट की स्थिति बन गई। हंगामे की सूचना पर यूपी-112 पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली। बाद में थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंचे। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी मौके से चला गया। कंप्यूटर ऑपरेटर की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अस्पताल का रास्ता बदहाल, कीचड़ और जलभराव से मरीज परेशान

**आसफपुर।** विकासखंड की न्याय पंचायत सिसरका स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय तक पहुंचने वाला रास्ता बारिश के बाद बदहाल हो गया है। अस्पताल के मुख्य द्वार के सामने जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा होने से पूरे रास्ते पर कीचड़ और दलदल जैसी स्थिति बनी हुई है। इससे मरीजों और ग्रामीणों को अस्पताल पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पैदल आने वाले मरीजों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। वहीं, दोपहिया वाहन चालकों के भी फिसलकर गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाज के लिए अस्पताल आने वाले मरीजों को पहले रास्ते की दुश्वारियों से जूझना पड़ता है। बरसात के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों के मुताबिक, लंबे समय से अस्पताल के सामने रास्ते की मरम्मत और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं कराई गई है। इससे लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से अस्पताल के सामने सड़क की तत्काल मरम्मत कराने, गड्ढों को भरवाने और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र तक सुगम रास्ता उपलब्ध कराना भी बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था का ही हिस्सा है।

### शादी के बाद भी नहीं भूली प्रेमी को, थाने आकर बताई पूरी कहानी

**बदायूं।** थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव मिर्जापुर से करीब 20 दिन पहले लापता हुई 21 वर्षीय विवाहिता खुद थाने पहुंच गई। उसने पुलिस के सामने कहा कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से घर से गई थी। विवाहिता ने प्रेमी के साथ रहने की इच्छा जताई है। पुलिस ने उसके बयान दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। सीमा पुत्री कल्याण की शादी करीब सात-आठ माह पहले ग्राम मलिकपुर बिचौला में हुई थी। परिजनों के मुताबिक वह 24 अगस्त को लापता हो गई थी, जिसके बाद थाना जरीफनगर में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। काफी तलाश के बाद भी सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने पांच सितंबर को एसएसपी अंकिता शर्मा से मुलाकात कर विवाहिता की बरामदगी की गुहार लगाई थी। बताया गया कि विवाहिता का शादी से पहले से ही इंस्टाग्राम के जरिए एक युवक से संपर्क था। सीमा ने पुलिस को बताया कि करीब दो वर्ष से उसका युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी वजह से वह घर से प्रेमी के साथ चली गई थी। अब वह उसी के साथ रहना चाहती है। पुलिस के अनुसार विवाहिता बालिग है और उसने अपहरण किए जाने से इनकार किया है। उसके बयान दर्ज कराने के लिए उसे सहसवान न्यायालय भेजा गया है। न्यायालय के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बूथ जीता, चुनाव जीता के मंत्र के साथ संगठन मजबूती पर मंथन

**उसावां।** विधानसभा क्षेत्र दातागंज के अंतर्गत धूम ऋषि इंटर कॉलेज परिसर में मंडल उसावां के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रभारियों, संयोजकों और बूथ अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक को दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह 'बब्बू भैया' ने संबोधित किया। इस दौरान उनके बड़े भाई एडवोकेट विनय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में 'बूथ जीता, चुनाव जीता' के मूलमंत्र को केंद्र में रखते हुए संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ आगामी अभियानों की कार्ययोजना साझा करते हुए पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इसी क्रम में नवीगंज, म्याऊं में मंडल गौतरा के शक्ति केंद्र प्रभारियों, संयोजकों और बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक हुई। यहां भी बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और आगामी अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर मंथन किया गया। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ताओं की ऊर्जा ही संगठन की वास्तविक शक्ति है। एकजुटता और मेहनत के बल पर प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। बैठक में दोनों मंडलों के अध्यक्ष, जिला प्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**उझानी।** शनिवार को नगर के घंटाघर मार्केट में मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत महिला पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी दी। महिला टीम ने सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। इनमें विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और नशा मुक्ति भारत अभियान आदि शामिल हैं। बालिकाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल मदद लेने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

# स्कूली वाहनों की होगी सघन जांच, 14 से चलेगा सेफ फ्यूचर 3.0 अभियान

- फिटनेस, परमिट और वाहनों की यांत्रिक स्थिति जांचेंगी चार टीमें, खामी मिलने पर होगी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय


ऐसे स्कूली वाहनों की होगी चेकिंग। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** स्कूली बच्चों के सुरक्षित यातायात को लेकर परिवहन विभाग 14 से 19 सितंबर तक सेफ फ्यूचर 3.0 अभियान चलाएगा। शासन और जिलाधिकारी के निर्देश पर चलने वाले इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट और यांत्रिक स्थिति की जांच की जाएगी।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन/प्रशासन) हरिओम ने बताया कि अभियान के लिए परिवहन विभाग की चार टीमें गठित की जाएंगी। टीमें स्कूलों में पहुंचकर वहां संचालित वाहनों की मौके पर ही यांत्रिक जांच करेंगी। जिन वाहनों की स्थिति खराब या मानकों के अनुरूप नहीं मिलेगी, उनके संबंध में स्कूल प्रशासन को सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। निर्देशों का पालन नहीं करने पर प्रवर्तन की कार्रवाई की जाएगी।

अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस, जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी का भी सहयोग लिया जाएगा। परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश की ओर से मिशन सेफ फ्यूचर 3.0 का कार्यक्रम जारी किया गया है।

परिवहन विभाग ने सभी स्कूल संचालकों और वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने स्कूलों में संचालित वाहनों की फिटनेस जल्द पूरी कराएं। जिन वाहनों के जरूरी प्रपत्र अधूरे हैं, उन्हें भी पूरा कराया जाए। विभाग ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अभियान में सहयोग करने की अपील की है।


राधेलाल इंटर कॉलेज में प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।

## गड्ढों में तब्दील तीन किमी सड़क, केला लदा ई-रिक्शा पलटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में बदायूं-मुरादाबाद हाईवे पर आरिफपुर नवादा पंचायत घर से पटेल चौक तक करीब तीन किलोमीटर सड़क पिछले दो-तीन माह से जर्जर पड़ी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को पटेल चौक के पास गड्ढे में केला लदा ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में चालक सलीम घायल हो गया। ई-रिक्शा पर लदे केले सड़क पर बिखर गए।

स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क कई स्थानों पर पूरी तरह टूट चुकी है। रात के समय गड्ढे दिखाई नहीं देने से दोपहिया वाहन चालक अक्सर फिसलकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग की हालत लंबे समय से खराब है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से मरम्मत को लेकर प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है।

बताया जाता है कि करीब तीन माह पहले पटेल चौक के पास गड्ढे से बस को बचाने के प्रयास के दौरान रोडवेज बस की चपेट में आने से घेर गांव निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसके बाद भी सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। आए दिन छोटे-बड़े हादसे होने से लोगों में नाराजगी है।

शनिवार को हुए हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घायल ई-रिक्शा चालक को संभाला और सड़क पर बिखरे केले हटाए। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द सड़क की मरम्मत कराने और गड्ढों को भरवाने की मांग की है।

## शेड्यूल के मुताबिक बिजली न मिलने से कनेक्शनधारकों में आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उसहैत।** नगर क्षेत्र में शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं होने से कनेक्शनधारकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। विद्युत समाधान ग्रुप उसहैत पर लगातार बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं के बीच बहस और विरोध देखने को मिल रहा है। नगरवासियों का आरोप है कि दिन और रात में अंधाधुंध बिजली कटौती की जा रही है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगरवासियों का कहना है कि शासन के निर्देशों के बावजूद निर्धारित शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही है। लाइनमैनों की लापरवाही के कारण आए दिन बिजली कटौती की समस्या बनी रहती है। इससे उमस और गर्मी में लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही के चलते नगर के खाली पड़े प्लॉटों में गंदगी के ढेर लगे हैं और दो-दो फीट तक घास उग आई है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। नगरवासियों ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की भी मांग की है।

संजीव कुमार, श्यामपाल सिंह आर्य, विनोद गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, राममूर्ति शाक्य, बबलू, साविर मंसूरी, आशिफ, राजाराम राठौर, बंटी समेत दर्जनों नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**वजीरगंज।** क्षेत्र के गांव हत्सा निवासी महिला की शनिवार दोपहर बाद अग्रवाल जनरल अस्पताल मेटरनिटी सेंटर, पनबड़िया चौराहा, बदायूं में प्रसव के बाद मौत हो गई। महिला ने पुत्र को जन्म दिया था। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद महिला को इंजेक्शन लगाया गया, जिसके कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई और मुंह से झाग आने के बाद उसने दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। गांव हत्सा निवासी फरहद की पत्नी आरिश को शनिवार दोपहर प्रसव पीड़ा होने पर अग्रवाल जनरल अस्पताल मेटरनिटी सेंटर, पनबड़िया चौराहा, बदायूं में भर्ती कराया गया था।

## 75वें स्थापना दिवस से पूर्व राधेलाल इंटर कॉलेज में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

- विद्यार्थियों ने शैक्षिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** राधेलाल इंटर कॉलेज कछला के 75वें स्थापना दिवस समारोह से पूर्व शनिवार को विद्यालय परिसर में विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक, खेलकूद एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्रबंधक शोभित कुमार वैश्य ने बताया कि विद्यालय का 75वां स्थापना दिवस समारोह 16 सितंबर को मनाया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा होंगे। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस को यादगार और भव्य बनाने के उद्देश्य से विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं।

विद्यालय की संरक्षिका डॉ. मिथिलेश वैश्य ने कहा कि राधेलाल इंटर कॉलेज कछला की स्थापना परम पूज्य स्वामी दयानंद जी और माताजी चंदरवती देवी ने वर्ष 1951 में की थी। यह विद्यालय कछला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में वरदान साबित हुआ है। विद्यालय अध्यक्ष राहुल वैश्य ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह में विद्यालय के 75 वर्षों के गौरवपूर्ण इतिहास, उपलब्धियों और शैक्षिक योगदान को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए स्थापना से लेकर वर्तमान तक की विकास यात्रा प्रदर्शित की जाएगी। पूर्व छात्रों, शिक्षकों और विद्यालय से जुड़े विशिष्ट व्यक्तियों के योगदान को भी याद किया जाएगा।

प्रधानाचार्य डॉ. शिशुपाल सिंह ने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि विद्यालय की गौरवशाली परंपराओं, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा को याद करने का अवसर है। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, देशप्रेम और विद्यालय के प्रति गौरव की भावना विकसित करना है। इस दौरान कोषाध्यक्ष प्रकाश, सदस्य संकेत वैश्य, अमित वैश्य, उमंग गुप्ता सहित शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** किशोरावस्था शिक्षा विषय पर 35 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

# ज़ीलॉट पब्लिक स्कूल में सीबीएसई की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न


कार्यशाला मौजूद विद्यालय स्टाफ व अन्य। -जागरण मोर्चा


कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्टाफ। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** ज़ीलॉट पब्लिक स्कूल में 11 एवं 12 सितंबर को सीबीएसई के अंतर्गत किशोरावस्था शिक्षा विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों के 35 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण के दौरान किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक परिवर्तनों तथा विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के प्रभावी तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न गतिविधियों और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से शिक्षकों को व्यवहारिक जानकारी दी गई, जिससे कार्यशाला ज्ञानवर्धक एवं प्रभावी रही।

कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन डॉ. हेमंत अग्रवाल एवं अंकुर फरस्वाल ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। उनके सत्र प्रतिभागियों के लिए उपयोगी एवं जानकारीपूर्ण रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति लता ने कार्यशाला के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों एवं रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशिका सोनाली सचदेवा सहित मुरारी मोहन सक्सेना, आशीष सक्सेना, नीलम जौहरी, मनी पाठक, अरुण कुमार शाह, मो. आजम खान एवं मो. सोहेल का विशेष योगदान रहा।

# देवेश्वर दयाल सक्सेना बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष


देवेश्वर दयाल सक्सेना।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (संगठन) ने संगठन को मजबूत करने और समाज को एकजुट करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देवेश्वर दयाल सक्सेना को बदायूं जिले का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके जिला अध्यक्ष बनने पर कायस्थ समाज के लोगों, संगठन के पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

देवेश्वर दयाल सक्सेना के जिलाध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी मिलते ही उनके समर्थकों एवं समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (संगठन) बदायूं जिले में और अधिक सक्रिय होकर समाज के हित में कार्य करेगी।

इस अवसर पर शुभचिंतकों ने कहा कि देवेश्वर दयाल सक्सेना सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और संगठन को आगे बढ़ाने के लिए उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। उनके नेतृत्व में कायस्थ समाज के लोगों को एकजुट करने, सामाजिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने की उम्मीद है।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देवेश्वर दयाल सक्सेना ने संगठन के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उनके मनोनयन पर संगठन से जुड़े लोगों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए पुनः हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### अखिलेश श्रीवास्तव बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**बदायूं।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (संगठन) में अखिलेश श्रीवास्तव को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन की जानकारी मिलते ही संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि अखिलेश श्रीवास्तव संगठन को मजबूत करने के साथ समाज के लोगों को एकजुट करने और उनके हितों की आवाज उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उनके मनोनयन पर समाज के लोगों ने शुभकामनाएं दीं।


अखिलेश श्रीवास्तव का स्वागत करते कायस्थ सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### शाहबाद में करंट लगने से किशोर झुलसा

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के रमुरा गांव में शनिवार को 15 वर्षीय किशोर हरीश बिजली के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के समय हरीश घर पर किसी काम में व्यस्त था, तभी अचानक उसे तेज बिजली का झटका लगा, जिससे वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### पुत्री की बरामदगी को लेकर पिता ने सीओ से लगाई गुहार

**शाहबाद।** कोतवाली में थाना दिवस की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन को प्रार्थना पत्र देकर एक पिता ने अपनी नाबालिग बेटी के बरामदगी की गुहार लगाई है। 6 सितंबर को कोतवाली क्षेत्र के मितरपुर अहरोला निवासी अदुदी पाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीती 2 सितंबर को 15 वर्षीय बेटी की गुमशुदा हो गई जिसकी उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई।

# नोटिस के खेल में अटकी सरकारी धन की वसूली

## ब्लैकलिस्ट से आगे कब होगी कार्रवाई, फर्म पर कार्रवाई के नाम पर नोटिस-दर-नोटिस

जागरण मोर्चा कार्यालय



नगर निगम शाहजहांपुर।

> जिस फर्म के खिलाफ शिकायत मिल रही है कार्रवाही की जा रही है। ब्लैक लिस्ट के साथ जमानत राशि भी जब्त की जा रही है। जरूरत पड़ी तो रिकवरी भी कराई जाएगी।
> -आशीष त्रिवेदी चीफ निर्माण विभाग, नगर निगम शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर।** नगर निगम में मानकविहीन कार्यों और कथित अनियमितताओं के मामलों में नोटिस जारी करने के बाद कार्रवाई आगे बढ़ाने के बजाय मामला ठंडे बस्ते में डालने पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि कई मामलों में संबंधित फर्मों को नोटिस दिए गए, लेकिन सरकारी धन की क्षतिपूर्ति और जिम्मेदारी तय करने की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। चर्चित फर्म फ्लाई इंफ्राटेक के इलेक्ट्रिक वाहनों का मामला इसका उदाहरण है।

करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से खरीदे गए इलेक्ट्रिक वाहन लंबे समय तक शो-रूम में खड़े रहे और खराब हो गए। मामले में नोटिस जारी कर कार्रवाई की औपचारिकता पूरी कर दी गई। सवाल है कि वाहनों की स्थिति खराब होने से सरकारी धन को हुए नुकसान की भरपाई कैसे होगी। भदौरिया कंस्ट्रक्शन पर फर्जी प्रमाणपत्र का आरोप भी नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर करीब तीन करोड़ रुपये के ठेके हासिल करने के मामले में फर्म स्वामी सुनील सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। इसके बावजूद फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई में कथित देरी चर्चा का विषय बनी हुई है। सवाल यह भी है कि यदि फर्म ब्लैकलिस्ट होती है तो पहले हो चुके नुकसान की वसूली किस तरह होगी। लक्ष्मी इलेक्ट्रिकल की फैंसी तितली लाइट भी सवालों में रही। हरदोई की फर्म ने करीब 1.20 करोड़ रुपये की लागत से लाइटें लगाईं, जो कुछ माह में ही खराब होने लगीं। फर्म को कई बार नोटिस दिए गए और मौके भी दिए गए। अंततः ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की गई, लेकिन अब तक यह सवाल अनुत्तरित है कि खराब काम पर खर्च हुए सरकारी धन की भरपाई कौन करेगा।

**ब्लैकलिस्ट करना ही पर्याप्त कार्रवाई :** नगर निगम की कार्रवाई को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही है कि किसी फर्म को ब्लैकलिस्ट कर देने भर से सरकारी नुकसान की भरपाई नहीं हो जाती। यदि किसी फर्म के काम से सरकारी धन का नुकसान हुआ है तो उसकी जिम्मेदारी तय कर रिकवरी, क्षतिपूर्ति और दोषी अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। यह भी सवाल उठ रहा है कि यदि किसी फर्म का संचालक दूसरी फर्म बनाकर या परिवार के किसी सदस्य के नाम से नया कारोबार शुरू कर फिर सरकारी काम हासिल कर ले तो पुरानी कार्रवाई का क्या प्रभाव रहेगा। ऐसे मामलों में फर्म के साथ जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच जरूरी है। अब निगाह नगर निगम की अगली कार्रवाई पर है। क्या नोटिस और ब्लैकलिस्ट तक सीमित कार्रवाई होगी या सरकारी धन के नुकसान की वास्तविक वसूली के साथ जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही भी तय की जाएगी।

# दो दर्जन ग्रामीणों का रास्ता बंद, समाधान दिवस में शिकायत

**खुदागंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरी निवासी दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर रास्ता खुलवाए जाने की गुहार लगाई ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग कई दशकों से यहां निवास करते हैं परंतु अब कुछ लोगों द्वारा रास्ता अवरुद्ध किया जा रहा है रास्ते में कीचड़ है जिससे निकलना मुश्किल हो रहा है उन्होंने मामले में शीघ्र निस्तारण कराए जाने की गुहार लगाई है हल्का लेखपाल द्वारा गांव पहुंचने का आश्वासन दिया गया परंतु लेखपाल के न पहुंचने से ग्रामीण मायूस नजर आए ग्रामीणों ने कहा अगर शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह उच्च अधिकारियों से मामले की शिकायत करेंगे इस दौरान ऋषि पाल रमेश नरेश सियाराम भगवानदास शिवराम सुनीता कमला देवी ममता माधुरी सुखरानी पिंकी आदि मौजूद रहे

## संक्षेप समाचार

### शिक्षा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने वाले देशभर के 83 शिक्षा अधिकारियों में शाहबाद की बीईओ भी शामिल, किया गया सम्मानित



**शाहबाद।** शैक्षिक प्रशासन में नवोन्मेष, नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए शाहबाद की खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह को राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। जिसके बाद शाहबाद बीआरसी केंद्र पहुंचने पर बीईओ का शिक्षकों ने स्वागत एवं सम्मान किया। बीईओ को शिक्षा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सम्मानित किया गया है देशभर से चयनित 83 शिक्षा अधिकारियों में शाहबाद की खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह का नाम भी शामिल रहा। जो कि रामपुर जनपद के लिए गर्व का विषय है। ब्लॉक अध्यक्ष डॉ वसीम अहमद, जिला प्रवक्ता संजीव चंदेल, अजीम खान आदि ने बीईओ को सम्मानित किया।

### शाहबाद कोतवाली पर सीओ ने सुनी जनसमस्याएं



शाहबाद कोतवाली पर लोगों की शिकायतों को सुनते सीओ देवकीनंदन।

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने दूर-दराज से आए फरियादियों की गंभीर समस्याओं को एक-एक कर सुना।सीओ देवकीनंदन ने मौके पर उपस्थित पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों को ठंडे बस्ते में न डाला जाए। उन्होंने कहा, "हर पीड़ित की समस्या का समाधान पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा के भीतर होना चाहिए, ताकि किसी भी फरियादी को दोबारा परेशान न होना पड़े। शाहबाद कोतवाल धनंजय सिंह, अपराध निरीक्षक जयप्रकाश सिंह आदि रहे।

### महिला को सांप ने डसा, सीएचसी में कराया भर्ती

**शाहबाद।** सम्भल जनपद के धनुपुरा गांव में शनिवार को घर का काम करते समय कमलेश पत्नी बाबूराम को एक जहरीले सांप ने डंस लिया। जिसके चलते महिला की हालत बिगड़ने लगाई और वह अचेत हो गई। परिजनों ने बिना देर किए उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने तत्परता दिखाते हुए महिला का प्राथमिक उपचार शुरू किया, जिससे उसकी जान बचाई जा सके। समय पर इलाज मिलने से महिला की स्थिति में सुधार बताया जा रहा है।

### वृद्ध ने नदी में लगा दी छलांग



राजेश शर्मा।

**खुदागंज।** शिकायत के बाद पुलिस द्वारा पूछताछ से आहत होकर वृद्ध ने वहगुल नदी में छलांग लगा दी जिसके बाद उसका पता नहीं चला सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। खुदागंज थाना क्षेत्र के ग्राम हत्सा निवासी राजेश शर्मा 60 ने आज फतेहगंज के निकट बहगुल नदी पुल के निकट बाइक खड़ी कर छलांग लगा दी जिसको वहां प्रत्यक्ष दर्शियो द्वारा देखा गया इसके बाद उनका कोई पता नहीं चला बताया जाता है कि विगत दो सप्ताह पूर्व उनके भाई राजीव कुमार शर्मा की पुत्री नैना देवी ने आत्महत्या की थी जिसके चलते नैना देवी के मामा पहाड़ीपुर बिबिया निवासी रामकिशोर पांडे ने उक्त राजेश शर्मा पर पुत्री को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी जिसके चलते पुलिस उनसे लगातार पूछताछ कर रही थी बताया जाता है की इसी के चलते आहत होकर उन्होंने नदी में छलांग लगा दी पुलिस बा ग्रामीणों की मदद से नदी में उनकी तलाश लगातार जारी है

### भगवान परशुराम धाम में मनाया जाएगा श्रीकृष्ण छठी महोत्सव

**शाहजहांपुर।** भगवान श्रीकृष्ण की छठी के अवसर पर ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ की ओर से भगवान परशुराम धाम में श्रीकृष्ण छठी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर तीन बजे से शुरू होगा। महोत्सव में भजन-कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महोत्सव में सहभागिता करने की अपील की है। यह जानकारी ब्राह्मण समाज के प्रदेश महामंत्री हरिशरण वाजपेई ने दी।

### आर्थिक तंगी से परेशान पल्लेदार ने दी जान

**परशुरामपुरी शाहजहांपुर।** प्रताप नगर निवासी मंडी पल्लेदार बृजलाल (48) ने शुक्रवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह बेटी चाय देने कमरे में पहुंची तो शव फंदे पर लटका देखकर चीख पड़ी। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंच गए। बृजलाल स्थानीय मंडी में पल्लेदारी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिजनों के मुताबिक वह आर्थिक तंगी को लेकर परेशान थे। उनकी मौत से पत्नी दुर्गा देवी, तीन बेटों और दो बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बड़ी बहन की शादी के जेवर नकदी लेकर छोटी बहन फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** बड़ी बहन की शादी के लिए घर में रखे लाखों रुपये के जेवर और नकदी लेकर छोटी बहन अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। पिता का आरोप है कि खेत बेचकर मिले साढ़े चार लाख रुपये भी उन्होंने छोटी बेटी के बैंक खाते में जमा किए थे। अब वह रकम भी खाते से गायब होने की आशंका है। पिता की तहरीर पर चौक कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी छोटी बेटी गुरुवार को स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। दोपहर तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू की। स्कूल में भी जानकारी की गई, लेकिन उसका पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि मघई टोला निवासी रेहान, जो पहले से शादीशुदा है, उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पिता के मुताबिक घर में बड़ी बेटी की शादी के लिए सोने का हार, कान की बालियां, झुमर और टीका समेत अन्य जेवर रखे थे। इसके अलावा एक लाख रुपये की नकदी भी थी। आरोप है कि बेटी ये सभी सामान अपने साथ ले गई। उन्होंने बताया कि एक सितंबर को उन्होंने अपना खेत चार लाख 50 हजार रुपये में बेचा था। यह रकम भी छोटी बेटी के बैंक खाते में जमा की गई थी। अब वह रकम भी उसके पास है और खाता खाली होने की आशंका है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। छात्रा की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# आलोक मिश्रा गो-संरक्षण समिति में नामित

जागरण मोर्चा कार्यालय



आलोक मिश्रा। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग ने जनपदीय गो-संरक्षण समितियों में गो-सेवा से जुड़े लोगों को सदस्य नामित किया है। आयोग के कार्यालय आदेश के तहत शाहजहांपुर से आलोक कुमार मिश्र को समिति का सदस्य बनाया गया है।आयोग ने यह नामांकन जिलाधिकारी और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी की संस्तुति के आधार पर किया है। नामित सदस्य को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके लिए उन्हें किसी प्रकार का वेतन या भत्ता नहीं मिलेगा। समिति के सदस्य जिले की गोशालाओं के सुचारू संचालन और उन्हें स्वावलंबी बनाने में सहयोग करेंगे। इसके लिए बायोगैस, कंपोस्ट, पंचगव्य से साबुन, अगरबत्ती, मच्छररोधी कायल, गोनाइल और औषधियों के उत्पादन व बिक्री को बढ़ावा दिया जाएगा। जनपदीय समितियां गो-सेवा आयोग के पर्यवेक्षण में काम करेंगी। प्रत्येक तीन माह में समिति की बैठक होगी और उसका कार्यवृत्त आयोग को भेजा जाएगा। आयोग ने आवश्यकता के अनुसार नामांकन में संशोधन या उसे निरस्त करने का अधिकार भी सुरक्षित रखा है।

# नौ प्रभारी निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में किया गया फेरबदल

जागरण मोर्चा कार्यालय

- खुटार, कांट, अल्हागंज और गढ़िया रंगीन के प्रभारी निरीक्षक बदले

**शाहजहांपुर।** जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने शुक्रवार को पुलिस विभाग में फेरबदल किया। नौ पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती दी गई है। इनमें आठ निरीक्षक और एक उपनिरीक्षक शामिल हैं। निरीक्षक लोकेन्द्र कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक खुटार बनाया गया है। खुटार के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार के गैरजनपद स्थानांतरण के बाद उन्हें पुलिस लाइन भेजा गया है। निरीक्षक हरीश कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक रामचंद्र मिशन की जिम्मेदारी दी गई है। वहां तैनात धर्मेंद्र कुमार के गैरजनपद स्थानांतरण के चलते उन्हें भी पुलिस लाइन भेजा गया है। इसी तरह निरीक्षक अनुज कुमार तोमर को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक कांट बनाया गया है। कांट के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार को अल्हागंज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गढ़िया रंगीन के प्रभारी निरीक्षक हरकेश सिंह के गैरजनपद स्थानांतरण के बाद उन्हें पुलिस लाइन भेजा गया है। निरीक्षक मेघपाल सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक एएचटी बनाया गया है। उपनिरीक्षक ओमप्रकाश को अल्हागंज थानाध्यक्ष पद से हटाकर गढ़िया रंगीन का थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसपी ने सभी अधिकारियों को तत्काल नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण कर आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# पुलिस ने किया ऑटो लिफ्टर गैंग का खुलासा, चोरी की पांच बाइक बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय




ऑटो लिफ्टर गैंग के सदस्य पुलिस कस्टडी में। -जागरण मोर्चा

**तिलहर शाहजहांपुर।** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को ऑटो लिफ्टर गैंग का खुलासा करते हुए चार को बाइक चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सरयू पुलिया के पास सर्विस रोड से तीन लोगों अर्श उर्फ भूरा कुनाल और जगजीत को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर भक्सी तिराहे से फैजान उर्फ मुन्ना तथा अमन को गिरफ्तार किया उनके पास चार बाइक और एक चेसिस बरामद की। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह लोग नगर के अनेक स्थानों सेअलग-अलगसमय पर बदल बदल करवाइक चोरी करते थेऔरउनके पार्ट्स काट पीट कर और पहचान मिटाकर बेच देते थे (बरामद बाइकों के चेसिस नंबर और अंकित नंबर अलग-अलग पाए गए (विधिक कार्रवाई के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा (बाइक बरामद करने वाली टीम में विरियागंज चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रमेश कुमार वर्मा ,उपनिरीक्षक देवेश कुमार ,उप निरीक्षक नेपाल सिंह, कांस्टेबल अनिल कुमार कल्याण, अक्षय कुमार, सतीश कुमार ,सुशांत चौधरी आदि शामिल थे।

# कब्रिस्तान की जगह अवैध निर्माण पर प्रशासन ने लगाई रोक

जागरण मोर्चा कार्यालय

> **अतिक्रमण हो करने पर होगी कार्रवाई भूमि की जांच और पैमाइश कराई जाएगी**

**तिलहर शाहजहांपुर।** पुराने रोडवेज के निकट एक कब्रिस्तान पर अवैध निर्माण की शिकायत पर प्रशासन ने अपनी नजरें टेढ़ी करते हुए तत्काल प्रभाव से निर्माण पर रोक लगा दी है। इतना ही नहीं अतिक्रमण करने या कानून व्यवस्था में खलल डालने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

मोहल्ला मौजमपुर के लोगों ने रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध निर्माण किए जाने का आरोप लगाते हुए बुधवार शाम एसडीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया। इस्लाम, समीम, इरफान, हारून, जमील समेत तमाम लोगों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र एसडीएम आदित्य श्रीवास्तव को सौंपकर निर्माण कार्य रुकवाने और जमीन की निष्पक्ष पैमाइश कराने की मांग की।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कब्रिस्तान की जमीन पर निर्माण कराया जा रहा है। इससे लोगों में रोष है उन्होंने प्रशासन से कब्रिस्तान की भूमि की राजस्व अभिलेखों के आधार पर पैमाइश कराकर स्थिति स्पष्ट करने तथा अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की शिकायत का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजा।

टीम ने मौके पर पहुंचकर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया। साथ ही निर्माण करा रहे लोगों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जांच पूरी होने तक किसी भी प्रकार का निर्माण न किया जाए। एसडीएम आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत मिली थी। राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निर्माण रुकवा दिया गया है। भूमि की जांच और पैमाइश कराई जाएगी। जांच पूरी होने तक यदि किसी ने दोबारा निर्माण करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बैठक

### 21 अक्टूबर को राजगद्दी, 22 को भरत मिलाप, सुरेश सिंघल बने रामलीला समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष

# आठ अक्टूबर को गणेश यात्रा के साथ शुरू होगी रामलीला

जागरण मोर्चा कार्यालय



रामलीला कमेटी की बैठक के दौरान वित्त मंत्री। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** अटल ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं श्री रामलीला समिति खिरनी बाग के संरक्षक सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में समिति की बैठक हुई। इसमें समिति के अध्यक्ष स्वर्गीय वीरेंद्र पाल सिंह यादव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। उनके निधन से रिक्त पद पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सिंघल को सर्वसम्मति से कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में वर्ष 2025 के रामलीला आयोजन का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया, जिसे विचार-विमर्श के बाद स्वीकार कर लिया गया।

संरक्षक सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि इस वर्ष भी रामलीला का आयोजन भव्य और उल्लासपूर्ण तरीके से होगा। रामलीला मैदान में बच्चों के लिए आकर्षक झूले और विभिन्न दुकानों की व्यवस्था की जाएगी। मेला क्षेत्र में स्टॉल और ठेले निर्धारित नक्शे के अनुसार व्यवस्थित किए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं और दर्शकों को असुविधा न हो। रामलीला मंचन से पहले 8 अक्टूबर को शाम चार बजे गांधीगंज से श्रीगणेश शोभायात्रा निकलेगी। यह चौक, घंटाघर, बहादुरगंज और खिरनी बाग होते हुए रात आठ बजे रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां गणेश पूजन, मंच पूजन और हवन के बाद रामलीला का शुभारंभ होगा। 8 से 20 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम सात बजे से रामलीला का मंचन होगा। 20 अक्टूबर को विजयदशमी पर रावण और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाएगा। इसके साथ ही रामलीला मेले का समापन होगा। 21 अक्टूबर को शाम सात बजे रामलीला मैदान से राजगद्दी शोभायात्रा निकलेगी। नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरने वाली शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत और पूजन किया जाएगा। 22 अक्टूबर को सुबह सात बजे चौक में परंपरागत भरत मिलाप की लीला होगी। इसके बाद राजगद्दी शोभायात्रा राम जानकी मंदिर दलेलगंज पहुंचेगी, जहां पूजन, आरती और प्रसाद वितरण के बाद इसका समापन होगा। रामलीला और मेले की व्यवस्थाओं के लिए विभिन्न समितियां गठित कर सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में नए सदस्यों के रूप में रणजीत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, धीरज वर्मा, राकेश गुप्ता, विधायक अरविंद सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रिया गुप्ता, पवन अग्रवाल और नितिन मेहरोत्रा को समिति में शामिल किया गया। बैठक का संचालन विनोद अग्रवाल ने किया। अंत में स्वर्गीय वीरेंद्र पाल सिंह यादव की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, डीपीएस राठौर, शिल्पी गुप्ता, केसी मिश्रा समेत समिति के पदाधिकारी, सदस्य और कई भाजपा पार्षद मौजूद रहे।

# शाहबाद क्षेत्र में फैला अवैध अस्पतालों का मकड़जाल, ग्लोबल अस्पताल पर लगा ताला

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहबाद नगर में ग्लोबल अस्पताल को सील करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

**शाहाबाद।** तहसील क्षेत्र में दिन ब दिन अपंजीकृत अस्पतालों का मकड़जाल फैलता ही जा रहा है हालांकि स्वास्थ्य विभाग भी समय समय पर अपनी कार्रवाई करता है, लेकिन इन अपंजीकृत अस्पतालों के संचालक इस कदर मनमानी पर है कि अस्पताल की सील तोड़कर फिर से अस्पताल को खोल लेते है। शनिवार को शाहबाद के रामपुर चौराहे के पास बिना डॉक्टर और बिना रजिस्ट्रेशन के धड़ल्ले से चल रहे 'न्यू ग्लोबल हॉस्पिटल' पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। अस्पताल में भर्ती तीन महिला मरीजों में से एक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में स्थानांतरित कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को रामपुर चौराहे से आगे स्थित न्यू ग्लोबल अस्पताल पर अचानक छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान अस्पताल में कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। जब टीम ने अस्पताल के संचालक से पंजीकरण और अन्य जरूरी दस्तावेज मांगे, तो वह कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। उधर सैफनी क्षेत्र में सील तोड़कर चल रहे अस्पताल पर दोबारा से ताला लगाया गया। कार्रवाई के दौरान शाहबाद सीएचसी के अधीक्षक डॉ राजीव चंदेल, मो. आजम आदि रहे।


चंदौसी गणेश चौथ मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते पांच धर्मों के गुरु। -जागरण मोर्चा


चंदौसी के गणेश चौथ मेले पर फूलडोल यात्रा लेकर जाते सीडीओ व सीएमओ और मेला कमेटी के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# सर्वधर्म प्रतिनिधियों ने किया गणेश मेले का उद्घाटन

## उद्घाटन के बाद जनता के लिए खोल दिया गया मेला, सर्वधर्म सद्भाव के साथ 2 अक्तूबर तक सजेगा मेला, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** प्रसिद्ध गणेश चौथ मेले का शनिवार को आगाज हो गया। सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। यह मेला 2 अक्तूबर तक चलेगा। फूलडोल मेला ग्राउंड में गणेश स्तंभ के पास स्थापित किया गया है। सोमवार को गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की रथयात्रा निकाली जाएगी। शुक्रवार को मेला ग्राउंड स्थित मेले के मुख्य गेट का उद्घाटन सभी धर्म के प्रतिनिधियों द्वारा सीता काटकर किया गया उद्घाटन करने वालों में सनातन धर्म से पंडित मेवाराम, ईसाई धर्म से डैरियल मेसी, मुस्लिम धर्म से गुलाम साविर, सिख धर्म से सुखप्रीत सिंह और बौद्ध धर्म से एके सिंह शामिल थे। इसके बाद मिला लोगों के लिए खोल दिया गया मेले में सुरक्षा की दृष्टिगत भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। उद्घाटन के बाद फूलडोल मेला ग्राउंड में गणेश स्तंभ के नीचे स्थापित कर दिया गया। इसे मेले के अंतिम दिन वापस गणेश मंदिर में पहुंचा दिया जाएगा। 21 दिन तक मेले के दौरान इसका पूजन वहीं होगा। मेला उद्घाटन के समय से ही मेले में लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। रात भर मेले में रौनक रही। मेले में खेल-खिलौने, चाट पकौड़ी, कपड़े सहित अन्य कई प्रकार के घरेलू सामान की दुकानें लगाई गईं हैं सुरक्षा की दृष्टि से मेला परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। लोगों ने मेले में लगी दुकानों पर पहुंचकर खरीदारी की। मेले व गणेश मंदिर को सुंदर-सुंदर रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। सुरक्षा को देखते हुए पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान मेला प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र सिंह, मुख्य सचिव हरि गोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर, रविंद्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता, डॉ. राजीव कुमार, प्रजीत लालू, शशिकांत गुप्ता, डॉ शेखर वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, लोकेंद्र शर्मा, विनय सर्राफ, सतेंद्र मामा, शुभम् अग्रवाल मौजूद रहे।

### स्कूली बच्चों ने किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

गणेश चतुर्थी मेले में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम सभी का मन मोह लिया। गणेश मंदिर के सामने द्वार पूजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने देवा हो देवा गणपति देवा, गणपति बप्पा मोरया, देश तेरी शान पर सदके, सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी आदि गीतों पर सामूहिक नृत्य कर समां बांध दी। कार्यक्रम में जीके सिल्वर स्टोन के बच्चों ने गणेश वंदना, लोकेश डांस एकेडमी, द डांस पाठशाला, केके डांस एकेडमी के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए।


चंदौसी के गणेश मंदिर पर पूजा-अर्चना करते एसडीएम व सीओ और पालिकाध्यक्ष।


चंदौसी के गणेश मंदिर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते बच्चें। -जागरण मोर्चा


चंदौसी के गणेश मंदिर शुभारंभ पर खेलता काली का अखाड़ा। -जागरण मोर्चा

### भूपाल विनायक द्वार का हुआ विधि विधान से पूजन

गणेश मंदिर के सामने मेला कमेटी की ओर से बनाए गए भूपाल विनायक द्वार बनाया गया। इसका पूजन एसडीएम आशुतोष तिवारी, सीओ विवेक जावला, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने भी किया। इसके बाद गुब्बारों व कबूतरों को आकाश में उड़ाए गए।

### भगवान गणेश का फूल डोला निकाला गाजे बाजे के साथ

मेले के उद्घाटन से पूर्व सीता रोड स्थित गणेश मंदिर से भगवान गजानन का फूल डोला निकाला गया। सिंहासन पर गणेशजी की छोटी प्रतिमा को रखा गया। फूल डोला सीडीओ गोरखनाथ भट्ट व सीएमओ डॉ तरुण पाठक ने निकाला। मेला व अन्य लोग ढोल नगाड़ों व बाजे के साथ शामिल हुए और मेला परिसर पहुंचे। मेला ग्राउंड में स्थित गणेश स्तंभ के नीचे मंदिर में प्रतिमा स्थापित की गई। इसके बाद गणेश जी की पूजा की गई।


चंदौसी के गणेश मंदिर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को देखते अतिथि व लोग।

# एसपी ने मेला कोतवाली में पुलिस फोर्स को किया ब्रीफ


चंदौसी के गणेश चौथ मेले पर पुलिसकर्मियों के साथ ब्रीफ करते एसपी। -जागरण मोर्चा


चंदौसी के गणेश चौथ मेले पर मौजूद पुलिसकर्मी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** गणेश चतुर्थी मेले को लेकर पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को मेला कोतवाली स्थित पुलिस फोर्स को ब्रीफ किया। ब्रीफिंग के दौरान एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी ने सभी पुलिसकर्मियों को उनकी ड्यूटी एवं जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिसकर्मियों को मेले के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आपसी समन्वय एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही मेले को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी अधिकारी/कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। ब्रीफिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक( उत्तरी ) कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी विवेक जावला सहित आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दो मकानों में नकब लगा लाखों की चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कुढफतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव चंडरौआ में शुक्रवार की रात चोरों ने दो सगे भाईयो के घरों में नकब लगाकर लाखों की नगदी व जेवर चोरी कर ले गए। गुरुवार की रात भी गांव गुरसरी में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया था । चोरी की तहरीर थाने में दी गई है।

गांव निवासी दो सगे भाई जालिम सिंह व राम अवतार सिंह के घरों में चोरों ने शुक्रवार की रात मकान की पीछे से दीवार में नकब लगा लिया। जबकि परिजन सोते रहे। सुबह को परिजन उठे तो कमरे का दरवाजा खोला व दीवार में नकब लगा देखा तो चोरी की जानकारी हुई। कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था। परिजनों ने शोर मचाया तो गांव के लोग इकट्ठे हो गए। काफी दूर तक तलाश किया सामान नहीं मिला चोर जालिम सिंह के घर से एक एक चांदी की हसली, खडूआ चांदी, एक चांदी की चेन, सोने की कंठी, चांदी का पेंडल व 50 हजार नगद चुरा ले गए। वहीं दूसरे भाई रामअवतार के घर से चांदी की हसली, चांदी का खडुआ, सोने के कुंडल, पीतल के बर्तन व कुछ नगदी चुरा ले गए। कुढफतेहगढ़ क्षेत्र में चोरी की घटना लगातार बढ़ती जा रही है । चोरों के हौंसले बुलंद, जबकि पुलिस खाली हाथ और किसी वारदात का खुलासा नहीं कर सकी है। चोरों ने गुरुवार रात गुरसरी में एक घर से लाखों की चोरी की थी। वहीं 28 अगस्त को रक्षाबंधन करके लौट रहे पति-पत्नी को बदमाशों ने डारनी बिजली घर के पास तमंचे के बल पर मारपीट कर लूट ले गए थे। चोरी की तहरीर थाने में दी गई है।


चंदौसी के गांव चंडरौआ में चोरों द्वारा लगाया गया नकब। -जागरण मोर्चा

**महा-निस्तारण** जिला न्यायाधीश डॉ . विदुषी सिंह ने किया राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ

# राष्ट्रीय लोक अदालत : 31 हजार से अधिक मुकदमों का निपटारा, करोड़ों का समझौता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उप्र के तत्वाधान में जिला जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार की सुबह 10 बजे आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ जिला न्यायाधीश डॉ विदुषी सिंह द्वारा मां सरस्वती का पूजन व पुष्प अर्पित कर किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करते हुए जनपद न्यायालय में मुख्यालय व बाह्य न्यायालय द्वारा कुल 5006 वादों का निस्तारण किया गया। समस्त मामलो में अर्थदण्ड/प्रतिकर के रूप मे कुल 28211043 रुपए वसूल/प्रदत्त कराये गये। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय मचला अग्रवाल द्वारा 81 वादो का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी, एमएसीटी प्रतिभा सक्सेना प्रथम द्वारा मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिकरण के 22 वादों का निस्तारण करते हुए पीड़ित पक्ष को 27660723 रुपए प्रतिकर के रूप में दिलवाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश आरती फौजदार द्वारा 353 वादो का निस्तारण करते हुए 5000 रूपये जुर्माना किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट रागिनी द्वारा 8 वाद का निस्तारण करते हुए 4000 रूपये जुर्माना किया गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह द्वारा 6 वाद का निस्तारण करते हुए 11500 रूपये जुर्माना किया गया। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल द्वारा 2429 वादों का निस्तारण करते हुए 482950 रूपये जुर्माना किया गया। सिविल जज सीडि पराग यादव द्वारा 401 वाद का निस्तारण करते हुए 6950 रूपये अर्थदण्ड वसूल किया गया। सिविल जज सीडि आदित्य सिंह द्वारा 141 वाथ का निस्तारण करते हुए 2150 रूपये अर्थदण्ड वसूल किया गया।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नावेद अख्तर द्वारा 169 वाद का निस्तारण करते हुए 1500 रूपये अर्थदण्ड वसूल किया गया। सिविल जज जूडि दिव्या गर्न द्वारा 149 वादों का निस्तारण किया गया तथा 1600 रुपए अर्थदण्ड वसूल किया गया। सिविल जज जूडि, जेएम बाह्य न्यायालय ललित कुमार द्वारा 527 वादो का निस्तारण करते हुए 4610 रूपये जुर्माना वसूल किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम बाह्य न्यायालय दिव्या चिण्डालिया द्वारा 50 वादों का निस्तारण करते हुए 22510 रूपये जुर्माना वसूल किया गया। सिविल जज जूडि न्यायिक मजिस्ट्रेट बाह्य न्यायालय गुन्नौर अभिषेक सिंह द्वारा 660 वादों का निस्तारण करते हुए 6550 रूपये जुर्माना वसूल किया गया। जनपद सम्भल के समस्त राजस्व न्यायालय द्वारा 25764 वादों का निस्तारण किया गया। उपभोक्ता फोरम द्वारा 16 वादो का निस्तारण करते हुए 8987827 रूपये समझौते की धनराशि प्राप्त करायी गयी। जनपद सम्भल के विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 691 मामलों का निस्तारण कर 91057000 रूपये की धनराशि समझौते के उपरान्त प्राप्त की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी बैंकों द्वारा अपने-अपने शिविर लगाए गए।


राष्ट्रीय लोक अदालत का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करती जिला जज।


राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण करतें बैंक कर्मचारी।

## एसपी ने किया बहजोई थाने का निरीक्षण

**चंदौसी।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक सम्भल विकास चन्द्र त्रिपाठी ने थाना बहजोई का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अभिलेखों का अवलोकन किया। थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना, मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क की व्यवस्थाएं भी जांचीं। एसपी ने शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी लेते हुए फरियादियों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित विवेचनाओं और प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण, अभिलेखों को अद्यावधिक रखने तथा अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था प्रभावी बनाए रखने पर जोर दिया।



## गीता सार

तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः।
कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन ॥

**भावार्थ** : तपस्वियों से योगी श्रेष्ठ है, शास्त्र-ज्ञानियों से भी योगी श्रेष्ठ माना जाता है और सकाम कर्म करने वालों की अपेक्षा भी योगी श्रेष्ठ है, इसलिए हे अर्जुन! तू योगी बन।

## सम्पादकीय

# दोस्ती के नजारे

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में प्रस्तावित ब्रिक्स समिट में शामिल होने भारत आ रहे हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि शी जिनपिंग शनिवार को दिल्ली पहुंचेंगे। सात वर्षों में उनकी यह पहली भारत यात्रा होगी। पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी होनी है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शिखर सम्मेलन में भाग लेने शुक्रवार सवेरे ही नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। हवाईअड्डे पर केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने उनका स्वागत किया। शुक्रवार को ही पुतिन और मोदी के बीच अहम द्विपक्षीय वार्ता भी हो चुकी है, जिसमें रक्षा व ऊर्जा विशेषकर सुखोई-57 और नए परमाणु संयंत्र लगाने समेत



कई मुद्दों पर चर्चा हो चुकी है। चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की यात्रा और पीएम मोदी की वार्ता के नतीजे अस्थिर वैश्विक हालात खासकर पश्चिम एशिया और यूक्रेन युद्ध के बीच ब्रिक्स देशों में सहयोग पर असर डालेंगे। मोदी-शी व मोदी-पुतिन की बैठकों पर दुनिया की निगाहें हैं क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसलों से परेशान देश चीन-भारत के बीच का तनाव खत्म होते देखना चाहते हैं। बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान को इस समिट के लिए न्योता नहीं दिया गया है। पुतिन व जिनपिंग के अलावा समिट में राष्ट्र प्रमुखों की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, ईरान के मसूद पेजेश्कियन, मिस्र के अब्देल फतह अल-सीसी, इंडोनेशिया के प्राबोवो सुबियांतो व मलयेशिया के अनवर इब्राहिम शामिल हो रहे हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद पहली बार ईरान के पेजेश्कियन और अबूधाबी के क्राउन प्रिंस जायद अल नाहयान आमने-सामने होंगे। यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी भारत आ रहे हैं। 2026 ब्रिक्स समिट का केंद्रीय मार्गदर्शक विषय भी 'ब्रिक्स' यानी बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, को ऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी है। इसका अर्थ है लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के निर्माण। यह विषय इसलिए चुना गया क्योंकि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए ब्रिक्स के बीच व्यापक सहयोग जरूरी है। साथ ही यह विषय भारत की मौजूदा उपलब्धियों और संस्थागत प्रभाव को बढ़ाने वाले दृष्टिकोण को दिखाता है। पीएम मोदी ने गुरुवार को वीडियो साझा कर ब्रिक्स 2026 के लिए सारी तैयारियां पूरी होने की जानकारी दी। 30 सेकंड के वीडियो में शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल यानी भारत मंडपम की सजावट और सम्मेलन की तैयारियों की झलकियां दिखाई गईं हैं। आकर्षक बैकग्राउंड म्यूजिक भी है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सात साल बाद भारत आ रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अलग से मुलाकात भी करेंगे। रूस के राष्ट्रपति पुतिन से भी मोदी की अहम बातचीत के बाद क्या इन बैठकों से भारत-चीन के संबंधों में जमी बर्फ पिघलेगी?

### अमेरिका ने प्रकाशित की हमारे परमाणु कार्यक्रम की रिपोर्ट

# बहुत सोच समझकर चुना प्रकाशन का समय



**विजय कपूर**

> नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स सम्मेलन (12 व 13 सितंबर 2026) के आयोजन से पहले 9 सितंबर 2026 को अमेरिका के एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि भारत ने कम से कम 30 अतिरिक्त परमाणु वॉरहेड (विस्फोटक) अपने नए निर्माणाधीन मिसाइलों के लिए जोड़े हैं, जिससे उसके ऑपरेशनल लांचर्स के लिए जो पहले से ही 160 वॉरहेड्स मौजूद हैं, उनकी संख्या बढ़कर 190 हो गई है। अमेरिका के गैर-मुनाफे वाले पालिसी थिंक टैंक द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट के प्रकाशन की टाइमिंग को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। ब्रिक्स के जरिये चीन, रूस व ईरान की तिगड़ी नई विश्व व्यवस्था स्थापित करने के प्रयास में है, जिसे अमेरिकी नायकत्व (पढ़ें दादागीरी) के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।

ब्रिक्स की कोशिश है कि वह अपने सदस्यों के बीच में क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट्स का सिलसिला आरंभ करे, जिसमें डिजिटल पेमेंट सिस्टम्स और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसीज (सीबीडीसी) के बीच लिंक भी शामिल हो। इसलिए सम्मेलन से पहले 12-13 अगस्त 2026 को ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्री व सेंट्रल बैंक के प्रतिनिधि जयपुर में मिले थे, ताकि वित्तीय सहयोग, पेमेंट्स और सदस्यों के बीच राष्ट्रीय मुद्रा में व्यापार हो सके।

अगर यह व्यवस्था हो जाती है तो विश्व व्यापार में डॉलर का महत्व कम हो जाएगा। अमेरिका यही नहीं चाहता है। अभी तक नई दिल्ली का झुकाव वाशिंगटन की तरफ रहा है, इसलिए भारत ने अध्यक्ष होते हुए भी ब्रिक्स की तरफ से अमेरिका व इजरायल द्वारा 28 फरवरी 2026 को ईरान पर थोपे गए युद्ध के खिलाफ निंदा प्रस्ताव जारी नहीं किया था। लेकिन हाल ही में बिश्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित एससीओ सम्मेलन के हाशिये पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से मुलाकात करके अमेरिका को स्पष्ट संदेश दिया कि भारत के पास नई विश्व व्यवस्था में शामिल होने का विकल्प खुला हुआ है। यह संकेत इस लिहाज से अधिक प्रबल प्रतीत हुआ कि 7 वर्ष बाद चीन के राष्ट्रपति शि जिनपिंग 67-सदस्यों के सरकारी दल, जिसमें जिनपिंग के अति विश्वसनीय काई ची (सीपीसी पोलितब्यूरो की तदर्थ समिति के सदस्य) व विदेश मंत्री वांग यी भी शामिल हैं, के साथ भारत आए हैं। चीन का व्यापार दल अलग से आ रहा है। दरअसल, वाशिंगटन को नई विश्व व्यवस्था की ओर नई दिल्ली का झुकना पसंद नहीं है। अमेरिकी रिपोर्ट और उसके जारी करने के समय को इसी पृष्ठभूमि में समझने की आवश्यकता है, विशेषकर इसलिए भी कि अमेरिका ने ईरान पर हमला यह कहते हुए किया था कि वह तेहरान को परमाणु बम नहीं बनाने देगा, जबकि अब यह बेमतलब व बेमकसद का युद्ध तेल व्यापार पर नियंत्रण में बदल गया है, जिससे कच्चे तेल की कीमत एक बार फिर



100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई है। बहरहाल, 'भारत के परमाणु हथियार- 2026' रिपोर्ट 9 सितंबर 2026 को प्रकाशित की गई। इसमें कहा गया है, "भारत अपने परमाणु शस्त्रागार के आधुनिकीकरण को जारी रखे हुए है कि उसने हाल के वर्षों में अनेक नए हथियार सिस्टम्स फील्ड किए हैं और अन्य अनेक विकसित किए जा रहे हैं ताकि मजबूती प्रदान की जा सके या जो परमाणु-सक्षम एयरक्राफ्ट, भूमि-आधारित डिलीवरी सिस्टम्स व समुद्र-आधारित सिस्टम्स मौजूद हैं, उन्हें बदला जा सके। हमारा अनुमान है कि भारत ने 140 से 225 वॉरहेड्स के लिए पर्याप्त मात्रा में सैन्य प्लूटोनियम का उत्पादन कर लिया है और उसने 190 तक वॉरहेड्स असेंबल कर लिए हैं। चूंकि अधिक हथियार सिस्टम्स विकसित किए जा रहे हैं, इसलिए भारत के वॉरहेड भंडार में अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है।" इस परमाणु नोटबुक का शोध व लेखन फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स न्यूक्लिर इनफार्मेशन प्रोजेक्ट के स्टाफ ने किया है, जिसने अपनी रिपोर्ट में लिखा है, "हमारा अनुमान है कि भारत वर्तमान में 9 अलग-अलग परमाणु-सक्षम सिस्टम्स ऑपरेट करता है- दो एयरक्राफ्ट, छह भूमि-आधारित बैलिस्टिक मिसाइलें और एक समुद्र-आधारित बैलिस्टिक मिसाइल। कम से कम दो अतिरिक्त सिस्टम्स विकसित किए जा रहे हैं, जो पूर्ण होने की कगार पर हैं और उन्हें एक या कुछ वर्षों के भीतर सशस्त्र बलों के साथ तैनात किया जाएगा।" गौरतलब है कि भारत अपने परमाणु हथियारों के भंडार की संख्या प्रकाशित नहीं करता है। रिपोर्ट में जो समीक्षा की गई है वह अनुमान के आधार पर है यानी वह खुले स्रोतों के मिश्रण पर आधारित है- राज्य से निकले डाटा जैसे सरकारी वक्तव्य, डीक्लासिफाइड डाक्यूमेंट्स, गैर-सरकारी डाटा जैसे मीडिया रिपोर्ट्स, थिंक टैंक समीक्षा व उद्योग प्रकाशन और कमर्शियल सैटेलाइट इमेजरी। भारत उन चंद देशों में शामिल है जिनके बारे में माना जाता है कि वह दोनों अति संवर्धित यूरेनियम (एचईयू) व हथियार ग्रेड के प्लूटोनियम का उत्पादन कर रहा है। अनुमान यह है कि एचईयू उत्पादन का अधिकतर फोकस ईंधन बनाने के लिए है। ऐसा रिपोर्ट में कहा गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, "भारत जो हथियार ग्रेड का प्लूटोनियम बना रहा है, उसका स्रोत पुराना हो चुका 100-मेगावाट ध्रुव प्लूटोनियम प्रोडक्शन रिएक्टर है, जोकि भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर कॉम्प्लेक्स में है, मुंबई के निकट, जबकि 2010 तक इसी लोकेशन पर स्थित सीआईआरयूएस रिएक्टर में यह काम हो रहा था। एक दशक से भी अधिक देरी के बाद कलपक्कम के निकट इंदिरा गांधी सेंटर फॉर एटॉमिक रिसर्च में भारत के नए 500 मेगावाट प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने अप्रैल 2026 में अपनी पहली क्रिटिकैलिटी हासिल की। नया रिएक्टर यूरेनियम या थोरियम का विकिरण करता है प्लूटोनियम-239 व यूरेनियम-233 का उत्पादन करने के लिए और इसके लिए ईंधन उस भंडार से मिलता है, जिसे भारत के फर्स्ट-जनरेशन पॉवर रिएक्टर्स के रिएक्टर-ग्रेड प्लूटोनियम से अलग किया गया है।" रिपोर्ट का दावा है कि अनेक अतिरिक्त फास्ट ब्रीडर रिएक्टर्स बनाने की योजना है।

इमेज



## श्रीरामचरितमानस

सुनहु सभासद सकल मुनिंदा।
कही सुनी जिन्ह संकर निंदा॥
सो फलु तुरत लहब सब काहूं।
भली भांति पछिताब पिताहूं॥

**भावार्थ:** हे सभासदों और सब मुनीश्वरो! सुनो। जिन लोगों ने यहां शिवजी की निंदा की या सुनी है, उन सबको उसका फल तुरंत ही मिलेगा और मेरे पिता दक्ष भी भलीभांति पछताएंगे॥

### क्या औरतें हो रहीं स्वार्थ में अंधी

# क्यों कर रहीं ज्यादा अपराध?

**नम्रता नदीम**

- अपने प्रेमी के लिए अपनी बेटी या बेटे को मौत के घाट उतारना।
- प्रेमी के लिए अपने पति को छलपूर्वक मारना।
- अपने छोटे बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ भाग जाना।
- घरेलू कलह, पति की प्रताड़ना से तंग आकर पति को मारकर घर में दफन कर देना।
- प्रेमी से शादी के लिए अपने बच्चे को नहर में धक्का दे देना।
- ईर्ष्या के कारण बहन की बच्ची को मार देना।



आजकल इस तरह के अपराध महिलाओं द्वारा किए जा रहे हैं। ये महज कुछ घटनाएं हैं या हमारा समाज ही बदल गया है। क्या महिलाएं अब संवेदनशील नहीं रहीं? क्या औरतों के दिल से मोह-माया और दया खत्म हो गई है? क्या औरतें ज्यादा स्वार्थी होकर सोचने लगी हैं? हाल के सालों में औरतों द्वारा किए जाने वाले अपराधों की तादाद काफी बढ़ गई है। इसने हमारे पूरे समाज को ही झकझोरकर रख दिया है। सोशल मीडिया पर लोग भी अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं और हमारे आपसी रिश्तों में विश्वास, प्रेम और इंसानियत के खत्म होने की शिकायत कर रहे हैं। महिलाओं द्वारा पति के खिलाफ या बच्चों की जान लेने की गंभीर आरोप में जब महिलाओं को अपराधी साबित किया जाता है, तो लोगों के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या महिलाएं सिर्फ अपना स्वार्थ ही सोच रही हैं? क्या उनके दिल से मोह-माया और दया खत्म हो गई है? जो समाज महिलाओं को ममता, दया, करुणा और संवेदनशीलता की मूर्ति मानता था, अब कुछ महिलाओं के अपराधी साबित होने पर थू-थू कर रहा है। क्या अपराध सिर्फ पुरुष ही कर सकते हैं? महिलाएं अपराध करती हैं तो पूरे महिला समाज की ही बदनामी होती है? शायद नहीं। महिलाओं के भीतर से दया, ममता, करुणा और संवेदनशीलता खत्म नहीं हो रही बल्कि समाज में लोगों में बढ़ते स्वार्थ, धैर्य की कमी, थोड़े से सुख के लिए किसी भी हद तक जाने की चाह, आपसी संवाद की कमी, नैतिक शिक्षा का अभाव और नैतिक मूल्यों का क्षरण। इन तमाम वजहों से पुरुष ही नहीं महिलाएं भी आपराधिक प्रवृत्ति का शिकार हो रही हैं। जो लोग महिलाओं के भीतर दया, करुणा की भावना समाप्त होने का दोषारोपण उन पर कर रहे हैं, दरअसल वे ये भूल रहे हैं कि स्वार्थ की प्रवृत्ति अब पुरुषों ही नहीं महिलाओं पर भी हावी है। अपराध करने वाली इन महिलाओं की तुलना में आज भी लाखों ऐसी महिलाएं हैं, जो अपने परिवार के लिए दिन रात मेहनत करती हैं, जिनमें कुछ ऐसी महिलाएं भी होती हैं, जो पति के नशे की लत के कारण अपने अकेले दम पर बच्चों का पालन-पोषण करती हैं।

## तिथि विशेष

# फिरोज़ गांधी

भारतीय राजनीति और पत्रकारिता के इतिहास में फ़ीरोज़ गांधी का नाम एक ऐसे जनप्रतिनिधि के रूप में लिया जाता है, जिन्होंने सत्ता के भीतर रहते हुए भी जनहित के मुद्दों को बेबाकी से उठाया। उनका जन्म 12 सितंबर 1912 को मुंबई में हुआ था। वे स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े और बाद में सक्रिय राजनीति में आए। वे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के दामाद और इंदिरा गांधी के पति थे, लेकिन उनकी अपनी राजनीतिक पहचान और संसदीय भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण रही। फ़ीरोज़ गांधी ने युवावस्था में ही स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेना शुरू कर दिया था। वे महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित थे और ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलनों में सक्रिय रहे। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा। आजादी के बाद उन्होंने पत्रकारिता और संसदीय राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया। फ़ीरोज़ गांधी वर्ष 1952 में उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से पहली बार सांसद चुने गए। इसके बाद 1957 में भी उन्होंने रायबरेली से जीत हासिल की।



## 9 ग्रहों को शांत करने के लिए मोर पंख का उपाय

1. सरसों के तेल में डुबा दो — शनि की कृपा मिलेगी
2. दूध में रख दो — चंद्र मजबूत होगा
3. सोने की अंगूठी में धारण करो — सूर्य तेज देगा
4. लाल कपड़े में बांध दो — मंगल शुभ होगा
5. पढ़ाई या बिजनेस की किताब में रखो — बुद्धि और बल देगा
6. मंदिर में गेंदे के फूल के साथ रखो — गुरु कृपा देगा
7. शीशे के सामने रखो — शुक्र दमकेगा
8. नीले कपड़े में लपेट दो — राहु शांत रहेगा
9. धूप में रख दो — केतु अनुकूल हो जाएगा।

# डिजिटल नशे पर नियंत्रण जरूरी



डिजिटल तकनीक ने हमारे जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। स्मार्टफोन, सोशल मीडिया, ऑनलाइन शिक्षा, मनोरंजन के डिजिटल प्लेटफॉर्म और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने जानकारी तथा अनेक सेवाओं को हमारी उंगलियों तक पहुँचा दिया है। तकनीक निस्संदेह एक शक्तिशाली साधन है, लेकिन इसका अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग धीरे-धीरे एक प्रकार के नशे में बदल सकता है। डिजिटल नशे की यह बढ़ती समस्या गंभीर ध्यान की मांग करती है।

आज बहुत से लोग अपने दिन की शुरूआत और अंत स्क्रीन देखकर करते हैं। बच्चे घंटों वीडियो देखने या ऑनलाइन गेम खेलने में बिताते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई के दौरान बार-बार सोशल मीडिया देखते हैं, जबकि वयस्क काम और मनोरंजन के लिए लगातार मोबाइल से जुड़े रहते हैं। जो चीज सुविधा के रूप में शुरू होती है, वह धीरे-धीरे ऐसी आदत बन सकती है जिस पर नियंत्रण रखना कठिन हो जाता है।

सबसे बड़ी चिंता बच्चों और युवाओं पर इसके प्रभाव को लेकर है। अत्यधिक स्क्रीन का उपयोग शारीरिक गतिविधियों को कम कर सकता है, नींद को प्रभावित कर सकता है और एकाग्रता में बाधा डाल सकता है। जो विद्यार्थी पढ़ाई, सोशल मीडिया, गेम और मनोरंजन के बीच लगातार अपना ध्यान बदलते रहते हैं, उनके



लिए गहरी एकाग्रता और धैर्य विकसित करना कठिन हो सकता है। पुस्तक पढ़ने, बाहर खेलने या आमने-सामने बातचीत करने के बजाय वे डिजिटल स्क्रीन से मिलने वाले त्वरित मनोरंजन को अधिक पसंद करने लगते हैं।

डिजिटल नशा हमारे पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को भी प्रभावित कर सकता है। परिवार के सदस्य एक ही स्थान पर बैठे होते हैं, लेकिन प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने मोबाइल में व्यस्त रहता है। सार्थक बातचीत कम होने लगती है और व्यक्तिगत संपर्क धीरे-धीरे कमजोर पड़ सकता है। लोगों को जोड़ने के लिए बनाया गया उपकरण कभी-कभी उनके बीच भावनात्मक दूरी भी पैदा कर सकता है।

एक अन्य गंभीर समस्या लगातार आने वाले नोटिफिकेशन, छोटी वीडियो और ऑनलाइन सामग्री का अंतहीन चक्र है। डिजिटल प्लेटफॉर्म इस तरह बनाए जाते हैं कि उपयोगकर्ता अधिक समय तक उनसे जुड़े रहें। परिणामस्वरूप लोग समय का ध्यान खो सकते हैं और बिना किसी वास्तविक आवश्यकता के बार-बार अपना मोबाइल देखने लगते हैं।

इस समस्या का समाधान तकनीक को पूरी तरह छोड़ देना नहीं है। आधुनिक शिक्षा, संचार, रोजगार, अनुसंधान और नवाचार के लिए तकनीक अत्यंत आवश्यक है। वास्तविक आवश्यकता यह है कि हम तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग करें, न कि तकनीक हमारे जीवन को नियंत्रित करने लगे।

माता-पिता को घर में स्वस्थ डिजिटल आदतें विकसित करनी चाहिए। बच्चों के लिए कुछ निश्चित समय स्क्रीन-मुक्त होना चाहिए, विशेषकर भोजन के समय और सोने से पहले। विद्यालयों में भी विद्यार्थियों को तकनीक के जिम्मेदार उपयोग तथा ऑनलाइन और वास्तविक जीवन के बीच संतुलन के महत्व के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। वयस्कों को भी अपनी स्क्रीन आदतों पर नियंत्रण रखकर बच्चों के सामने अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

कुछ सरल उपाय बड़ा बदलाव ला सकते हैं—पढ़ाई के समय मोबाइल को दूर रखना, अनावश्यक नोटिफिकेशन बंद करना, नियमित अंतराल पर स्क्रीन से ब्रेक लेना, बाहर समय बिताना, किताबें पढ़ना, अपनी रुचियों और शौक को विकसित करना तथा परिवार के साथ आमने-सामने बातचीत करना। प्रतिदिन कुछ समय का डिजिटल डिटॉक्स भी व्यक्ति को अपने समय और ध्यान पर दोबारा नियंत्रण पाने में मदद कर सकता है।

तकनीक का उद्देश्य जीवन को बेहतर बनाना है, पूरे जीवन को अपने नियंत्रण में लेना नहीं। स्मार्टफोन हमारे हाथ में एक साधन रहना चाहिए, हमारे ध्यान और समय का मालिक नहीं बनना चाहिए।

डिजिटल युग हमारे सामने अपार अवसर लेकर आया है, लेकिन इन अवसरों के साथ जिम्मेदारी और आत्म-अनुशासन भी आवश्यक हैं। हमें कम तकनीक की नहीं, बल्कि तकनीक के अधिक समझदारीपूर्ण उपयोग की आवश्यकता है। आज डिजिटल नशे पर नियंत्रण करके हम कल एक अधिक स्वस्थ, एकाग्र और आपसी रूप से जुड़ा हुआ समाज बना सकते हैं।

**- डॉ. विजय गर्ग**
**रिटायर्ड प्रिंसिपल,**
**एमिनेंट साइंटिस्ट**
**स्ट्रीट कौर चंद, मलोट, पंजाब**

## X का एक्सरे

भारत की शिक्षा व्यवस्था उसी पीढ़ी को निराश कर रही है, जिसे आगे बढ़ाने के लिए इसे बनाया गया था। पेपर लीक। भारी फीस। खराब होती आधारभूत सुविधाएं। लाखों युवा भारतीय ईमानदारी से मेहनत करते हैं और फिर भी व्यवस्था उन्हें निराश करती है।



राहुल गांधी

दुनिया की राजनीतिक-आर्थिक व्यवस्था इस समय बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। अस्थिरता, अनिश्चितता और जटिलता आज दुनिया की पहचान बनती जा रही है। भू-राजनीतिक संघर्षों, महामारी और जलवायु से जुड़ी परेशानियों का असर अब सीधे अर्थव्यवस्था पर दिखाई दे रहा है।



एस. जयशंकर

ग्लोबल साउथ में 100 से ज्यादा देश हैं, लेकिन ब्रिक्स में शामिल 11 प्रमुख देश अलग-अलग विचारों और क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत इस समय ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है और ऐसे में इसकी मेजबानी देश के लिए खास महत्व रखती है।



शशि थरूर

दो महीने के ब्रेक के बाद सीधे मैच में उतरने से मेरी लय ठीक नहीं थी। मैं पूरी तरह लय पर निर्भर रहने वाला गेंदबाज हूं। अगर मेरी लय सही नहीं होती तो मैं क्रीज से पूरी ताकत के साथ गेंदबाजी नहीं कर पाता। श्रीलंका में रनअप भी सहज नहीं था।



मोहम्मद सिराज

## एक नजर

### दो आरोपी छह माह के लिए जिला बदर


जिला मजिस्ट्रेट, नैनीताल ललित मोहन रयाल।

**नैनीताल।** कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल ललित मोहन रयाल के न्यायालय ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत दो आरोपियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की है। नाथूपुर पाडली, लामाचौड़ निवासी राजू सागर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के सात और गुंडा नियंत्रण अधिनियम का एक मामला दर्ज है। वहीं पूरन सागर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के चार तथा भारतीय दंड संहिता की धाराओं 323, 504 और 506 के तहत एक मामला दर्ज है। आपराधिक अभिलेखों को देखते हुए दोनों को छह माह के लिए नैनीताल जिले की सीमा से निष्कासित करने के आदेश दिए गए हैं।

# युवाओं तक किताबें पहुंचाने की व्यवस्था जरूरी: योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि आज के युवा किताबें पढ़ना चाहते हैं और हमें ऐसी व्यवस्था करनी होगी कि किताबें उन तक पहुंचें। मुख्यमंत्री यहां लखनऊ विश्वविद्यालय में नौ दिवसीय पांचवें 'गोमती पुस्तक महोत्सव' की शुरुआत करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह पुस्तक मेला 20 सितंबर तक जारी रहेगा।



एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि बेसिक और माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों की स्थिति पहले ऐसी थी कि उनके भवन और व्यवस्थाएं जर्जर नजर आती थीं। उन्होंने कहा कि जब सरकारें ही जर्जर थीं तो 'सिस्टम' का जर्जर होना स्वाभाविक था। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपनी जरूरत के अनुसार किताबें खरीदने और पढ़ने की आदत बनाने की अपील की। उन्होंने युवाओं से अपना 'बुक बैंक' बनाने की अपील करते हुए कहा कि खाली समय में पुस्तक पढ़ने की आदत जीवन में नई दिशा दे सकती है। योगी ने कहा कि हर बच्चे को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' जरूर पढ़नी और आत्मसात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्ञान को संकुचित दायरे में सीमित करने के दुष्परिणाम समाज और राष्ट्र, दोनों को भुगतने पड़ते हैं। इससे पहले उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद बच्चों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' वितरित की। मुख्यमंत्री ने कहा, "किसी व्यक्ति की तरह ही समाज और राष्ट्र भी तब बीमार होता है, जब उसकी क्षमता समाप्त होने लगती है और वह अपनी विरासत से दूरी बनाने लगता है।" उन्होंने कहा, "पहले भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को संकुचित दायरे में बांधने का प्रयास किया गया, जिसके परिणाम सहने पड़े।" योगी ने कहा, "उत्तर प्रदेश की धरती भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्वपूर्ण केंद्र रही है। लखनऊ से करीब 70 किलोमीटर दूर नैमिषारण्य में ऋषियों ने चिंतन और ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाया। काशी ज्ञान और संवाद की भूमि रही है। इसी प्रदेश के मुजफ्फरनगर स्थित शुक्रतीर्थ में करीब पांच हजार वर्ष पहले श्रीमद्भागवत महापुराण की पहली कथा के वाचन की परंपरा जुड़ी है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने ग्राम सचिवालय की व्यवस्था विकसित की और उसमें केवल प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी के बैठने की व्यवस्था नहीं की, बल्कि ग्रामीणों के लिए कॉन्फ्रेंस रूम और 'डिजिटल लाइब्रेरी' भी बनाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 57,600 ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय की व्यवस्था की गई है और इनमें नेशनल बुक ट्रस्ट की पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। योगी ने कहा, "जब पहला पुस्तक मेला आयोजित हुआ था, तो मैंने कहा था कि गोरखपुर में भी ऐसा ही एक मेला आयोजित किया जाए। गोरखपुर के पुस्तक मेले में लोगों की संख्या लखनऊ से भी ज्यादा थी और लखनऊ की तुलना में वहां ज्यादा किताबें खरीदी गईं।" उन्होंने कहा कि इसके नतीजों ने इस धारणा को पूरी तरह गलत साबित कर दिया कि आज के युवा किताबें नहीं पढ़ते। योगी ने कहा, "असल में हमने किताबें उन तक पहुंचाने की कोशिश ही नहीं की थी।" उन्होंने कहा, "यह कहना गलत होगा कि युवा सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा समय बिताते हैं। वे किताबें पढ़ना चाहते हैं और हमें उन तक किताबें पहुंचाने की व्यवस्था करनी होगी।" समारोह को प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी और बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी, नेशनल बुक ट्रस्ट के चेयरमैन प्रो. मिलिंद सुधाकर मराठे, निदेशक युवराज मलिक समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

### बीएएमएस इंटर्न का भत्ता 25 हजार करने की उम्मीद

**लखनऊ (एजेंसी)।** सरकारी चिकित्सालयों में 7,500 रुपये मासिक भत्ते पर इंटर्नशिप कर रहे बीएएमएस डॉक्टरों के लिए राहत की उम्मीद जगी है। आयुर्वेद सेवा निदेशालय ने इंटर्न का भत्ता बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने के प्रस्ताव पर प्रक्रिया आगे बढ़ाई है। निदेशालय ने राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालयों और चिकित्सालयों से बीएएमएस इंटर्न की संख्या तथा भत्ता बढ़ाने पर आने वाले अतिरिक्त वित्तीय भार का पूरा ब्योरा मांगा है। उप निदेशक डा. राम कृपाल की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि एमबीबीएस और बीडीएस इंटर्न की तर्ज पर बीएएमएस इंटर्न को भी समान भत्ता दिए जाने की मांग उठ रही है। हाल ही में सरकार ने एमबीबीएस और बीडीएस इंटर्न का मासिक भत्ता 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया है। अब बीएएमएस इंटर्न भी समान भत्ते की उम्मीद लगाए हैं। इंटर्न को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद।

## डीआईओ गिरिजा शंकर जोशी का निधन, सीएम ने जताया शोक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नैनीताल।** जिला सूचना अधिकारी, नैनीताल गिरिजा शंकर जोशी के आकस्मिक निधन से सूचना विभाग में शोक की लहर है। 12 सितंबर की दोपहर अचानक हृदयगति रुकने से उनका निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिजा शंकर जोशी का आकस्मिक निधन अत्यंत दुखद है। उनके निधन से विभाग ने एक समर्पित अधिकारी को खो दिया है।


गिरिजा शंकर जोशी।

महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी गिरिजा शंकर जोशी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। सूचना विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों के अनुसार उनके पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार, 13 सितंबर को रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पर किया जाएगा। अंतिम यात्रा सुबह आठ बजे बीके पुरम, बिठोरिया नंबर-1 स्थित उनके निवास से चित्रशिला घाट के लिए रवाना होगी।

## जीआईसी लामाचौड़ में 'डायल 112' जागरूकता कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टी.सी. के कुशल निर्देशन में नैनीताल पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे व्यापक जागरूकता अभियानों के क्रम में पुलिस अधीक्षक संचार रेवाधर मठपाल के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षक पुलिस दूरसंचार राजकुमार बिष्ट के नेतृत्व में राजकीय इंटर कॉलेज (GIC) लामाचौड़ में 'डायल 112' जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।



जीआईसी लामाचौड़ में किया डायल 112 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस संचार शाखा की टीम ASI शांति नैनवाल और LC रश्मि शाहू द्वारा छात्र-छात्राओं को उत्तराखंड पुलिस की आपातकालीन सेवा 'डायल 112' के महत्व, उपयोग और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी आपात स्थिति—जैसे दुर्घटना, चिकित्सीय आपातकाल, महिला या बाल सुरक्षा से जुड़ी समस्या, या किसी भी आपराधिक घटना की सूचना — तुरंत इस नंबर पर देकर सहायता प्राप्त की जा सकती है। सत्र का मुख्य आकर्षण स्मार्टफोन में दिए जाने वाले 'एसओएस' (SOS) फीचर की जानकारी रहा। पुलिस टीम ने छात्रों और शिक्षकों को व्यावहारिक रूप से बताया कि कैसे मोबाइल के पावर बटन को लगातार दबाकर या शॉर्टकट के जरिए एसओएस एक्टिवेट किया जाता है। इससे संकट के समय बिना डायल किए ही पुलिस, परिवार के सदस्यों या रजिस्टर्ड आपातकालीन नंबरों पर तुरंत लोकेशन के साथ अलर्ट और कॉल पहुंच जाती है। बच्चों को यह भी समझाया गया कि आपातकालीन नंबरों और एसओएस फीचर्स का उपयोग केवल वास्तविक संकट के समय ही किया जाना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार के फर्जी या गलत इस्तेमाल से बचा जा सके और जरूरतमंदों तक समय पर सहायता पहुंचाई जा सके। जागरूकता सत्र के दौरान स्कूली छात्रों ने अत्यंत उत्साह दिखाया और पुलिस अधिकारियों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। नैनीताल पुलिस द्वारा इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में कम उम्र से ही सुरक्षा और नागरिक दायित्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन और उपस्थित शिक्षकों ने नैनीताल पुलिस के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता अभियानों को जारी रखने का अनुरोध किया।

## देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने किया जिला कार्यकारिणी का विस्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**अल्मोड़ा।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर की संस्तुति के बाद नई नियुक्तियों की घोषणा की। इसके तहत निकेश उपाध्याय को जिला महामंत्री संगठन, हरीकृष्ण खत्री को जिला संगठन मंत्री, सुमीत गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष और नमन गुरुरानी को जिला संयुक्त महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती और व्यापारियों के हितों के लिए निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाकर उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके अनुभव से संगठन को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई।


निकेश उपाध्याय- जिला महामंत्री संगठन।


हरिकृष्ण खत्री- जिला संगठन मंत्री।


सुमित गुप्ता- जिला उपाध्यक्ष।


नमन गुरुरानी- जिला संयुक्त महामंत्री।

## गिरिजा शंकर जोशी के निधन पर शोक


गिरिजा शंकर जोशी के निधन पर शोक व्यक्त करते खटीमा के पत्रकार।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नैनीताल के जिला सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी के आकस्मिक निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी गिरिजा शंकर जोशी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जोशी के निधन से सूचना विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। इधर, गिरिजा शंकर जोशी के निधन की सूचना मिलते ही खटीमा के पत्रकारों में भी शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकारों ने एकत्र होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। पत्रकारों ने कहा कि गिरिजा शंकर जोशी के निधन से पत्रकारिता एवं सूचना विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। इस दौरान खटीमा प्रेस क्लब अध्यक्ष हरि नारायण अग्रवाल, संरक्षक खड़क सिंह गैड़ा, दीपक फुलेरा, मुस्तकीम मलिक, नीरज कश्यप, गोरख नाथ, सूरज सिंह गुसाई, इश्तियाक अंसारी, सुनील सैनी, डॉ. उत्तम कुमार, अरविंद कुमार, सुंदर बहादुर, वैभव गुप्ता, डॉ. सपन राय सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## कोटुली में बदहाल सुविधाएं

### महामंडलेश्वर ने डीएम को लिखा पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जागेश्वर( अल्मोड़ा)।** विश्व प्रसिद्ध श्री ज्योतिर्लिंग जागेश्वर धाम के समीप स्थित श्री दंडेश्वर महादेव मंदिर के पुजारियों के गांव कोटुली में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव की क्षतिग्रस्त सड़क, बिजली की समस्या और अंधेरे रास्तों को लेकर जागेश्वर धाम के मुख्य पुजारी एवं महामंडलेश्वर कैलाशानंद महाराज (कैलाश चंद्र भट्ट) ने जिलाधिकारी अल्मोड़ा को पत्र भेजकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी मुख्य सड़क बारिश के कारण जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। बड़े-बड़े गड्ढों के कारण 250 से अधिक परिवारों, होमस्टे संचालकों, श्रद्धालुओं और जागनाथ धर्मार्थ आश्रम के निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। गांव में लगे 25 किलोवाट के ट्रांसफार्मर की क्षमता भी आबादी और बढ़ते व्यावसायिक गतिविधियों के लिहाज से कम पड़ रही है। लो-वोल्टेज और ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्या बनी रहती है। महामंडलेश्वर ने 100 किलोवाट का नया ट्रांसफार्मर लगाने तथा कोटुली तक सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से सड़क मरम्मत समेत सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश देने का आग्रह किया।

## विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सरस्वती विद्या मंदिर, खटीमा में विश्व हिंदू परिषद के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने सहभागिता की।



समारोह में शामिल विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी एवं पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री, पश्चिम उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड क्षेत्र के मुकेश विनायक खांडेकर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद के उद्देश्यों, संगठन की भूमिका तथा समाज में धर्म जागरण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों के साथ धर्म जागरण के क्षेत्र में आ रही चुनौतियों एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता, एकजुटता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद खटीमा प्रखंड अध्यक्ष क्षितिज अरोड़ा, प्रखंड मंत्री प्रदीप ठाकुर, जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री सहित पीयूष शर्मा, जितेंद्र, मोहिनी पोखरिया, शुभम पटवा, राहुल सक्सेना, प्रकाश शर्मा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब खटीमा के हरि नारायण बने कार्यवाहक अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** ब्लॉक सभागार में शनिवार को आयोजित पत्रकारों की बैठक में प्रेस क्लब के गठन, पत्रकारों की समस्याओं, पत्रकारों की एकजुटता तथा पत्रकार हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार हरि नारायण अग्रवाल को आगामी छह माह के लिए प्रेस क्लब खटीमा का कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार खड़क सिंह गैड़ा को प्रेस क्लब का संरक्षक बनाया गया। अध्यक्ष पद पर हरिनारायण अग्रवाल के नाम पर सभी पत्रकारों ने सहमति जताई। जिम्मेदारी मिलने पर पत्रकारों ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष हरिनारायण अग्रवाल ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह बखूबी निष्ठा पूर्वक ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। पत्रकारों के हितों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से आपसी एकजुटता बनाए रखने व निष्पक्ष पत्रकारिता को महत्व देकर आम जनता की समस्याएं क्षेत्र के विकास के मुद्दों को आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहां कि खटीमा के लंबित प्रेस क्लब भवन के निर्माण की मांग को लेकर एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करेगा और खटीमा में प्रेस क्लब भवन के निर्माण की मांग उनके समक्ष प्रमुखता से रखी जाएगी। वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस क्लब के संरक्षक खड़क सिंह गैड़ा ने नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष हरिनारायण अग्रवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में प्रेस क्लब मजबूत और सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब भवन के निर्माण की दिशा में भी कार्यवाहक अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।



प्रेस क्लब के अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर स्वागत करते भाजपाई।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार गोरख नाथ ने किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, राज्य मंत्री मोहनी पोखरिया, कैप्टन गंभीर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रंदीप सिंह पोखरिया, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा, भाजपा नगर अध्यक्ष जीवन धामी, भाजपा नगर अध्यक्ष जीवन धामी, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश गोयल, राहुल सक्सेना, शुभम पटवा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष हरि नारायण अग्रवाल एवं संरक्षक खड़क सिंह गैड़ा का फूल-माला पहनाकर स्वागत स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। बैठक में पत्रकारों ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय और एकजुटता बेहद जरूरी है। प्रेस क्लब के माध्यम से पत्रकारों की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने तथा पत्रकार हितों से जुड़े विषयों पर सामूहिक रूप से आवाज उठाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार विजय गुप्ता, राजू मिताड़ी, हरीश मेहरा, धीरेंद्र गौड़, असद जावेद, अनीस अहमद, दीपक फुलेरा, सुरेंद्र गुप्ता, विनीत राणा, इश्तियाक अंसारी, मुस्तकीम मलिक, नवीन जोशी, गगन सिंह, महेश चंद पतरु, नीरज कश्यप, सुंदर बहादुर, सुनील सैनी, सूरज गुसाईं, वैभव गुप्ता, डॉ. उत्तम कुमार, अरविंद कुमार, सपन रॉय सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## पेंशनर्स ने की नेपाल बाढ़ पीड़ितों की मदद

**खटीमा।** नेपाल में आयी प्रलयकारी बाढ़ की विभीषिका से पीड़ितों की सहायता हेतु कार्यरत एवं एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन खटीमा द्वारा 16.500 की राशि भेजी है। यह राशि एमसी पुनेठा एसबीआई पेंशनियर्स एसोसिएशन खटीमा द्वारा पेंशनर्स एसबीआई एसोसियेशन चैरिटेबल फंड दिल्ली को भेजी गई है। समस्त कार्यरत एवं सेवानिवृत कर्मचारियों द्वारा एकत्रित यह राशि किसी उजड़े परिवार को बसाने के काम आ सकती है। एसबीआई पेंशनियर्स एसोसियेशन अध्यक्ष खटीमा एमसी पुनेठा ने नेपाल के प्रलयकारी बाढ़ से पीड़ितों की सहायतार्थ कुछ न कुछ सहयोग की अपील की है। यह राशि पेंशनर्स एसबीआई संगठन चैरिटेबल फंड दिल्ली के माध्यम से नेपाल भेजी जाएगी।

## किशोर सिंह राणा 8वीं बार रामलीला कमेटी अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** बाबा दरियानाथ आदर्श रामलीला कमेटी देवरी के संबंध में हुई आवश्यक बैठक में ग्रामीणों ने आम सहमति से एक स्वर में पूर्व अध्यक्ष किशोर सिंह राणा को आठवीं बार कमेटी अध्यक्ष मनोनीत किया।


किशोर सिंह राणा।

देवरी के ग्राम प्रधान भागीरथ राणा सदस्य देवरी बाबा दरियानाथ आदर्श रामलीला कमेटी की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्रामीणों ने इस बार भी किशोर राणा को अध्यक्ष चुना है। बाबा दरियानाथ आदर्श रामलीला कमेटी का किशोर राणा के आठवीं बार अध्यक्ष बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए किशोर राणा को बधाई दी। इस अवसर पर देवरी व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह, ग्राम प्रधान भागीरथ सिंह राणा, प्रधान गांगी निशान सिंह, आप पार्टी नेता दया किशन कलौनी, जगदीश सिंह कन्याल, रोहित भट्ट, कैप्टन लाल सिंह बोरा, लक्ष्मण सिंह कन्याल, कैप्टन नरेन्द्र सिंह धामी, शन्नू सामंत, चन्दू मुड़ेला, चरण सिंह राणा, शमशेर सिंह बोरा, हरीश चुफाल, संदीप राणा, प्रदीप राणा, हनुमान बिष्ट, ललित ज्याला, सन्नी सामन्त, मोहन चंद आदि सम्मिलित थे।

## एक नजर

### राष्ट्रव्यापी संवाद कार्यक्रम में 36 सखियों ने लिया हिस्सा

**बरखेड़ा।** आज शनिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों, लखपति दीदियों एवं स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों के साथ राष्ट्रव्यापी संवाद कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक सभागार बरखेड़ा में किया गया।कार्यक्रम मे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा लाभार्थियों एवं लखपति दीदियों से संवाद किया गया।ब्लॉक सभागार में क्षेत्र से पहुंचीं लखपति दीदियों एवं समूह सखियों को ब्लॉक मिशन प्रबंधक रमनजीत ने ऑनलाइन लिंक के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सखियां एवं दीदियां निर्धारित लिंक के माध्यम से घर से भी समय-समय पर संवाद कार्यक्रमों से जुड़ सकती हैं।कार्यक्रम में क्षेत्र की 36 समूह सखियों एवं लखपति दीदियों ने प्रतिभाग किया।

# गुरदीप सिंह गोगी के नेतृत्व में भाकियू टिकैत का संगठन विस्तार

## अमरिया में बढ़ा किसान एकता का कुनबा

जागरण मोर्चा कार्यालय



किसान यूनियन टिकैत ने चलाया सदस्यता अभियान। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** अमरिया भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी के नेतृत्व में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। आज अमरिया तहसील क्षेत्र के दुंदरा-दुंदरी गांव में संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों एवं कार्यकर्ताओं ने भाकियू टिकैत की सदस्यता ग्रहण की कार्यक्रम के दौरान संगठन को नई मजबूती देते हुए मोहम्मद फैज़ को तहसील अध्यक्ष अमरिया तथा दिनेश कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष अमरिया की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने स्वागत करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोगी ने कहा कि भाकियू टिकैत का उद्देश्य किसानों की आवाज को मजबूती के साथ उठाना है।

संगठन का विस्तार केवल पद और जिम्मेदारियां देने तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव स्तर पर किसानों को एकजुट कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत किया जाएगा।गोगी के नेतृत्व में चल रहे संगठन विस्तार अभियान से क्षेत्र में भाकियू टिकैत के प्रति किसानों की भागीदारी बढ़ती दिखाई दे रही है। कार्यक्रम में मौजूद किसानों ने संगठन की नीतियों में विश्वास जताते हुए किसान हित में एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह, मुन्ना गौतम, दशरथ, दिलशाद रजा, बीजेपाल मास्टर सहित हसनैन, फौजी भाई एवं संगठन के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# करंट से युवक की मौत, बचाने आया दूसरा युवक भी झुलसा

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक का फाइल फोटो।



झुलसे युवक का इलाज करते चिकित्सक। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरा अकबरगंज में घर की खराब हुई लाइट की को ठीक कर रहा युवक सड़क पर भरे वर्षा के पानी में विद्युत करंट उतर आने से युवक बुरी तरह से झूलस गया उसे बचाने आया दूसरा युवक भी विद्युत करंट की चपेट में आ गया। अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे की हालत चिंताजनक होने पर उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। ग्राम सिमरा अकबरगंज निवासी शिवकुमार पुत्र रिकू 25 वर्ष शनिवार को शाम लगभग 6:30 बजे घर की लाइट खराब हो जाने पर केविल को ठीक कर रहे थे। बिजली के पोल के पास सड़क पर वर्षा का पानी भरा हुआ था। तभी युवक विद्युत करंट की चपेट में आ गया। मदद के लिए शोर मचाने लगा। इसी दौरान गांव का रुपेश पुत्र डोरी लाल 19 वर्षीय अपने साथी रिंकू को बचाने के लिए दौड़ा वह भी विद्युत करंट की चपेट में आकर वहीं गिर पड़ा। ग्रामीणों ने लाठी से केविल को अलग कर वमुश्किल दोनों युवकों को एंबुलेंस की मदद से बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। चिकित्सकों ने रिंकू को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से झुलसे रुपेश को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडे,पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडे, प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने बताया कि शब को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्यवाही शुरू की जा रही है।

# मंडी परिसर की घटना, पीड़ित के समर्थन में उतरी भाकियू भानू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आदर्श मंडी समिति परिसर में कानून-व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए दबंगों द्वारा एक फल-सब्जी विक्रेता की दुकान का ताला तोड़कर नकदी और सामान पर हाथ साफ करने का मामला सामने आया है। पुलिस की कथित सुस्ती और आरोपियों की खुली दबंगई के खिलाफ अब भारतीय किसान यूनियन भानू ने मोर्चा खोल दिया है। ज्ञात रहे सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पकड़िया नौगवां निवासी पीड़ित जीशान पुत्र इरफान शाह ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, वह मंडी समिति में फल-सब्जी का फड़ लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। आरोप है कि 9 सितंबर की दोपहर करीब बारह बजे रियाज अहमद अपने अन्य अज्ञात साथियों के साथ दुकान पर पहुंचा और सरेआम ताला तोड़ दिया। पीड़ित का आरोप है कि दबंग दुकान में रखी करीब पचास हजार रुपये की नकदी और बीस हजार रुपये मूल्य का कीमती सामान समेटकर ले गए। जब उसने चोरी का विरोध किया तो आरोपियों ने सवाल पूछने पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, दबंग अब उसे मंडी में दोबारा दुकान न लगाने और कारोबार बंद करने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से जान माल की सुरक्षा, चोरी गया माल व नकदी बरामद करने तथा नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजने की गुहार लगाई है।

# गुरु का आचरण देश की नींव तैयार करता है: दुष्यंत कुमार

जागरण मोर्चा कार्यालय




गुरु वंदना कार्यक्रम का हुआ आयोजन। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आज भारत विकास परिषद की बांसुरी शाखा के तत्वावधान में तेल मिल स्थित शिवाजी भवन में 'गुरु वंदन छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सुमधुर 'वंदे मातरम्' गायन से हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक दुष्यंत कुमार एवं विशिष्ट अतिथि भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव डॉ. अनिल सक्सेना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन बांसुरी शाखा के सचिव शिरीष सक्सेना ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंच पर अतिथियों एवं पदाधिकारियों का पटका पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस क्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रचारक दुष्यंत कुमार को राहुल गजवानी, प्रांतीय महासचिव डॉ. अनिल सक्सेना को हरपाल यादव, प्रांत के पर्यावरण संयोजक रवि शर्मा को हिमांशु गंगवार, प्रांतीय संपर्क प्रमुख डॉ. विनय गुप्ता को स्वतंत्र देवल, कार्यक्रम संयोजक अमित गुप्ता को रामानुज अवस्थी, जिला प्रभारी डॉ. एस.पी. एस. संधू को जसबीर सिंह, शाखा अध्यक्ष जगदीश सक्सेना को राहुल गजवानी तथा महिला सहभागिता संयोजिकाओं सुरभि सक्सेना एवं निधि निगम द्वारा एक-दूसरे को पटका पहनाकर सम्मानित व अभिनंदित किया गया। समारोह में राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 'राज्य अध्यापक पुरस्कार' से सम्मानित होकर जनपद का मान बढ़ाने वाली शिक्षिका सय्यदा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। महिला संयोजिका सुरभि सक्सेना व निधि निगम ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं सम्मान पत्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इसके उपरांत नगर के पांच प्रमुख विद्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें अंगूरी देवी बालिका इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राएं दिव्यांशी पाल एवं अनामिका वर्मा तथा शिक्षिका वंदना शर्मा, इकरा गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राएं अलीना बी एवं फरिया तथा शिक्षिका शबाना खान, लिटिल एंजेल्स स्कूल के टॉपर विवेक अनंत मिश्रा, छात्र कार्तिक शर्मा तथा उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, चिरौंजीलाल विद्यालय के छात्र यश प्रजापति एवं दक्ष राजपूत तथा शिक्षक संजीव पाराशरी और स्टेप अप इंटर कॉलेज के विद्यार्थी राशि एवं आस्था सिंह तथा शिक्षक जावेद बख्श शामिल रहे। मुख्य अतिथि दुष्यंत कुमार ने कहा कि गुरु का आचरण देश की नींव तैयार करता है और छात्रों के अभिनंदन से अन्य छात्र उच्च शिखर हेतु प्रेरित होते हैं।

## संक्षेप समाचार

### कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम, विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान

**बरखेड़ा।** हरप्रसाद रामप्यारी महाविद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र 26-27 में प्रवेशित छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य एवं कैरियर निर्माण के उद्देश्य से कैरियर काउंसिलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक डॉ. अनूप बेरी ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि, रुचियों, भविष्य की योजनाओं एवं कैरियर लक्ष्यों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को योग्यता और रुचि के अनुरूप कैरियर चुनने की सलाह देते हुए कहा कि उच्च शिक्षा केवल डिग्री हासिल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि ज्ञान, व्यक्तित्व, कौशल, आत्मविश्वास और रोजगार क्षमता के विकास का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के साथ संचार कौशल, कंप्यूटर एवं डिजिटल ज्ञान, सामान्य ज्ञान, समय प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर प्रबंध निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर, जिम्मेदार एवं योग्य नागरिक बनाना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। प्राचार्या डॉ. वंदना शर्मा ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने तथा शिक्षकों से निरंतर मार्गदर्शन लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विषय चयन, उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार एवं विभिन्न कैरियर विकल्पों से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. अनूप बेरी ने समाधान करते हुए उचित मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों को सरकारी एवं गैर-सरकारी सेवाओं, उच्च शिक्षा,व्यावसायिक क्षेत्रों और स्वरोजगार की संभावनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का माहौल संवादात्मक एवं प्रेरणादायक रहा।

### बरखेड़ा में 14 सितंबर को निकलेगी विशाल श्री गणेश चौथ शोभायात्रा

**बरखेड़ा।** कस्बा बरखेड़ा में श्री गणेश चौथ के अवसर पर सोमवार, 14 सितंबर को विशाल श्री गणेश चौथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का आयोजन शाम छह बजे किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और शोभायात्रा को भव्य बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से शोभायात्रा में पहुंचकर धार्मिक आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**पीलीभीत।** दियोरिया कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में एक किसान की मौत हो गई। ढकिया पुल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार किसान को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। ढकिया गांव निवासी 55 वर्षीय हरिशंकर पुत्र चेतराम भौरखेड़ा स्थित अपने साले के घर से बाइक से वापस लौट रहे थे। शुक्रवार रात करीब आठ बजे ढकिया पुल के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि हरिशंकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी गुड्डी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं 14 वर्षीय बेटी रूपांशी के सिर से पिता का साया उठ गया। खेती-बाड़ी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले हरिशंकर की मौत से परिजनों के सामने भावनात्मक पीड़ा के साथ आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मृतक का फाइल फोटो।

### बीसलपुर में गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज

बीसलपुर। थाना क्षेत्र के तहत गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार और जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम चौखंडी निवासी रूपेंद कुमार पुत्र उमा चरन गंगवार ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 19 अगस्त 2026 को दोपहर लगभग 2:20 बजे वे गोपी टॉकीज के पास पानी की टंकी के पास मौजूद थे। इसी दौरान ग्राम शेरगंज निवासी कपिल गंगवार पुत्र जयंती प्रसाद वहां आया और उनके साथ अभद्र व्यवहार व गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने इससे पहले 7 अगस्त 2026 को भी के.के.एस. इंटर कॉलेज में आकर उनके साथ अभद्रता की थी और जान से मारने की धमकी दी थी। लगातार मिल रही धमकियों के कारण पीड़ित और उनका परिवार भयभीत है। पीड़ित की लिखित शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज व प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बरखेड़ा में चीनी मिल के पीछे गांव में मगरमच्छ मिलने से मचा हड़कंप

**बरखेड़ा।** बजाज चीनी मिल के पीछे स्थित बहादुरपुर हुक्मी गांव में बीती रात मगरमच्छ पहुंचने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना मिलते ही सामाजिक वानिकी वन विभाग की टीम को दी गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। मगरमच्छ के आबादी क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। रेस्क्यू के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# भरा पचपेड़ा में प्रशासन ने किया औचक निरीक्षण विस्थापित परिवारों को जल्द आवासीय पट्टे का आश्वासन

जागरण मोर्चा कार्यालय



वार्ता करते उप जिला अधिकारी । -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देशन में अमरिया उपजिलाधिकारी हेमंत चौधरी एवं तहसीलदार विदेह सिंह ने भरा पचपेड़ा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने औद्योगिक हब क्षेत्र स्थित यूपीसीडा कार्यालय पहुंचकर परियोजना प्रबंधक आशीष कुमार सिंह से चल रहे कार्यों की जानकारी ली।

परियोजना प्रबंधक ने विस्थापित होने वाले परिवारों को प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसके बाद अधिकारियों ने मौके पर बसे ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं। विस्थापित होने वाले परिवारों को आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द उनके आवासीय पट्टे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ग्रामीणों से वार्ता के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ लोगों ने अपनी मांगों को लेकर माननीय न्यायालय में रिट याचिका दायर कर रखी है। अधिकारियों द्वारा संबंधित लोगों से वार्ता कर आपसी सहमति और समझौते की दिशा में भी प्रयास किए जाने की बात कही गई। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी तहसीलदार कानूनगो क्षेत्रीय लेखपाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2,13,960 मुकदमों का हुआ निस्तारण, 11 करोड़ से अधिक का समझौता

जागरण मोर्चा कार्यालय



राष्ट्रीय लोक अदालत। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। प्रातः ग्यारह बजे से सायंकाल पाच बजे तक दीवानी न्यायालय प्रांगण ग्राम न्यायालय पूरनपुर तथा बाह्य न्यायालय बीसलपुर में आयोजित इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के कुल 213,960 मुकदमों का निस्तारण किया गया। इसके तहत कुल ग्यारह करोड़ पाँच लाख आठ हजार दो सौ निन्यानवे रुपये की धनराशि के समझौते कराए गए। निस्तारित मामलों में जनपद न्यायालय पीलीभीत में लंबित 3,955 वाद, बैंक ऋण से संबंधित 965 वाद, श्रम वाद के 167 मामले तथा उपभोक्ता फोरम से संबंधित 10 मुकदमों सहित अन्य प्री-लिटिगेशन मामलों का समाधान शामिल रहा। इसके अलावा, पारिवारिक न्यायालय के माध्यम से आपसी मनमुटाव मिटाकर बीस वैवाहिक जोड़ों का पुनर्मिलन कराया गया, जिन्हें हंसी-खुशी विदा किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव अरूण कान्ति यशोदास ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सुलभ, त्वरित और सस्ता न्याय प्रदान करना है।

**योजना** | गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे किनारे बसेगा औद्योगिक कॉरिडोर

# बीसलपुर में 110 एकड़ भूमि को किया गया चिह्नित

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** पीलीभीत जिले के बीसलपुर क्षेत्र में गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे के किनारे बड़ा औद्योगिक हब विकसित किया जाएगा। इसके लिए करीब 110 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। इसका उद्देश्य औद्योगिक निवेश और रोजगार बढ़ाना है।

पीलीभीत जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अब बीसलपुर क्षेत्र में दूसरा बड़ा औद्योगिक हब विकसित करने की तैयारी है। शाहजहांपुर सीमा से सटे क्षेत्र में प्रस्तावित गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। इसके लिए करीब 110 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। शासन से मिले निर्देशों के बाद जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने एसडीएम बीसलपुर से भूमि और परियोजना से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

प्रस्तावित औद्योगिक हब को प्लग एंड प्ले मॉडल पर विकसित किए जाने की योजना है। इसके तहत उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं पहले से उपलब्ध कराने पर जोर रहेगा। प्रस्ताव में करीब 100 विश्वस्तरीय औद्योगिक पार्क विकसित किए जाने की बात सामने आई है। इससे विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगों को यहां निवेश के लिए आकर्षित करने में मदद मिलेगी। अभी तक जिले की अधिकांश बड़ी विकास परियोजनाओं का केंद्र पूरनपुर, अमरिया और सदर क्षेत्र रहे हैं। ऐसे में शाहजहांपुर सीमा से लगे बीसलपुर क्षेत्र को औद्योगिक विकास से जोड़ने की पहल की जा रही है। अधिकारियों को क्षेत्र में उपलब्ध भूमि, कनेक्टिविटी और अन्य आधारभूत सुविधाओं की संभावनाओं का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

**एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी का मिलेगा लाभ :** औद्योगिक हब के लिए प्रस्तावित भूमि की सबसे बड़ी खासियत इसका प्रस्तावित गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे के किनारे होना माना जा रहा है। एक्सप्रेस-वे की कनेक्टिविटी मिलने से कच्चे माल की आवाजाही और तैयार उत्पादों के परिवहन में सहूलियत होगी। इससे क्षेत्र में औद्योगिक निवेश बढ़ने के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होने की उम्मीद है। जिले में भरा पचपेड़ा क्षेत्र में औद्योगिक हब विकसित करने की पहल के बाद अब बीसलपुर क्षेत्र को दूसरे बड़े औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी है। डीएम ने ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशों के बाद भूमि और अन्य आवश्यक संसाधनों का ब्योरा जुटाया जा रहा है। डीएम ने कहा प्रस्तावित गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस वे किनारे यह औद्योगिक कॉरीडोर बनेगा। इसके लिए 110 एकड़ भूमि चिन्हित हुई है।

# युवक की पीटकर हत्या करने के चार दोषियों को उम्रकैद, कोर्ट ने चारों पर अर्थदंड भी लगाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गजरौला थाना क्षेत्र में युवक को लाठी-डंडों से पीटकर मौत के घाट उतारने के करीब दो साल पुराने मामले में सत्र न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार ने मामले में चार आरोपियों को दोषी पाते हुए सश्रम उम्रकैद की सजा सुनाई है। न्यायालय ने प्रत्येक दोषी पर 30-30 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। मुकदमे की न्यायिक प्रक्रिया के दो लोगों की मृत्यु हो जाने से उनके खिलाफ कार्रवाई समाप्त हो गई।

अभियोजन के अनुसार, वारदात 10 जुलाई 2024 की शाम करीब चार बजे हुई थी। गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम भूड़ा सेमनगर उर्फ पंडरी में 27 वर्षीय अनिल उर्फ छोटे के साथ आरोपियों ने मारपीट की थी। आरोप था कि कल्लू धीमर उर्फ भीमसेन, रामकुमार धीमर, सूरजपाल उर्फ सत्यपाल, सुरेंद्र उर्फ सुरेंद्रपाल उर्फ अलगू, मदनलाल और गंगादेई ने मिलकर युवक पर हमला किया। हमलावरों ने लाठी-डंडों से अनिल को पीटा, जिससे वह घायल हो गया।

बताया गया कि हमले के बाद युवक की हालत बिगड़ गई, जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। प्रारंभिक जांच के आधार पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान घटना से जुड़े साक्ष्यों और गवाहों के बयान दर्ज किए।

# किसान ओमप्रकाश के खेत में घुसा हाथियों का झुंड

**फसल जगह-जगह कुचली, लगातार फसल हो रही नष्ट**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है।पिछले एक सप्ताह से हाथियों की सक्रियता बढ़ गई है। जिससे किसान परेशान हैं।शुक्रवार रात सेहरामऊ गांव में जंगली हाथियों का एक झुंड पहुंचा। हाथियों ने किसान ओमप्रकाश पुत्र हजारीलाल के खेत में खड़ी धान की फसल को रौंद दिया। सुबह जब ओमप्रकाश खेत पर पहुंचे, तो फसल की हालत देखकर हैरान रह गए।

खेत में धान की फसल जगह-जगह कुचली हुई थी। फसल बर्बाद होने से किसान को भारी नुकसान हुआ है।क्षेत्र के किसानों का कहना है कि जंगली हाथियों का खेतों में आना कोई नई बात नहीं है। हर साल हाथियों के झुंड जंगल से निकलकर धान और गन्ने की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं।रात के समय हाथियों के आने से किसानों में डर बना रहता है। कई किसान अपनी फसल बचाने के लिये रातभर खेतों के आसपास रहते हैं। लेकिन हाथियों के बड़े झुंड के सामने उनकी कोशिशें नाकाम रहती हैं। इससे पहले भी केसरियापुर, पिपरा और किशनपुर हरिपुर जैसे कई गांवों में हाथियों ने किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है।पिछले करीब एक सप्ताह से इस क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है।

फसल बर्बाद होने से नाराज किसानों ने वन विभाग और प्रशासन से हाथियों को जंगल में खदेड़ने और नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।किसानों ने कहा कि जल्द कार्रवाई न हुई तो आंदोलन करेंगे।

# चौपाल में डीएम ने ग्रामीणों से संवाद कर सुनी समस्याएं

## विधायक और डीएम ने समस्याओं के निस्तारण का दिया आश्वासन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**घुंघचाई/पूरनपुर।** थाना क्षेत्र के मटैना कॉलोनी में शनिवार दोपहर प्रशासन की ओर से चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में भाजपा विधायक बाबूराम पासवान, एसडीएम और राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने सबसे प्रमुख समस्या भूमिधरी अभिलेखों से जुड़ी बताई। ग्रामीणों का कहना था कि कई परिवारों की जमीन अलग-अलग खातों में दर्ज है। जबकि मौके पर भूमि एक ही स्थान पर है। इससे राजस्व संबंधी कार्यों में दिक्कतें आती हैं। ग्रामीणों ने दोनों खातों में दर्ज




चौपाल में समस्याएं सुनते विधायक और डीएम। -जागरण मोर्चा

भूमि को नियमानुसार एक खाते में दर्ज कराने की मांग रखी,इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, बिजली कटौती, जंगल के चारो तरफ तारफैसिंग, आवारा पशुओं सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं भी अधिकारियों के सामने रखीं। डीएम ने ग्रामीणों से संवाद कर शिकायतें सुनकर अधिकारियों से अभिलेखों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा। सरकार की योजनाओ को घर घर तक पहुंचाने की बात मौजूद ग्रामीणों से कही,उन्होंने अधिकारियों से भूमि संबंधी मामलों में ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानी न होने देने की बात कही। चौपाल के बाद ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का जल्द समाधान होगा। इस दौरान चौपाल में उपजिलाधिकारी मंयक गोस्वामी, वीरेंद्र प्रताप सिंह ध्रुव, शिवकुमार गुप्ता, तौलेराम पासबान, संतोष, अमरजीत सहित कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान चौपाल में जमुनिया जगतपुर, मटेहना, कालौनी, डूंडा कालौनी के ग्रामीण चौपाल में पहुंचे और अपनी अपनी समस्याओं को रखा। जिस पर डीएम और विधायक ने समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वाशन दिया।

# बिलसंडा में आखिर कब मिलेगी सूदखोरों के मकड़जाल से निजात

- बगैर लाइसेंस के बड़े पैमाने पर हो रहा धंधा, सरकार को नहीं मिलता टैक्स
- मकड़जाल में फंसकर बर्बाद हो रहे हैं लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** नगर में बगैर लाइसेंस के सूदखोरी का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। अवैध रूप से कारोबार करने वाले लोग तो मालामाल हो रहे हैं, लेकिन ब्याज पर रकम लेने वाले लोग समय पर अदायगी न कर पाने की वजह से बर्बाद हो रहे हैं। अवैध रूप से सूदखोरी का कारोबार कर रहे लोगों पर शिकंजा कसने और पीड़ितों को सूदखोरों से निजात दिलाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन मुक्ति अभियान की शुरुआत तो की, लेकिन यह कार्यवाही कागजों में ही सिमट कर रह गई। हालांकि ऑपरेशन मुक्ति के लिए प्रत्येक जिले में एएसपी को नोडल अधिकारी बनाया गया, परंतु आज तक किसी भी सूदखोर पर शिकंजा नहीं कसा गया। बता दें कि नगर में सूदखोरी का मकड़जाल वृहद स्तर पर फैला हुआ है, जो सामान गिरवी रखकर मनमाना ब्याज तो वसूलते हैं ,लेकिन सरकार को धेले का भी टैक्स नहीं देते हैं। सूदखोरी का कारोबार करने वाले लोग तो अमीर होते जा रहे हैं, लेकिन सामान गिरवी रखकर ब्याज पर रकम लेने वाले लोग समय पर रकम की अदायगी न करने की वजह से गिरवी रखा हुआ माल भी खो देते हैं। कुछ लोग तो सामान गिरवी रख कर मोटा ब्याज वसूल कर मालामाल हो रहे हैं तो कुछ ऐसे लोग भी हैं जो छोटे छोटे दुकानदारों को नकदी देकर ब्याज के नाम पर मोटी कमाई भी कर रहे हैं। सूदखोरी के लाइसेंस के बगैर कारोबारी मोटा ब्याज तो वसूलते हैं, लेकिन टैक्स के नाम पर सरकार को धेला भी नहीं देते हैं।सूदखोरी के काम में लिप्त लोग कानून को अपने हाथ में लेते हुए नगर व क्षेत्र में गरीबों एवं जरूरतमंदों का लगातार शोषण कर रहे हैं। इस व्यवसाय में प्रभावशाली लोग जो बिना किसी लाइसेंस के ब्याज पर पैसा देकर लोगों का शोषण करते हैं। बताते हैं कि नगर में बड़े पैमाने पर सूदखोरी के कारोबार की जानकारी प्रशासन को नगर के ही कुछ लोगों द्वारा दी गई, जिसमें कहा गया कि 5 से 15 परसेंट ब्याज का काम हो रहा है, जिससे गरीब जन बेहाल हैं। सूदखोरी के मामले आए दिन थाने भी पहुंचते हैं। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने की वजह से लोग हाथ पर हाथ रखकर बैठने पर विवश हो जाते हैं।

### कृषि यंत्र गिरवी रखकर भी सूदखोर वसूलते हैं मोटा ब्याज

**बिलसंडा।** सर्राफ व्यवसायियों द्वारा आभूषण गिरवी रखकर सिर्फ 2 प्रतिशत मासिक का ही ब्याज वसूला जाता है, लेकिन नगर में कुछ ऐसे भी सूदखोर हैं, जो जरूरतमंदों के ट्रैक्टर ,ट्राली, हैरो एवं अन्य कृषि यंत्रों को गिरवी रख कर 5 से 10 प्रतिशत ब्याज वसूलते हैं। इसके अलावा कुछ ऐसे भी सफेदपोश सूदखोर हैं जो छोटे छोटे किराना एवं सब्जी के दुकानदारों को 8000 रुपए देकर प्रतिदिन 100 रुपयों की वसूली करते हैं। यह वसूली 100 दिन तक जारी रहती है। बड़े पैमाने पर सूदखोरी का कारोबार करने वाले ऐसे लोगों के पास न तो कोई लाइसेंस है, और न ही सरकार को कोई टैक्स अदा करते हैं।

# दहेज के खातिर विवाहिता को लाठियों से पीटा, घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को बाल पकडकर लात घूंसो से मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गई। मामले की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। तहसील क्षेत्र के गांव सिकरहना निवासी वीरपाल ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री राखी देवी की शादी दो साल पहले बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव लाखन नगरा निवासी लोकेश कुमार के साथ की थी। शादी में मायके पक्ष ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। आरोप है कि दिए गए दहेज से सुसराली संतुष्ट नहीं हुए। शादी के कुछ दिनों बाद विवाहिता से अतिरिक्त दहेज में चार पहिया गाडी की मांग शुरु कर दी। इंकार करने पर विवाहिता को आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित किए जाने लगा। मांग पूरी न करने पर ससुरालियों ने मिलकर विवाहिता को बाल पकडकर घूंसो व लाठी डंडो से मारा पीटा। इस दौरान विवाहिता के सिर पर लाठी से हमला कर घायल कर दिया। आरोप है कि मांग पूरी ना करने पर ससुराली विवाहिता को जान से मारने व पति की दूसरी शादी करने की धमकी दी। इस दौरान कई बार पंचायतें हुईं। लेकिन दहेज लोभी नहीं माने और विना दहेज के विवाहिता को रखने से मना कर दिया और विदा कराने तक नही आए। विवाहिता अपने मायके में रह रही है। मामले की तहरीर पर पुलिस ने पति लोकेश कुमार, कुसुमलता, सोनी, मोनी, नीरज कुमार, अवधेश पाल, गुड्डू, उर्मिला देवी,विनीत और अमन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# शारदा नदी का जलस्तर कम, तेज धारा कर रही कटान, पुल पर तैनात मुंशी ने साझा किया वीडियो, जमीन कटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** धनाराघाट क्षेत्र में शारदा नदी का कटान लगातार जारी है। शनिवार सुबह नदी का जलस्तर कम होने के बावजूद तेज बहाव के चलते जंगल की ओर कटान होता दिखाई दिया। शनिवार सुबह धनाराघाट पुल पर तैनात मुंशी बबलू माझी ने शारदा नदी का वीडियो साझा किया। वीडियो में नदी की तेज धारा जंगल की ओर जमीन को काटती नजर आ रही है। बबलू माझी ने बताया कि फिलहाल नदी का जलस्तर कम है, लेकिन बहाव तेज होने के कारण जंगल की तरफ कटान हो रहा है। लगातार हो रहे कटान से नदी किनारे का भूभाग प्रभावित हो रहा है। इससे नदी किनारे रहने वाले लोगों में चिंता बनी हुई है।



कटान करती शारदा नदी। -जागरण मोर्चा

ग्रामीणों का कहना है कि शारदा नदी का मिजाज लगातार बदल रहा है। जलस्तर बढ़ने पर कटान और तेज होने की आशंका बनी रहती है।ऐसे में नदी किनारे रहने वाले ग्रामीणों को बाढ़ और कटान का डर सता रहा है। लोगों ने प्रशासन से नदी के कटान पर नजर रखने और संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक बचाव कार्य कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है। प्रशासन को सतर्क रहने की जरूरत है।

# गांवों में व्याप्त गंदगी और दूषित पेयजल से फैल रहे संक्रामक रोग

**सफाई व्यवस्था बदहाल ड्यूटी करने गांवों में नहीं पहुंच रहे सफाई कर्मी**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** गांवों में संक्रामक रोगों ने भी पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। बावजूद इसके जिम्मेदारों द्वारा गांवों में न तो साफ सफाई सुदृढ कराने का सही ढंग से दायित्व निभाया जा रहा है, और न ही ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल ही उपलब्ध हो रहा है,बल्कि सरकारी हैंडपंप के चारों ओर व्याप्त गंदगी के बीच ग्रामीणों को दूषित पानी पीने पर विवश होना पड़ रहा है। माहमदपुर गांव की गलियों में कीचड़ भरी होने और गंदगी व्याप्त होने की वजह से ही संक्रामक रोगों ने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। कमोवेश यही दशा अन्य गांवों की भी है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सफाई कर्मी आते ही नहीं है, जिसकी वजह से गंदगी पसरी हुई है। लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष तो जैसे तैसे रोगों पर नियंत्रण कर लिया गया था ,लेकिन इन दिनों गांवों में व्याप्त गंदगी और दूषित पेयजल के सेवन के कारण लोग डायरिया एवं अन्य संक्रामक रोगों की चपेट में आने लगे हैं। बावजूद इसके गांवों में सफाई व्यवस्था सुदृढ कराना तो दूर की बात, जिस जगह पर सरकारी हैंडपंप लगे हैं, वहां पर कीचड़ युक्त पानी भरा होने की वजह से दूषित पेयजल लोगों को पीना पड़ रहा है। अधिकांश गांवों की दलित बस्ती में लगे इंडिया मार्का हैंडपंपों के चारों ओर बेतहाशा कीचड़ भरी हुई है। क्योंकि ज्यादातर गांवों में जल निकासी के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा नाली का निर्माण ही नहीं कराया गया है। जिसकी वजह से कीचड़ में न केवल मच्छर पनप रहे हैं। बल्कि गंदगी की वजह से पेयजल भी दूषित हो रहा है। कमोवेश यही स्थिति क्षेत्र के तमाम गांवों की है, जहां पर भीषण गंदगी होने के बावजूद सफाई व्यवस्था बदहाल है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश गांवों में सफाई कर्मियों की तैनाती है, लेकिन सफाई कर्मी गांव में सफाई करने पहुंचते ही नहीं है। जिसकी वजह से ग्रामीण अंचल की सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है।

**आक्रोश** एसडीओ बिजली, और डीएम को भी सौंपा गया पत्र

# कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने बिजली घर पहुंच कर जताई नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**घुंघचाई/पूरनपुर।** लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान होकर बडी संख्या में गुलडिया भूपसिंह के उपभोक्ता घुंघचाई बिजली उपकेंद्र पर पहुंचे, उपभोक्ताओं ने बिजली कटौती को लेकर हंगामा कर नराजागी जताई और घुंघचाई एसडीओ को पत्र सौंपा। घुंघचाई बिजली उपकेंद्र क्षेत्र में रात्रि में हो रही बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान है। लगातार बिजली कटौती से परेशान होकर शनिवार गुलड़िया भूपसिंह गांव के कई उपभोक्ता घुंघचाई बिजली उपकेंद्र पर पहुंचे और घुंघचाई बिजली एसडीओ से कटौती को लेकर हंगामा कर नाराजगी जताई। इसके बाद पत्र सौंपा। जिसमे कहा



बिजली घर पर मौजूद उपभोक्ता। -जागरण मोर्चा

गया है कि पिछले 15-20 दिनों से रात के समय लगातार कई-कई घंटे तक बिजली कटौती हो रही है। रात्रि में नाममात्र की बिजली मिल पा रही है। भीषण गर्मी के कारण बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाएं काफी परेशान हैं।बिजली न होने से मोबाइल चार्जिंग, पानी की मोटर चलाने और अन्य आवश्यक कार्यों में भारी परेशानी हो रही है। पूरी रात अंधेरे में काटनी पड रही है। छात्रों को रात्रि की पढाई करना भी बाधित हो रहा है। काफी देर तक एसडीओ बिजली से उपभोक्ताओं की बातचीत होती रही। इसके बाद उपभोक्ताओ ने मटेहना कालौनी में चौपाल लगाकर समस्याएं सुन रहे जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह से मिलकर बिजली कटौती की समस्या को रखा। इस पर डीएम और चौपाल में मौजूद भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने समस्या के निस्तारण कराने की बात कही,ज्ञापन की प्रतिलिपि अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग पूरनपुर और जिलाधिकारी पीलीभीत को सूचनार्थ भेजी गई है।ज्ञापन देने वालों में जोगेन्द्र सिंह, सूरवीर सिंह, फौजी मिश्रा, पंकज सिंह, विकास सिंह, रामवीर सिंह, आकाश कश्यप, विपिन सिंह, सुरजीत सिंह, मुनीश सिंह, मनोज कुशवाहा, शिवम, जवार और श्याममोहन ठाकुर आदि ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। एसडीओ बिजली सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि बिजली की समस्या ऊपर से है।

# पिटाई से विवाहिता का गर्भपात, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव सुल्लतानपुर निवासी साधना देवी ने बताया कि उसकी शादी 2019 में लखीमपुर खीरी के थाना भीरा क्षेत्र के गांव चक निवासी पंकज के साथ हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। आरोप है कि दिए गए दहेज से सुसराली संतुष्ट नहीं हुए। शादी के कुछ दिनों बाद विवाहिता से अतिरिक्त दहेज में प्लाट खरीदने के लिए दो लाख रुपये की मांग शुरु कर दी। इंकार करने पर विवाहिता को आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित किए जाने लगा। मांग पूरी न करने पर ससुरालियों ने मिलकर विवाहिता को 21 अप्रेल को मारपीट की,जान से मारने की नीयत से पेट में लाते मांरी।जिससे उसका छह माह का गर्भपात हो गया। सूचना पर मायके वाले आए तो उनके साथ भी मारपीट की,और सामान छीनकर घर से भगा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# किसानों की समस्या को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन किसानों की फसल बर्बाद, सर्वे कर मुआवजे की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के तहसील अध्यक्ष कुलवंत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर नायब तहसीलदार सौरभ दीप को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी से समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि शारदा नदी समेत अन्य नदियों की बाढ़ और कटान से किसानों की कृषि भूमि नदी में समा गई है। तैयार फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है।किसानों की फसलों का तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने और बाढ़ से बचाव के प्रभावी इंतजाम करने की मांग की गई। किसानों ने पूरनपुर



ज्ञापन देते भाकियू (अराजनैतिक)। -जागरण मोर्चा

और कलीनगर क्षेत्र में जंगल से निकलकर ग्रामीण इलाकों में पहुंच रहे तेंदुओं को पकड़कर जंगल में छोड़ने की मांग की। रोगग्रस्त हो रही अर्ली प्रजाति के गन्ने की जांच कराने तथा बिजली की रात में होने वाली कटौती पर रोक लगाने की मांग की। इसके अलावा आवारा गोवंशों को पकड़कर गोशालाओं में भेजने और गन्ना सर्वे में कथित गड़बड़ी की जांच कराने की मांग उठाई। ज्ञापन में मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और गैस वितरण से जुड़ी समस्याओं के समाधान की भी मांग की गई। इस दौरान पवन कुमार वर्मा, सर्वेश कुमार, बालकराम,अनिल कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### गुलड़िया भूप सिंह गांव में नेटवर्क की समस्या से परेशानी, टावर लगवाने की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर।** तहसील के ग्राम पंचायत गुलड़िया भूपसिंह में मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या और मोबाइल टावर लगवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। शनिवार को डीएम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि घुंघचाई क्षेत्र के गांव गुलड़िया भूप सिंह में नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नेटवर्क न होने के कारण बैंक से लेन-देन,आमजन पेंशन, बच्चों की ऑनलाइन कक्षाएं, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सूचनाओं से वंचित रह जाते हैं। मोबाइल टावर ना होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक दूसरे से मोबाइल पर बात नही हो पा रही है। बात करने के लिए लोगों को छतों व अन्य जगहो पर जाना पड़ता है। मोबाइल टावर स्थापित कराए जाने को लेकर कईबार ग्रामीणों ने आवाज उठाई। लेकिन अभी तक मांग पूरी नही हो सकी है। जिससे लोग परेशान है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मोबाइल टावर शीघ्र स्थापित कराने की मांग की है। इस दौरान श्यामनिहाल अवस्थी, सुरजीत, विपिन, विजयवीर सिंह, फौजी मिश्रा, पंकज सिंह, विकास सिंह, जोगेन्द्र सिंह, सूरवीर सिंह, मुनीश सिंह, रामवीर सिंह, गौरव सिंह, सौरभ सिंह, मनोज कुशवाहा और आकाश कश्यप आदि मौजूद रहे।

### सीमा पर एसएसबी और पुलिस की संयुक्त गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, दिए दिशा निर्देश

**पूरनपुर।** हजारा थाना क्षेत्र की सीमा पर शनिवार को एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने व्यापक गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्य ने पुलिस और एसएसबी जवानों के साथ सीमा क्षेत्र में पैदल गश्त की और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण



गश्त करती एसएसबी और पुलिस।

किया। संयुक्त गश्त के दौरान सीमा क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस और एसएसबी जवानों को लगातार सीमा क्षेत्र में गश्त करने तथा आने–जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सुरक्षा में लगे सभी जवान अपने–अपने क्षेत्रों में पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करें और संयुक्त गश्त के दौरान अधिकारियों ने जवानों से क्षेत्र की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी भी ली। सीमा से जुड़े रास्तों, प्रमुख स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को परखा गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सीमा क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी मिलने पर तत्काल जांच की जाए और आवश्यकता पड़ने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए। सीओ ने पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में नियमित रूप से गश्त बढ़ाने और स्थानीय लोगों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

### युवती को बहला फुसलाकर ले गया युवक

**पूरनपुर।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने बताया कि गुरुवार को सुबह गांव निवासी एक युवक उसकी पुत्री को शादी करने की नीयत से बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोप है कि घर में रखा माल जेवर और नकदी भी साथ ले गई। आरोप है कि उसकी पुत्री को फरार करवाने में गांव के अलावा आस पड़ोस के गांवो के लोगों का सहयोग है। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नही चल सका। घटना को लेकर हडकंप मच गया। मामले की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि तहरीर पर जांच शुरु कर दी गई है। जल्द ही वरामद कर लिया जाएगा।

### पारिवारिक विवाद में युवती से मारपीट व अभद्रता, जेठ-जेठानी और भतीजे पर केस दर्ज

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम साबेपुर में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवती के साथ मारपीट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की माँ की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम साबेपुर निवासी मीना देवी पत्नी नन्हेलाल कश्यप ने बीसलपुर थाने में दी गई तहरीर में बताया कि करीब 15 दिन पूर्व उनका अपने जेठ ओमकार से कहासुनी व मारपीट हुई थी, जिसका गांव के संभ्रांत लोगों ने फैसला करा दिया था। आरोप है कि 9 सितंबर 2026 की शाम करीब 7 बजे जेठ ओमकार, उनका लड़का रोहित और जेठानी अनीता घर में घुस आए और पीड़िता की पुत्री प्रांजली के साथ मारपीट करने लगे। आरोपियों ने मारपीट कर प्रांजली का सिर फोड़ दिया। शोर–शराबा सुनकर जब पीड़िता घर पहुंची और अपनी बेटी को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने गाली–गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले में की जांच शुरू कर दी है।

### जान से मारने की धमकी मिलने पर मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने दी जान, पांच पर मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** बरेली जिला के भुता थाना क्षेत्र के ग्राम लाडपुर मुड़िया निवासी और वर्तमान में बीसलपुर के पटेल नगर में रहने वाले ड्राइवर ओमपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी पत्नी ने गांव के प्रधान, उनके भाइयों और ट्रक मालिक सहित पांच लोगों पर जान से मारने की धमकी देने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए बीसलपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी तहरीर में मृतक की पत्नी ने बताया कि उनके पति ओमपाल ड्राइवर का काम करते थे। उनके ही गांव के गजेंद्र ने एक 6–टायरा ट्रक चलाने का ठेका लिया था और ओमपाल को सहयोगी के रूप में साथ रखा था। 9 सितंबर को माल से भरा ट्रक ले जाते समय ग्राम रावल कला के पास रास्ते में धंस गया, जिसे जेसीबी की मदद से निकाला गया और बाद में गाड़ी मालिक के फोन पर भुता पुलिस ने थाने ले जाकर खड़ा करा दिया गया। तहरीर के अनुसार, इसके बाद अज्ञात ट्रक मालिक, ग्राम लाडपुर मुड़िया के प्रधान रघुवीर, उनके भाई गजेंद्र और दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने ओमपाल को फोन पर जान से मारने की धमकियां दीं और दो दिन के भीतर मार देने की बात कहकर प्रताड़ित किया

## भारतीय टीम पर भी चढ़ा 80 के दशक का रंग: बीसीसीआई ने शेयर किया मजेदार वीडियो; खिलाड़ियों के रिएक्शन ने जीता दिल

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम इंडिया का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया है, जिसमें खिलाड़ी 1980 के दशक



के ट्रेंड को अपनाते नजर आ रहे हैं। बीसीसीआई ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, वीडियो में टीम इंडिया के खिलाड़ी 1980 के दशक की तस्वीरों को देखकर यह पहचानने की कोशिश करते हैं कि तस्वीर में दिख रहा व्यक्ति टीम के किस खिलाड़ी से सबसे ज्यादा मिलता-जुलता है।

वीडियो में खिलाड़ियों को एक-एक करके पुरानी तस्वीरें दिखाई जाती हैं। एक तस्वीर पर जब अभिषेक से पूछा जाता है कि उन्हें यह किस खिलाड़ी से मिलती-जुलती लगती है, तो जसप्रीत बुमराह का नाम सामने आता है। इसके बाद बातचीत में संजू सैमसन का भी जिक्र होता है।

एक तस्वीर को देखकर खिलाड़ी हैरानी से पूछते हैं "वह कौन है?" इसके बाद युवराज सिंह का नाम लिया जाता है। इसी दौरान खिलाड़ियों के बीच मजाक का दौर भी चलता है। एक खिलाड़ी तस्वीर को देखकर कहता है कि "मैं इससे बेहतर दिखता हूं।"

इसके बाद 1980 के दशक की एक और तस्वीर दिखाई जाती है। खिलाड़ी तस्वीर में दिख रहे लुक को टीम के किसी खिलाड़ी से मिलाने की कोशिश करते हैं। एक तस्वीर में जैकेट को लेकर भी मजेदार प्रतिक्रिया आती है। खिलाड़ी कहते हैं कि जैकेट वही है, रंग भी वही है।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज शुरू होने से पहले भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में एक तरफ जसप्रीत बुमराह की वापसी ने उत्साह बढ़ाया, तो दूसरी तरफ ईशान किशन की परेशानी ने चिंता बढ़ा दी। शुक्रवार को टीम के नेट सत्र के दौरान विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान की पीठ में खिंचाव आ गया, जिसके बाद उन्हें अभ्यास बीच में ही छोड़ना पड़ा। ईशान तेज गेंदबाजों के नेट में बल्लेबाजी कर रहे थे। फिलहाल उनकी चोट कितनी गंभीर है, इसका आकलन अगले 24 घंटे में पर्याप्त आराम के बाद ही हो सकेगा। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले ईशान की फिटनेस इसलिए भी अहम है क्योंकि वह दलीप ट्रॉफी फाइनल में शानदार प्रदर्शन करके लौटे हैं।

## चयन को लेकर कप्तान भी चिंतित: ओपनिंग जोड़ी पर श्रेयस ने नहीं खोले पत्ते, किस बात को लेकर गंभीर से हुए प्रभावित

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने माना है कि टीम प्रबंधन संतुलित प्लेइंग-11 को लेकर चिंता कर रहा है। वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन में से कौन दो लोग ओपनिंग करने उतरेंगे, सबसे ज्यादा चर्चा इसी बात को लेकर है। भारत का रविवार को पहले टी20 में सामना अफगानिस्तान से होना है। इससे पहले, श्रेयस ने तैयारियों से लेकर संयोजन और खिलाड़ियों की चोट के बारे में बात की।

वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के रूप में तीन सलामी विकल्पों के बीच चयन को लेकर श्रेयस ने कहा कि तीनों का टीम में होना अपने आप में एक सुखद स्थिति है। उन्होंने कहा कि जिसे भी मौका मिलेगा, उसे पूरी टीम का समर्थन हासिल होगा। उन्होंने कहा, जिसे भी मौका मिलेगा, निश्चित रूप से वह टीम के हित में होगा। जो खिलाड़ी बाहर बैठे हैं, उनके साथ कोच के साथ



मिलकर बातचीत करना और उनमें आत्मविश्वास बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उन्हें पता होना चाहिए कि जब उनका दिन आएगा, उन्हें निश्चित रूप से अवसर मिलेगा।

श्रेयस ने मुख्य कोच गौतम गंभीर को शानदार मैन-मैनेजर (मानव प्रबंधक) बताते हुए कहा कि वह हर खिलाड़ी के भीतर भरोसा और आत्मविश्वास पैदा करने के साथ उसकी भूमिका को लेकर स्पष्टता बनाए रखते हैं। श्रेयस ने कहा कि 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ गंभीर के साथ काम करने के दौरान उन्होंने उनकी इस खूबी को करीब से देखा है। श्रेयस ने कहा, वह टीम के अंदर काफी भरोसा और आत्मविश्वास पैदा करते हैं। हर खिलाड़ी को अपनी भूमिका और जिम्मेदारी की स्पष्ट समझ होती है। कोचिंग के लिहाज से ये सभी चीजें बेहद महत्वपूर्ण हैं। हम सभी अपने-अपने तरीके से अलग हैं और आपको किसी खिलाड़ी को समझने की जरूरत होती है। मैंने पहले भी केकेआर में उनके साथ काम किया है, इसलिए मैं निश्चित रूप से समझता हूं कि वह किस तरह सोचते हैं और उनका नजरिया क्या रहने वाला है।

श्रेयस ने माना कि चोटों से टीम का संयोजन प्रभावित होता है, लेकिन उन्होंने विकल्प के तौर पर मौजूद खिलाड़ियों पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि टीम में बाहर बैठे खिलाड़ी भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं और मौका मिलने पर वे योगदान देने में सक्षम हैं। जसप्रीत बुमराह की चोट से वापसी को लेकर अय्यर ने कहा कि उनके लिए मैच अभ्यास और आत्मविश्वास बेहद महत्वपूर्ण है।

## इंग्लैंड ने पाकिस्तान का सूपड़ा साफ किया: तीसरे टेस्ट में आठ विकेट से हराया, रूट और कॉक्स की शानदार साझेदारी

एजेंसी न्यूज

**बर्मिंघम।** कप्तान जो रूट और जॉर्डन कॉक्स की शानदार साझेदारी के दम पर इंग्लैंड ने पाकिस्तान को तीसरे टेस्ट मैच में आठ विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड ने इस तरह पाकिस्तान ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 3-0 से जीती और पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया। शुरूआती दो टेस्ट मैच जीतकर पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुकी इंग्लैंड ने तीसरा टेस्ट चौथे दिन ही जीत लिया। पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 130 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे इंग्लैंड ने दूसरी पारी में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। इंग्लैंड के लिए रूट और कॉक्स ने अर्धशतक जड़े।

पाकिस्तान की दूसरी पारी तीसरे दिन 449 रनों पर समाप्त हुई थी और उसे 129 रनों की बढ़त मिली थी। इंग्लैंड ने आज दूसरी पारी की शुरूआत की, लेकिन कम




लक्ष्य का पीछा करते हुए उसे जल्द ही दो झटके लगे। मोहम्मद अब्बास ने पहले सत्र में शानदार गेंदबाजी की और बेन डेकेट तथा एमिलियो गे को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। इसके बाद कॉक्स और रूट ने मोर्चा संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने सधी हुई बल्लेबाजी की और साझेदारी निभाई। रूट और कॉक्स के आगे पाकिस्तान के गेंदबाज संघर्ष करते नजर आए और अंत तक इन दोनों को आउट नहीं कर सके। रूट और कॉक्स दोनों अर्धशतक लगाने और टीम को आसान जीत दिलाने में सफल रहे। रूट 69 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 62 और कॉक्स 76 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 59 रन बनाकर नाबाद रहे।

पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत के बाद इंग्लैंड को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में फायदा पहुंचा है। इंग्लैंड की टीम 16 मैचों में सात जीत, आठ हार और एक ड्रॉ के साथ 74 अंक और 38.54 पीसीटी के साथ छठे नंबर पर बरकरार है। वहीं, श्रीलंका की टीम 33.33 पीसीटी के साथ सातवें नंबर पर ही है। पाकिस्तान की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है और वह नौ मैचों में दो जीत और सात हार के साथ 16 अंक लेकर सबसे नीचे नौवें स्थान पर है। पाकिस्तान की पीसीटी 14.81 प्रतिशत है।

## टाटा संस: एनबीएफसी लाइसेंस सरेंडर करने की अर्जी आरबीआई ने की खारिज

एजेंसी न्यूज



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस का एनबीएफसी लाइसेंस सरेंडर करने का आवेदन खारिज कर दिया है। जानिए आरबीआई के इस फैसले से शेयर बाजार में टाटा संस की लिस्टिंग पर क्या असर पड़ेगा। पूरी रिपोर्ट पढ़ें। देश के नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक बनाने वाले सबसे बड़े कारोबारी घराने, टाटा समूह की मुख्य होल्डिंग कंपनी 'टाटा संस' को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से एक बड़ा झटका लगा है। केंद्रीय बैंक ने टाटा संस की नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) लाइसेंस सरेंडर करने की अर्जी को औपचारिक रूप से खारिज कर दिया है। शनिवार को सामने आए इस घटनाक्रम के बाद अब शेयर बाजार में टाटा संस की लिस्टिंग अनिवार्य और लगभग तय मानी जा रही है।

मामले से जुड़े आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, रिजर्व बैंक की ओर से कंपनी सचिव और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) को शनिवार को एक पत्र प्राप्त हुआ। इस पत्र में आरबीआई ने स्पष्ट किया कि टाटा समूह सरेंडर के लिए आवश्यक निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करता है। इसी वजह से केंद्रीय बैंक ने मार्च 2024 में डी-रजिस्ट्रेशन यानी एनबीएफसी लाइसेंस रद्द करने के लिए दिए गए आवेदन को खारिज करने का फैसला सुनाया। टाटा संस ने खुद को एनबीएफसी श्रेणी से बाहर करने के उद्देश्य से यह आवेदन दायर किया था।

आरबीआई द्वारा आवेदन खारिज किए जाने के बाद टाटा संस की शेयर बाजार में लिस्टिंग अब अपरिहार्य हो गई है। अपार-लेयर एनबीएफसी दर्जा: टाटा संस अब आरबीआई के नियमों के तहत 'अपार-लेयर एनबीएफसी' के रूप में वगीर्कृत है।

लिस्टिंग की अनिवार्यता: केंद्रीय बैंक के नियमों के मुताबिक, अपर-लेयर श्रेणी में आने वाली एनबीएफसी कंपनियों को अपने कारोबार और शेयर को सार्वजनिक शेयर बाजार में सूचीबद्ध यानी लिस्ट कराना अनिवार्य होता है। इस फैसले से बाजार के उन कयासों पर विराम लग गया है, जिनमें माना जा रहा था कि टाटा संस एनबीएफसी दर्जा सरेंडर करके सार्वजनिक लिस्टिंग से बच सकती है। खबर लिखे जाने तक इस पूरे घटनाक्रम पर दोनों पक्षों का आधिकारिक रुख पूरी तरह साफ नहीं हो सका है: आरबीआई का रुख: मीडिया द्वारा टिप्पणी मांगे जाने पर भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से तत्काल प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है। टाटा संस का रुख: इस फैसले पर टाटा संस की तरफ से भी तुरंत कोई आधिकारिक बयान या प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

आगे क्या होगा?




## एचडीएफसी बैंक में नेतृत्व परिवर्तन: जिमी टाटा बनेंगे एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, एमडी-सीईओ के लिए भेजे गए दो नाम

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक के शीर्ष नेतृत्व में बड़े बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बैंक के बोर्ड ने प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद के लिए वरीयता क्रम के आधार पर दो उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी देकर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास स्वीकृति के लिए भेज दिया है। शनिवार, 12 सितंबर 2026 को एक्सचेंज फाइलिंग में बैंक ने बताया कि तीन साल के कार्यकाल के लिए प्रस्तावित इन उम्मीदवारों के पारिश्रमिक का प्रस्ताव भी आरबीआई को सौंपा गया है। इस बड़े पुनर्गठन के बीच बैंक ने अपने मुख्य क्रेडिट अधिकारी जिमी टाटा को एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त करने की महत्वपूर्ण घोषणा की है।

बैंक के बोर्ड ने गवर्नेंस, नॉमिनेशन एंड रेमुनरेशन कमेटी की सिफारिशों के आधार पर शनिवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया। यह प्रक्रिया बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट और आरबीआई के 'कमर्शियल बैंक्स - गवर्नेंस डायरेक्शंस, 2025' के तहत पूरी की गई है। हालांकि, बैंक




ने अपनी रेगुलेटरी फाइलिंग में आरबीआई को भेजे गए दोनों उम्मीदवारों के नामों का खुलासा नहीं किया है। रिजर्व बैंक से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद ही नए एमडी और सीईओ के नाम की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

बोर्ड ने बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में 35 से अधिक वर्षों का अनुभव रखने वाले जिमी टाटा को होल-टाइम डायरेक्टर के रूप में नियुक्त करते हुए एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर का पदनाम दिया है। जिमी टाटा 1994 से एचडीएफसी बैंक से जुड़े हुए हैं और वर्तमान में बैंक के चीफ क्रेडिट ऑफिसर के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले वह बैंक के चीफ रिस्क ऑफिसर की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। उनकी यह नियुक्ति आरबीआई की मंजूरी की तारीख से तीन साल की अवधि के लिए प्रभावी होगी। नेतृत्व पुनर्गठन के तहत बोर्ड ने 66 वर्षीय वी श्रीनिवासन रंगन को 23 नवंबर 2026 से 22 नवंबर 2027 तक एक साल के लिए पुनः होल-टाइम डायरेक्टर और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त करने को मंजूरी दी है।







## इन्फ्रास्ट्रक्चर: वित्त मंत्री ने एआईआईबी अध्यक्ष से की मुलाकात, साझेदारी को गहरा करने पर हुई चर्चा

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) के अध्यक्ष जौ जियायु से मुलाकात की। इस बैठक में भारत और एआईआईबी के बीच साझेदारी को और मजबूत करने के अवसरों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। यह महत्वपूर्ण चर्चा नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर हुई। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि दोनों नेताओं ने कई अहम मुद्दों पर बात की। इसमें भारत की बुनियादी ढांचा और परिवहन संपर्क प्राथमिकताओं को समर्थन देना शामिल था। स्थानीय-मुद्रा वित्तपोषण को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा हुई। एआईआईबी की वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करने के अवसरों पर भी विचार किया गया। यह शिखर सम्मेलन रविवार को समाप्त होगा।

बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत और एआईआईबी के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाना था। दोनों पक्षों ने भारत के विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहयोग बढ़ाने की



संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में एआईआईबी का निवेश भारत के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। परिवहन संपर्क परियोजनाओं से देश के विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। स्थानीय-मुद्रा में वित्तपोषण से भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिरता मिल सकती है।

एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक एक बहुपक्षीय विकास बैंक है। इसकी स्थापना वर्ष 2016 में की गई थी। यह बैंक मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण पर केंद्रित है। भारत एआईआईबी के सबसे बड़े सदस्यों में से एक है। इस बैंक के साथ भारत की साझेदारी देश में बड़े पैमाने पर विकास परियोजनाओं को गति देती है। निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी से परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा सकेगा।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।